✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने दानापुर से किया चुनावी सभा का आगाज

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 141 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# जदयू ने जारी की 44 प्रत्याशियों की अंतिम सूची

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में 44 प्रत्याशियों को जगह मिली है। सीएम हाउस के सामने प्रदर्शन करने वाले गोपालपुर के वर्तमान विधायक और जदयू नेता गोपाल मंडल का टिकट काट दिया है। इस बार जदयू ने उनकी जगह बुलो मंडल को उम्मीदवार बनाया है। इस लिस्ट में पिछड़े वर्ग से 37, अतिपिछड़ा 22, सामान्य से 22, अनुसूचित जाति से 15, अल्पसंख्यक से चार, अनुसूचित जनजाति से एक प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं कुल 101 प्रत्याशियों में 13 महिला भी हैं। जदयू ने सबसे अधिक कुशवाहा समाज के 13 प्रत्याशी, कुर्मी समाज के 12 प्रत्याशी, राजपूत समाज के 10 प्रत्याशी, भूमिहार समाज के 9 प्रत्याशी, यादव और धानुक समाज के आठ प्रत्याशियों को टिकट दिया है। जदयू की दूसरी सूची में मंत्री विजेंद्र यादव, लेशी सिंह, शीला मंडल, कलाधर मंडल, सुमित सिंह समेत कई दिग्गदों के नाम शामिल हैं। वहीं जो सीट लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के खाते में जाने की बात सामने आई थी, वहां



भी जदयू ने अपना प्रत्याशी उतार दिया है। इसमें सबसे प्रमुख कदवा सीट है। यहां से पूर्व सांसद दुलाल चंद गोस्वामी को टिकट दिया गया है। वहीं राजद छोड़कर जदयू में शामिल हुईं पूर्व मंत्री राजवल्लभ यादव की पत्नी व वर्तमान विधायक विभा देवी को नवादा से टिकट दिया है। वह नवादा से चुनाव लड़ेंगी। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी और मंत्री सुमित सिंह को जदयू ने चकाई से टिकट दिया है। पार्टी द्वारा जारी सूची के अनुसार वाल्मीकिनगर से धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकु सिंह, सिकटा से समृद्ध वर्मा, नरकटिया से विशाल साह, केसरिया से शालिनी मिश्रा, शिवहर से श्वेता गुप्ता, सुरसंड से नागेन्द्र राऊत, रुन्नीसैदपुर से पंकज मिश्रा, हरलाखी से सुधांशु शेखर, बाबूबरही से मीना कामत, फुलपरास से शीला मंडल, लौकहा से सतीश साह, निर्मली से अनिरूद्ध प्रसाद यादव, पिपरा से राम विलास कामत, सुपौल से विजेन्द्र प्रसाद यादव, त्रिवेणीगंज (अ.जा.) से सोनम रानी सरदार, रानीगंज (अ.जा.) से अचमित ऋषिदेव, अररिया से शगुफ्ता अजीम, जोकीहाट से मंजर आलम, ठाकुरगंज से गोपाल अग्रवाल, अमौर से सबा जफर, रूपौली से कलाधर मंडल एवं धमदाहा से लेशी सिंह को उम्मीदवार बनाया है। वहीं कदवा से दुलालचंद्र गोस्वामी, मनिहारी (अ.ज.जा.) से शंभु सुमन, बरारी से विजय सिंह निषाद, गोपालपुर से बुलो मंडल, सुल्तानगंज से ललीत नारायण मंडल, कहलगांव से शुभानंद मुकेश, अमरपुर से जयंत राज, धोरैया (अ.जा.) से मनीष कुमार, बेलहर से मनोज यादव, चैनपुर से जमा खान, करगहर से बशिष्ठ सिंह, काराकाट से महाबली सिंह, नोखा से नागेन्द्र चन्द्रवंशी, कुर्था से पप्पु कुमार वर्मा, जहानाबाद से चंद्रेश्वर चन्द्रवंशी, घोसी से ऋतुराज कुमार, नबीनगर से चेतन आनंद, रफीगंज से प्रमोद कुमार सिंह, बेलागंज से मनोरमा देवी, नवादा से विभा देवी, झाझा से दामोदर रावत एवं चकाई से सुमित कुमार सिंह को पार्टी ने सिम्बल दिया है।

# नामांकन के बाद जारी होगी बिहार की मतदाता सूची

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर चल रही मतदाता सूची विवाद पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। विशेष सघन पुनरीक्षण मामले में चुनाव आयोग ने अदालत को बताया कि दोनों चरणों के नामांकन पूरा होने के बाद ही बिहार की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। अदालत ने आयोग के इस रुख को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 4 नवंबर तय की है। सुनवाई के दौरान एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि आयोग को उस मतदाता सूची को वेबसाइट पर डालना चाहिए। इसके आधार पर मतदान कराया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग ने एसआइआर की अंतिम सूची के बाद भी संशोधन की अनुमति दी है जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। इस पर चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि आयोग पहले से ही तय प्रक्रिया के तहत काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि पहले चरण का नामांकन 17 अक्टूबर और दूसरे चरण का नामांकन 20 अक्टूबर को पूरा हो जाएगा। इसके तुरंत बाद अंतिम वोटर लिस्ट प्रकाशित कर दी जाएगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक और जिम्मेदार संस्था है जो अपने कर्तव्यों को भली भांति समझती है। अदालत ने आयोग को निर्देश दिया कि मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद याचिकाकर्ता उसकी समीक्षा कर सकते हैं और यदि कोई गड़बड़ी दिखे तो उसे अदालत में उठाया जा सकता है। राकेश द्विवेदी ने याचिकाकर्ताओं पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि पूरा अवसर मिलने के बावजूद कोई भी व्यक्ति जिसका नाम सूची से हटाया गया, अपील के लिए आगे नहीं आया। प्रशांत भूषण और योगेंद्र यादव को लोगों की मदद करनी चाहिए थी लेकिन वे अदालत में सिर्फ आंकड़े दिखाकर भ्रम फैलाने में जुटे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह ने भाजपा नेताओं से लिया फीडबैक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** विधानसभा चुनाव के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंच गए हैं। शाह गुरुवार शाम पटना पहुंचे और भाजपा के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय भाजपा नेताओं से विधानसभा चुनाव की तैयारियों का फीडबैक लिया। शाह ने चुनाव के लिए आगे की रणनीति पर भी बातें कीं। वे शुक्रवार को बिहार में अपने चुनाव प्रचार के अभियान की शुरुआत करेंगे। अमित शाह के शुक्रवार सुबह 11 बजे बाद छपरा पहुंचने का कार्यक्रम है। जिले के तरैया में उनकी जनसभा है।

### कार से कुचलकर महिला की मौत

**अरवल(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह की सुबह एक अनियंत्रित बोलेरो ने सड़क पर टहल रही महिला को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना उसरी तेलपा पथ पर गेहुआ बिगहा गांव के पास कसौटी मोड़ पर हुई। मृतका की पहचान गेहुआ बिगहा गांव निवासी 44 वर्षीय पार्वती देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह प्रतिदिन की तरह सुबह करीब 4 बजे टहलने निकली थीं तभी यह हादसा हुआ।

### कुदरा चेकपोस्ट पर साढ़े चार लाख कैश जब्त

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कैमूर में बढ़ाई गई निगरानी के बीच कुदरा थाना क्षेत्र के पछाहगंज चेकपोस्ट पर पुलिस ने बुधवार को एक वाहन से 4 लाख 30 हजार रुपए नगद जब्त किए हैं। यह नगदी एनएच-2 स्थित चेकपोस्ट पर गाड़ी जांच अभियान के दौरान झारखंड नंबर की एक कार से बरामद की गई। चुनावी आचार संहिता लागू होने के बाद से पुलिस और प्रशासन द्वारा जिले की सीमाओं पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

### पटना एयरपोर्ट पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना एयरपोर्ट परिसर में बुधवार की रात कांग्रेस समर्थकों के हंगामे और उनके बीच हुई मारपीट के बाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। पटना एयरपोर्ट प्रशासन की मांग पर वहां अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही कॉरिडोर में वाहनों के रुकने पर पाबंदी लगा दी गई है। अब वाहन पार्किंग में ही रुकेंगे। गुरुवार को डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा के साथ पटना हवाई अड्डे का दौरा किया और वहां की सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन का जायजा लिया। डीएम ने एयरपोर्ट टर्मिनल के पास बुधवार को मारपीट की घटना को काफी गंभीर बताया और कहा कि एयरपोर्ट पर ऐसा नहीं होना चाहिए।

# औरंगाबाद की सीमेंट फैक्ट्री में दस करोड़ का गबन, एकाउंटेंट गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद शहर के महत्वपूर्ण औद्योगिक संस्थान श्री सीमेंट लिमिटेड में 10 करोड रुपए के गबन का मामला सामने आया है। इस मामले में कंपनी के एचआर हेड राकेश सिंह ने मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें 7 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इनमें एकाउंटेंट शशांक द्विवेदी, ट्रांसपोर्टर रुद्रा इंटरप्राइजेज, सुनील कुमार, भक्ति स्वरूप, विनोद कुमार, निखिल कुमार श्रीवास्तव एवं राकेश कुमार अरोड़ा शामिल हैं। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश निवासी एकाउंटेंट शशांक द्विवेदी को गिरफ्तार कर लिया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार एकाउंटेंट शशांक द्विवेदी ने श्री सीमेंट लिमिटेड के एकाउंट से ट्रांसपोर्टर रुद्रा इंटरप्राइजेज खाते में 10 करोड रुपए ट्रांसफर कर दिए और इसकी जानकारी कंपनी के अधिकारियों को नहीं दी। जब इसकी जांच की गई तो मामले का खुलासा हुआ। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि श्री सीमेंट कंपनी के द्वारा थाने में गबन के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए कंपनी के एक कर्मी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# सूबे में कानून का राज : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि सूबे में कानून का राज है। बीस वर्षों से हमलोग विकास में लगे हैं। हमलोगों के पहले जो सरकार थी उस समय क्या स्थिति थी। शाम के बाद लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था भी चौपट थी। बहुत कम बच्चे पढ़ते थे। बहुत कम लोग सरकारी अस्पताल में जाकर इलाज कराते थे। पहले कितना हिन्दू-मुस्लिम झगड़ा होता था। जब हमारी सरकार बनी तो हमने सभी कब्रिस्तान की घेराबंदी कर दी। अब कोई झंझट नहीं होता था। मुख्यमंत्री गुरुवार को समस्तीपुर के सरायरंजन से पहली चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। वे यहां जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी के



नामांकन के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने मंदिरों की भी घेराबंदी कर दी। पहले स्वास्थ्य और शिक्षा पर बल दिया। अभी हाल में बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से 2 लाख 58 हजार शिक्षकों की बहाली की। स्वास्थ्य सेवाओं में भी सुधार किया गया। अब स्वास्थ्य केंद्रों में 1100 से ज्यादा मरीज आते हैं। हर घर बिजली, हर घर शौचालय, नल जल का काम पूरा हो चुका है। दस लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार दिया जाएगा। सरकारी नौकरी एवं पंचायती राज संस्थानों में आरक्षण दिए जाने का भी सीएम ने जिक्र किया। अल्पसंख्यकों के लिए काफी काम किया। मदरसे शिक्षकों को सरकारी शिक्षक का वेतन दिया जा रहा है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री भी बिहार के लिए काफी कुछ कर रहे हैं। केंद्र सरकार भी विकास की योजनाएं चला रही है। सभा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. दिलीप जायसवाल ने भी संबोधित किया।

# गांजा के साथ दो गिरफ्तार, एक लाख से अधिक कैश जब्त

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के दुर्गाडीह गांव के एक घर में छापेमारी कर पुलिस ने दो किलो गांजा और गांजा बिक्री के एक लाख 11 हजार 105 रुपये बरामद किया है। पुलिस ने दो धंधेबाजों को गिरफ्तार भी किया है। बिक्रमगंज थाना में आयोजित एक प्रेस वार्ता में सहायक पुलिस अधीक्षक संकेत कुमार ने बताया कि बुधवार की शाम गुप्त सूचना के आधार पर दुर्गाडीह में उमानाथ मिश्रा के यहां छापेमारी हुई और वहां से 02 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा एवं एक लाख 11 हजार 105 रूपये नगद बरामद हुआ। पूछताछ के क्रम में उमानाथ मिश्रा एवं उनके पुत्र कौशल मिश्रा उर्फ गोलू मिश्रा ने अपने घर से गांजा की बिक्री करने की बात बताई।

# कांग्रेस ने 22 उम्मीदवारों को दिया सिंबल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण के नामांकन की कल आखिरी तारीख है लेकिन अभी तक महागठबंधन ने अपने उम्मीदवारों का औपचारिक ऐलान नहीं किया है। हालांकि प्रत्याशियों को सिंबल दिया जा रहा है। कांग्रेस ने भी अबतक 22 कैंडिडेट को टिकट देकर मैदान में भेज दिया है। वहीं बाकी बचे उम्मीदवारों का नाम भी करीब-करीब फाइनल हो चुका है। माना जा रहा कि देर शाम तक पूरी सूची जारी कर दी जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सबसे पहले बिहार इकाई के अध्यक्ष राजेश कुमार राम का नाम फाइनल किया है। उनको एक बार फिर औरंगाबाद जिले की कुटुंबा सुरक्षित सीट से उतारा गया है। उन्होंने 2020 में भी इस सीट से जीत हासिल की थी। वैशाली जिले की राजापाकर सुरक्षित सीट से मौजूदा विधायक प्रतिमा दास को सिंबल मिल चुका है। बिक्रम सीट से अनिल कुमार को भी टिकट मिला है। वैशाली विधानसभा सीट से संजीव



सिंह, रीगा से अमित कुमार टुन्ना, फुलपरास से सुबोध मंडल और सुल्तानगंज से ललन कुमार को कांग्रेस का सिंबल सौंप दिया गया है। वहीं बेगूसराय से अमित भूषण, बछवारा से शिव प्रकाश गरीब दास, औरंगाबाद से आनंद शिंकर, बरबीघा से त्रिशूलधारी सिंह, लखीसराय में अमरेश कुमार, नालंदा से कौशलेंद्र कुमार, बगहा से जयेश मंगल सिंह, वजीरगंज से शशि शेखर सिंह और सहरसा जिले की सोनबरसा सुरक्षित सीट से तारिणी ऋषिदेव को टिकट मिल चुका है। इसके अलावे बिहार कांग्रेस की तरफ से जिन लोगों को सिंबल बांटा जा चुकी है उसमें राजपुर से विश्वनाथ राम, अमरपुर से जितेंद्र सिंह, रोसड़ा से ब्रजकिशोर रवि, गोपालगंज से ओमप्रकाश गर्ग, मुजफ्फरपुर से विजेंद्र चौधरी और गोविंदगंज से शशि भूषण राय शामिल हैं।

# लोजपा (आर) के सभी 29 उम्मीदवारों की सूची जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने सभी 29 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी के ऑफिसियल एक्स अकाउंट पर यह लिस्ट जारी की गई है। दूसरे पोस्ट में यह भी बताया गया है कि किस जाति के कितने उम्मीदवार उतारे गए हैं। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद जारी इस सूची में कुल 29 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। यह सूची राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल खालिक द्वारा जारी की गई, जिसमें विभिन्न जिलों से उम्मीदवारों को चयनित किया गया है। लोजपा (रा) ने पूर्वी चंपारण के गोविंदगंज से राजू तिवारी, सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर से संजय कुमार सिंह, सिवान के दरौली से विष्णु देव पासवान, सारण के गरखा से सीमान मुगल, बेगूसराय के साहेबपुर कमाल से सुरेश कुमार, बक्सर के बखरी से संजय कुमार, खगड़िया के परबत्ता से बाबूलाल शौर्य, भागलपुर के नाथनगर से मिथुन कुमार, पटना के पालीगंज से पप्पू कुमार और बक्सर के ब्रह्मपुर से हुलाश पांडे को प्रत्याशी बनाया है। रोहतास के डेहरी से राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, कटिहार के बलरामपुर से संगीता देवी, जहानाबाद के मखदुमपुर से रानी कुमारी, औरंगाबाद के ओबरा से प्रकाश चन्द्र, पूर्वी चंपारण के सुगौली से राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता, सीतामढ़ी के बेलसंड से अमित कुमार, सारण (छपरा) के मढ़ौरा से सीमा सिंह, गया के शेरघाटी से उदय कुमार सिंह, गया के बोधगया (अनु जाति) से श्यामदेव पासवान, नवादा के रजौली (अनु जाति) से विमल राजवंशी उम्मीदवार बनाये गए हैं। नवादा के गोविंदपुर से बिनीता मेहता, मुजफ्फरपुर के बोचहा (अनु जाति) से बेबि कुमारी, पटना के बख्तियारपुर से अरुण कुमार, पटना के फतुहा से रूपा कुमारी, किशनगंज के बहादुरगंज से मो. कलिमुद्दीन, वैशाली के महुआ से संजय कुमार सिंह, रोहतास के चेनारी (अनु जाति) से मुरारी प्रसाद गौतम, पटना के मनेर से जितेंद्र यादव, और पूर्णिया के कसबा से नितेश कुमार सिंह को उम्मीदवार घोषित किया गया है।

## रालोमो के सभी छह उम्मीदवार घोषित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) ने अपने कैंडिडेट की लिस्ट जारी कर दी है। एनडीए में कुशवाहा को मिली सभी 6 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। कुशवाहा की पत्नी स्नेहलता को सासाराम विधानसभा सीट से मैदान में उतारा गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी पारू से चुनाव लड़ेंगे। बाजपट्टी से पूर्व विधान पार्षद रामेश्वर महतो को टिकट दिया गया है। वहीं मधुबनी से माधव आनंद, उजियारपुर से प्रशांत कुमार पंकज एवं दिनारा से आलोक कुमार सिंह को टिकट मिला है।

# भाजपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ी हुई है। सभी पार्टियां मतदाताओं को अपने पक्ष में करने को लेकर काम कर रही है। बड़े-बड़े दिग्गज मैदान में उतर रहे हैं। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में सबसे ऊपर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम है। इसके अलावा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का नाम शामिल है। इसके साथ ही फायर ब्रांड नेता व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को स्टार प्रचारक बनाया गया है। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, केन्द्रीय मंत्री सीआर पाटिल, बिहार बीजेपी के अध्यक्ष दिलीप कुमार जायसवाल, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा भी स्टार प्रचारक के रूप में उम्मीदवारों के लिए वोट मांगते नजर आएंगे। रेणु देवी, प्रेम कुमार, नित्यानन्द राय, राधा मोहन सिंह, साध्वी निरंजन ज्योति, सतीश चन्द्र दुबे, राज भूषण चौधरी, अश्विनी कुमार चौबे, रविशंकर प्रसाद, नन्द किशोर यादव, राजीव प्रताप रूडी, संजय जायसवाल, विनोद तावड़े, बाबूलाल मरांडी, प्रदीप कुमार सिंह, गोपालजी ठाकुर, जनक राम, पवन सिंह, मनोज तिवारी, रवि किशन और दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' भी एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करेंगे। दरअसल, बिहार में 243 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में मतदान होंगे। 14 नवंबर को रिजल्ट की घोषणा होगी। जहां एक ओर महागठबंधन में सीट बंटवारे पर पेंच फंसा हुआ है। वहीं एनडीए ने अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। मतलब राजनीतिक पारा अपने चरम पर है।

## भाजपा ने 18 उम्मीदवारों के नामों का किया ऐलान

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए देर रात भाजपा ने तीसरी सूची जारी की। पार्टी ने इस लिस्ट में 18 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया है। भाजपा ने राघोपुर विधानसभा सीट से सतीश यादव को मैदान में उतारा है। इस सीट से राजद उम्मीदवार तेजस्वी यादव चुनाव लड़ रहे है। भाजपा की 18 उम्मीदवारों की सूची में रामनगर से नंद किशोर राम, नरकटियागंज से संजय पांडेय, बगहा से राम सिंह, लौरिया से विनय बिहार, नौतन से नारायण प्रसाद, चनपटिया से उमाकांत सिंह, हरसिद्धि से कृष्णनंदन पासवान, कल्याणपुर से सचिंद्र प्रसाद सिंह, चिरैया से लालबाबू प्रसाद गुप्ता शामिल है। पार्टी ने कोचाधामन से वीणा देवी, वायसी से विनोद यादव, राघोपुर से सतीश यादव, बिहपुर से कुमार शैलेन्द्र, पीरपैंती से मुरारी पासवान, रामगढ़ से अशोक कुमार सिंह, मोहनिया से संगीता कुमारी, भभुआ से भरत बिंद और गोह से रणविजय सिंह को टिकट दिया है।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

एक अखबार, पूरा बिहार

राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध

अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें

9334115121/8540866721/8789755505

पटना कार्यालय

द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स
आशियाना-दीघा रोड, पटना-13
मो0-6206165107
7004534093

# सिविल कोर्ट कैंपस मसौढ़ी में बम की सूचना पर अफरा-तफरी

## कोर्ट कैंपस को कराया गया खाली, की गई जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** डेढ़ महीने के अंतराल में एक बार फिर से कोर्ट कैंपस में बम होने की सूचना पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया है। आनन फानन में कोर्ट कैंपस में काम करने आए सभी मुवक्किल वकील पेशी करने आए कैदियों को वापस कर दिया गया, सुरक्षा बलों ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से कोर्ट कैंपस को खाली करवा दिया है। अधिवक्ताओं ने कहा की जज साहब का निर्देश आया है कि तुरंत कोर्ट कैंपस को खाली कर दें, एक बार फिर से मेल पर कोर्ट कैंपस में बम रखे जाने की धमकी दी है ऐसे में मसौढी सिविल कोर्ट समेत कई कोर्ट में आदेश जारी किया गया है कि अविलंब



कोर्ट कैंपस को खाली कर दिया जाए। कोर्ट कैंपस को खाली कराकर सुरक्षा बल कोर्ट के चारों तरफ बिल्डिंग एवं हर कमरे में तलाशी अभियान चला रहे हैं। अधिवक्ता संघ के महासचिव ने बताया कि हम सभी लोग कोर्ट मे अपने मुवक्किल को लेकर काम कर रहे थे कि अचानक एसडीएम साहब का निर्देश आया कि सभी लोग जल्द से जल्द बाहर निकले उसके बाद फिर क्या था अफरा तफरी का माहौल हो गया। कुछ देर के लिए लोगों को समझ में नहीं आया कि आखिर हुआ क्या लेकिन बाद में सुरक्षा बलों ने बताया कि कोर्ट कैंपस में बम रखे जाने की सूचना है जिसे अविलंब खाली कर दिया गया है। डेढ महीने पहले भी पटना सिविल कोर्ट समेत मसौढी कोर्ट को को उड़ाने की धमकी मिली थी उस समय डिस्ट्रिक्ट और सेशन जज को ईमेल कर धमकी दी गई थी। कहा गया था कि चार जगहों पर आरडीएक्स रखा गया है। उनमें न्यायाधीशों के कमरे और कोर्ट कैंपस को निशाना बनाने की बात कही गई थी। वहीं इस बार मिली धमकी की जांच हो रही है कि क्या इसके पीछे किसी शरारती तत्व का हाथ है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तारापुर से नामांकन पर्चा किया दाखिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** आज मुंगेर जिले के तारापुर विधानसभा क्षेत्र से बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भाजपा की ओर से नामांकन का पर्चा दाखिल किया।

उन्होंने मीडिया को बताया कि उन्होंने तारापुर विधानसभा क्षेत्र और आसपास के विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास की कई योजनाएं सरकार से स्वीकृत कराई है जिससे मुंगेर और भागलपुर जिलों में भविष्य में आर्थिक विकास होंगे।

मुंगेर विधानसभा क्षेत्र से आज भाजपा प्रत्याशी कुमार प्रणय और राजद प्रत्याशी मुकेश यादव पूर्व अविनाश कुमार विद्यार्थी ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया।

मुंगेर विधानसभा क्षेत्र से आज एनडीए की ओर से भाजपा प्रत्याशी कुमार प्रणय ने निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया।

नामांकन जुलूस में भाजपा के प्रदेश नेता प्रो0 अज़फर शमशी, जेडीयू के प्रदेश महासचिव सौरव निधि और जमालपुर के जदयू प्रत्याशी नचिकेता मंडल शामिल थे।

मुंगेर के भाजपा प्रत्याशी कुमार प्रणय ने कहा कि उनकी प्राथमिकता मुंगेर का सर्वांगीण विकास होगा।

आज ही मुंगेर विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन की ओर से राजद प्रत्याशी मुकेश यादव उर्फ अविनाश कुमार विद्यार्थी ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया।

उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता मुंगेर के खास महाल जमीन की समस्या का निदान करना होगा।

आज ही जमालपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व आईपीएस पदाधिकारी शिवदीप लांडे ने अपना नामांकन का परिचय दाखिल किया।

## नामांकन के छठे दिन तीन प्रत्याशियों ने भरा नामांकन पर्चा, कुल 13 उम्मीदवारों ने कटवाया एनआर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहे नामांकन के छठे दिन तीन प्रत्याशी ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है। जिसमें आरजेडी से रेखा देवी के अलावा दो निर्दलीय प्रत्याशीयों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है जिसमें, रामजी रविदास (निर्दलीय) रजनी कुमारी (निर्दलीय) है। अब तक कुल पांच उम्मीदवारों ने अपना नामांकन

**अब तक पांच उम्मीदवारों ने कराया नामांकन**

पर्चा दाखिल करवाया है। इसके अलावा कुल 13 उम्मीदवारों ने एनआर रसीद कटवाया है। बीते 10 अक्टूबर से चल रहे नामांकन का आज यानि शुक्रवार को अंतिम दिन है। शुक्रवार को तकरीबन बच्चे 8 उम्मीदवार नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे जिसके लेकर अनुमंडल कार्यालय में चल रहे नामांकन स्थल पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था कर दी गई है आपको बता दे कि नमक का नक्शा पर अनुमंडल शासन द्वारा 3 लेयर सुरक्षा व्यवस्था की गई है जहां में गेट दक्षिणी गेट और पश्चिमी गेट पर पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रत्याशियों के लिए जुलूस वाहन की अनुमति के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था की गई है।

# महागठबंधन से रेखा देवी ने भरा नामांकन पर्चा, कहा जनता बदलाव के मूड में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहे नामांकन के छठे दिन महागठबंधन की ओर से राजद के प्रत्याशी रेखा देवी ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन के दौरान भारी संख्या में समर्थको का उत्साह देखा गया, रथ पर सवार होकर धनरूआ से मसौढ़ी अनुमंडल कार्यालय तक पहुंची है। जहां पर भारी संख्या में भीड़ उमड पड़ी है। ढोल ताशा बजाते हुए समर्थकों की काफी उत्साह दिखा। नामांकन पत्र दाखिल कर बाहर निकलते हुए मीडिया से मुखातिब होते हुए रेखा देवी ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों से हम मसौढ़ी विधानसभा के विधायक रहे हैं इस बार भी लालु प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने हम पर विश्वास करके टिकट



दिया है। मसौढी विधानसभा में काफी काम किए हैं और इस बार पूरा करेंगे, चुनाव जितने के बाद सबसे पहले मसौढी में डिग्री कॉलेज, अस्पतालों में डॉक्टर की कमी को पूरा करेंगे और जनता को विश्वास दिलाते हैं कि किसी भी वर्ग के कोई भी जनता हो काम नहीं रुकेगा। जनता इस बार बदलाव की मूड में है सरकार हमारी बनने जा रही है इस पूरे बिहार में रोजगार, भ्रष्टाचार, क्राइम अहम मुद्दा बन गया है। मौके पर उपेंद्र प्रसाद यादव, राकेश पंडित, हसीउर्रहमान, लक्ष्मी देवी, इंद्रमणि देवी रामउचित चौधरी, टनटन यादव, के अलावा महागठबंधन के सभी घटक दल के कार्यकर्ता शामिल रहे।

## गांधी मैदान में महागठबंधन की नामांकन सभा, बदलो बिहार बदलो सरकार के लगे नारे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** महागठबंधन से राजद प्रत्याशी रेखा देवी ने गुरुवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया है उसके बाद गांधी मैदान मसौढ़ी में नामांकन सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान भारी संख्या में समर्थकों की भीड़ उमडी, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राकेश पंडित ने की। मौके पर राजद प्रत्याशी रेखा

**विधानसभा चुनाव**

देवी ने कहा कि इस बार जनता बदलाव के मूड में हैं। हम सबों ने संकल्प लिया है। बदलो बिहार बदलो सरकार, हमारी सरकार बनी तो तो हर घर में एक सरकारी नौकरी मिलेगी। बहरहाल चुनाव जीतने के बाद मसौढ़ी विधानसभा में सबसे पहले डिग्री कॉलेज होगी। अनुमंडल अस्पतालों में पोस्टमार्टम की सुविधा होगी। डॉक्टर की कमी पूरी होगी। सरकारी बस स्टैंड बनेंगे। जनता के हर वर्ग को ख्याल रखा जाएगा। मौके पर महागठबंधन के सभी घटक दल के कार्यकर्ता नेता शामिल रहे। वक्ताओं में पूर्व मुखिया उपेंद्र प्रसाद यादव, कांग्रेस की इंद्रमणि देवी, भाकपा माले समेत सैकड़ो लोग शामिल रहे।

## जयप्रकाश की क्रांतिकारी भूमि है बिहार : नीतीश सरकार ने दिलाई जंगलराज से मुक्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रम।** बिहार जयप्रकाश की क्रांतिकारी भूमि है। उन्होंने संपूर्ण क्रांति का आगाज कर लोकतंत्र की रक्षा की थी। वास्तव में बिहार की धरती लोकतंत्र की जननी रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में जंगलराज से मुक्ति दिलाई है। आने वाले चुनाव के बाद पुनः नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए की सशक्त सरकार बनने वाली है।उक्त बातें गुरुवार को बिक्रम खेल मैदान में भाजपा नेता सह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बिक्रम भाजपा प्रत्याशी सिद्धार्थ सौरव के नामांकन के बाद चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस - राजद की 45 वर्षों के शासनकाल ने बिहार को बर्बाद कर दिया था। उन्होंने कहा कि बिहार विद्वानों की भूमि है।आज भी सबसे अधिक आईएस और आईपीएस बिहार के ही युवा होते है। उन्होंने विकास के नाम पर पुनः एनडीए को समर्थन देने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार और मंच संचालन नीरज कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन तेज नारायण शर्मा ने किया। मौके पर दिल्ली के विधायक अनिल शर्मा, राजस्थान के भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह राठौर, चंद्रमा यादव, अतुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अभिषेक मोंटी, संधीर यादव, अविनाश उपाध्याय, सुरेश वर्मा, अनिल वर्मा आदि उपस्थित थे।

# गांव-गांव में एनडीए प्रत्याशी अरूण मांझी का चल रहा जनसंपर्क

**विकास के नाम पर वोट की अपील**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** एनडीए से जदयू प्रत्याशी अरुण मांझी नामांकन करने के बाद मसौढ़ी एवं धनरूआ के विभिन्न गांव में लगातार जनसंपर्क अभियान में जुट गए हैं और गांव-गांव में जाकर सुशासन एवं विकास के नाम पर वोट की अपील कर रहे हैं। जदयू प्रत्याशी अरुण मांझी ने कहा कि पिछले 20 सालों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की जनता



के लिए जो काम किया है, उसी काम की मजदूरी देने का वक्त आ गया है। बिहार में विकास की गती बढाने के लिए वोट करे। बिहार में हर गांव में बिजली पानी सड़कों का जाल बिछ गया है। लाखों युवाओं को रोजगार मिला है। महिलाओं को घर की चौखट बाहर कर उसे आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, मुफ्त बिजली योजना, जीविका से जुड़ी महिलाओं को रोजगार सम्मान कई लोक कल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव में बढ़कर विकास के नाम पर वोट मांगा जा रहा है वहीं दूसरी ओर गांव-गांव में महिलाओं को एकजुट कर उन्हें सरकार के योजनाओं को बताया जा रहा है जिसमें मौके पर धनरूआ पंचायत के मुखिया रानी कुमारी, वेद प्रकाश, ललन आजाद, शाहिद आलम, सुषमा कुमारी समेत एनडीए घटक दल के सभी कार्यकर्ता शामिल रहे।

**डीइओ एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने किया डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण : दरभंगा।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के सफल,शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी द्वारा कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय स्थित डिस्पैच सेंटर का संयुक्त निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने डिस्पैच सेंटर की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा तथा निर्वाचन से जुड़ी अन्य आवश्यक तैयारियों के संबंध में जानकारी लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाएँ समयबद्ध, एवं निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। वही वरीय पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को सतर्कता बरतने एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया।

**मतदान का दिया संदेश**

**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान जारी है। विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया।

# दीपोत्सव एवं छठ भारतीय संस्कृति की जीवंत श्रृंखला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** दीपावली अंधकार से प्रकाश की, जबकि छठ पर्व प्रकृति और मनुष्य के मिलन की साधना है। दीप केवल ज्योति का प्रतीक नहीं, बल्कि ज्ञान, आत्मबोध और मानवीय संवेदना का प्रतीक है। महाभारत और वेदों में सूर्य की महत्ता वर्णित है। सूर्य आत्मा हैं – बिना सूर्य के जीवन संभव नहीं। बिहार की यह संस्कृति ही है जिसने ढलते सूर्य की भी पूजा कर दुनिया को यह सिखाया कि सम्मान केवल उगते के लिए नहीं, अस्त होते के लिए भी होना चाहिए। दीपोत्सव और छठ भारतीय संस्कृति की वह जीवंत श्रृंखला हैं जो पर्यावरण, शुद्धता, समरसता और विज्ञान को जोड़ती है। छठ में जो सूप, नारियल, ईख और दीप का प्रयोग होता है, वे सब समानता और लोक साझेदारी के प्रतीक हैं। आगे उन्होंने कहा कि यदोनों पर्व भारतीय जीवन में ऊर्ज़ा, प्रेम, और सामाजिक सद्भाव की स्थापना करते हैं। उक्त बातें संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ संजीत झा 'सरस' ने कही। वे ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग द्वारा गुरुवार को दीपोत्सव से लोक आस्था के महापर्व छठ की लोक जीवन में प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस संगोष्ठी का आयोजन विभागाध्यक्ष प्रो. संजय झा की अध्यक्षता में हुआ। अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए प्रो संजय झा ने कहा कि भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता उसकी समरसता, सह-अस्तित्व और जीवन-दर्शन है। भारत की सभ्यता ऋषि और कृषि के संगम पर आधारित है – यहाँ सूर्य केवल देवता नहीं बल्कि ज्ञान, ऊर्ज़ा और जीवन शक्ति के प्रतीक हैं। छठ पर्व में हम सूर्य की उपासना के माध्यम से प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं। दीपोत्सव और छठ दोनों पर्व भारतीय समाज को समानता, स्वच्छता, संयम और सहभागिता का सन्देश देते हैं। इसमें कोई ऊँच-नीच नहीं, हर व्यक्ति सूर्य को अर्घ्य देकर अपने जीवन में प्रकाश का स्वागत करता है। यह पर्व बिहार की आत्मा है, जो पूरे भारत को जोड़ता है। इस अवसर पर प्राचीन भारतीय इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमीर अली खान ने कहा कि भारत वास्तव में उत्सवों का देश है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी समाज अब भारत की संस्कृति से सीख रहा है – आज हमारी आस्था और परंपरा को विश्व सॉफ्ट पावर के रूप में स्वीकार कर रहा है।भारत ने दुनिया को यह सिखाया है कि संस्कृति का अर्थ केवल परंपरा नहीं, बल्कि मानवता और प्रकृति का संतुलन है। छठ पर्व पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस संगोष्ठी में रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ भोला झा ने कहा कि दीप और सूर्य दोनों ऋग्वेद से ही जुड़े प्रतीक हैं। उन्होंने आगे कहा कि दीप तप और तेज का प्रतीक है।

# नये मतदाताओं को मतदान के लिए किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्थित समीपवर्ती एस यू कॉलेज के प्रांगण में बुधवार को स्नातक सेमेस्टर-5 के छात्र-छात्राओं के बीच जिला स्वीप आइकन डॉ आसुतोष कुमार मानव ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें वोट देने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर इस कार्यक्रम के संयोजक व जूलॉजी के प्राध्यापक प्रो0 अरविंद कुमार ने बताया कि ये विद्यार्थी पहली बार वोटर बने हैं इसलिए उनको कार्यक्रम आयोजित कर प्रेरित किया गया। जिला आइकॉन डॉ मानव ने इस मौके पर कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में मतदान जरूरी है। आप साफ-सुथरी छवि के उम्मीदवार को वोट देकर जिताएं ताकि एक अच्छी सरकार चुन कर आये,जो जनता के लिए हितैषी हो। उन्होंने इस मौके पर स्लोगन दिया-चाहे जो हो मजबूरी, वोट देना है जरूरी। पहले मतदान, फिर जलपान। इसके बाद उपस्थित 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को वोट देने के लिए शपथ



दिलाया गया। कार्यक्रम में डॉ अश्विनी कुमार झा, डॉ शिव प्रसाद ठाकुर, डॉ संदीपा इंद्रा, डॉ रविंद्र साह, बीसीए के प्राध्यापक राजमणि कुमार, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ राजीव नयन सिंह, जलेंद्र कुमार, मधुसूदन कुमार, नवीन कुमार, चिंटू कुमार, छात्र संघ के प्रतिनिधि रिषु कुमार, सियापति देवी व सैकड़ों छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

# पालीगंज में लोजपा प्रत्याशी सुनील यादव का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** पालीगंज विधानसभा क्षेत्र (190) में एनडीए समर्थित लोजपा (रामविलास) प्रत्याशी सुनील यादव को पार्टी का टिकट और सिंबल मिलने के बाद क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। चिराग पासवान द्वारा बुधवार की शाम टिकट मिलने के बाद गुरुवार को जब सुनील यादव पालीगंज पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह फूल-मालाओं से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सुनील यादव का काफिला जैसे ही दुल्हिन बाजार पहुंचा, सैकड़ों समर्थकों ने जयकारे के साथ उनका अभिनंदन किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से आशीर्वाद लिया और शुक्रवार को नामांकन के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद



उन्होंने उलार गांव स्थित ऐतिहासिक सूर्य मंदिर में पूजा-अर्चना कर जीत का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर एनडीए गठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता और नेता, जिनमें सुग्रीव शर्मा, फुदन यादव, दुर्गेश नारायण, कृष्णा प्रसाद, दीपक गुप्ता, मोहन चौधरी, राहुल सिंह, आभा देवी, जितेंद्र पासवान, निकेश कुमार सहित हजारों समर्थक मौजूद रहे।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
**(1)** Name of Constituency : **60**, रूपौली
Name of the candidate : श्रीमती बीमा भारती

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **1.** आचार संहिता का उल्लधन, **2.** आचार संहिता का उल्लधन, **3.** जबरदस्ती वसूली |
| | b. | Case no. | **1.** FIR No - 11/05 PS-Rupouli, Dist - Purnea, U/S 188 IPC & 133 RP Act, **2.** FIR No - 12/05 PS-Bhawanipur, Dist - Purnea, 171(1) IPC & 188 IPC, **3.** FIR No-32/2000 PS-Bhawanipur, Dist - Purnea, 342, 382 and 506/34 IPC |
| | c. | Name of the Court | **1.** Spl. Judge MLA/MP Purnea **2.** Spl. Judge MLA/MP Purnea **3.** Spl. Judge MLA/MP Purnea |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | **(1)** No **(2)** Yes **(3)** Yes |
| | e. | Date of conviction, if any | **(1)** Not Applicable **(2)** Not Applicable **(3)** Not Applicable |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | **(1)** Not Applicable **(2)** Not Applicable **(3)** Not Applicable |
| | g. | Any other information required to be given | Not Applicable |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | She is very popular in her area and is very active in the social welfare work. She is Intermediate pass. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | She is being Ex. Minister her Probability of winning is hire than other candidates. |

**Published by Rashtriya Janta Dal (Bihar Pradesh)**

# नीतीश कुमार के नेतृत्व में फिर बनेगी एनडीए सरकार : डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी सिद्धार्थ सौरभ के पक्ष में जनसभा को किया संबोधित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मैं विक्रमादित्य की नगरी से आता हूं और विक्रम विधानसभा में आने का अलग ही आनंद है। विक्रम नाम से ही सुशासन, दान वीरता का भाव प्रकट होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार मध्यप्रदेश में विकास के अनेक कार्य कर रही है। बिहार में नीतीश कुमार एनडीए सरकार में मुख्यमंत्री है। उन्होंने सुशासन के सिद्धांतों से बिहार को विकास की नई गति प्रदान की है। बिहार प्रत्येक काल में अच्छा ही करता है। अवंतिका उज्जैनी और पाटिलपुत्र का 2 हजार साल पुराना रिश्ता है। जब सम्राट अशोक को गद्दी संभालने का अवसर मिला तो वे उज्जैन में थे और वहीं से बिहार लौटे थे। बिहार महात्मा गौतम बुद्ध की धरती है। इस चुनाव में हमारे प्रत्याशी सिद्धार्थ ने निःस्वार्थ भाव से जनता की सेवा की है। बिहार की जनता ने कभी जंगलराज भी झेला है। कांग्रेस और विपक्षी दलों की सरकारों में लाइसेंस, कोटा और परमिट राज चलता था। कांग्रेस के राज में देश की हालत दयनीय हो गई थी। कांग्रेस ने युवाओं की योग्यता का गला घोटा और बिहार को बर्बाद किया और बाद में लालटेन पकड़ा दिया। देश में सबसे अधिक आईएएस बिहार से निकलते हैं। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने लोकतंत्र की रक्षा की। हमारी पार्टी और एनडीए में एक चाय बेचने वाला भी प्रधानमंत्री बन सकता है क्योंकि यहां लोकतंत्र है। नीतीश जी का भी इतिहास यही है। आज लोकतंत्र को बचाने की चुनौती है। दूसरी ओर लाल किताब वाले को बुद्धि का अजीरण हो गया। भाषा और भाव कैसा हो, पता ही नहीं। सुप्रीम कोर्ट में बार-बार माफी मांगते हैं, लेकिन सुधरने को तैयार ही नहीं हैं। कांग्रेस परिवारवादी पार्टी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश के आर्थिक तंत्र में बदलाव आया है। आज गरीबों को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। दुनिया में भारत की साख बढ़ रही है। कांग्रेसी तो भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर भी सवाल उठाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने रामजी के लिए फैसला दे दिया है, अब बारी मथुरा की है। जमना किनारे भी कन्हैया मुस्कुराएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सिद्धार्थ सौरभ के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया और विधानसभा चुनाव में युवा नेता सिद्धार्थ सौरभ को विजयी बनाने आह्वान किया। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुम्हरार सीट पर भी प्रचार किया।

## पटना साहिब से चुनाव मैदान में उतरे डा. अजय प्रकाश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना साहिब के कार्यकर्ताओं और जनता को दरकिनार करते हुए बाहर से उम्मीदवार थोपे जाने से लोगों के बीच काफी निराशा है। यह केवल एक निर्णय नहीं बल्कि पटना साहिब की स्वाभिमान पर आघात है। वहीं डा. अजय प्रकाश पटना साहिब विधानसभा से चुनाव मैदान में उतरे हैं। डा. अजय प्रकाश ने कहा कि यह चुनाव किसी व्यक्ति के विरूद्ध नहीं बल्कि पटना साहिब के अधिकार और स्वाभिमान की लड़ाई है। क्षेत्र के लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि आइए मिलकर अपने पटना साहिब की आवाज बुलंद करें। आपका सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है।

# कुम्हरार विधानसभा उम्मीदवार संजय कुमार गुप्ता के समर्थन में जनसभा का आयोजन, जुटे एनडीए के दिग्गज नेतागण

## कार्यकर्ताओं का सम्मान सिर्फ भाजपा की परंपरा : मोहन यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के सभी सहयोगी दलों द्वारा गुरुवार को कदम कुआं स्थित कांग्रेस मैदान में भाजपा के कुम्हरार विधानसभा उम्मीदवार संजय कुमार गुप्ता के समर्थन में जनसभा का आयोजन किया गया। इस जनसभा को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान, पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद, भाजपा राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा, दीघा विधायक संजीव चौरसिया, कुम्हरार निवर्तमान विधायक अरुण कुमार सिन्हा, भाजपा पटना महानगर अध्यक्ष रूपनारायण मेहता, जदयू जिलाध्यक्ष आसिफ कमाल, बिहार भाजपा प्रदेश नेता दीपक कुमार अग्रवाल, सुधीर शर्मा सहित सहित सभी वार्ड पार्षदों एवं गठबंधन के नेताओं ने संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए सभी नेताओं ने कुम्हरार विधानसभा उम्मीदवार संजय कुमार गुप्ता के समर्थन में लोगों से वोट देने की अपील की। अपने संबोधन में मध्यप्रदेश के



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता को शीर्ष तक पहुंचाने का काम सिर्फ भाजपा की ही सुखद परंपरा है। उन्होंने अरुण सिन्हा का आभार जताते हुए कहा कि अरुण जी ने अपने क्षेत्र के उत्तराधिकारी के रूप में संजय कुमार गुप्ता को उम्मीदवार के रूप में आगे बढ़ाया है जिसे यहां की जनता को जीताकर सदन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि कुम्हरार के हर कार्यकर्ता को तन, मन, धन से लगकर अपने प्रत्याशी को जिताना है। वहीं उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान, सांसद रविशंकर प्रसाद, भाजपा महामंत्री ऋतुराज सिन्हा, दीघा विधायक संजीव चौरसिया, कुम्हरार निवर्तमान विधायक अरुण कुमार सिन्हा सहित अन्य नेताओं ने भी कुम्हरार की जनता से संजय कुमार गुप्ता को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। संजय कुमार गुप्ता ने सभी नेताओं का आभार जताया और कहा कि मैं पार्टी द्वारा दिए गए जिम्मेदारी को अच्छे से निभाकर कुम्हरार की जनता के उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। मंच संचालन कर रहे दीपक कुमार अग्रवाल ने संजय कुमार गुप्ता के समर्थन में जनसभा में एकजुट होने के लिए एनडीए के सभी वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद किया।

# शिक्षा विभाग की ई-पत्रिका में शिक्षक मृत्युंजय की कविता प्रकाशित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा निपुण बालमंच ई-पत्रिका का तीसरा अंक जारी किया गया है। इस त्रैमासिक पत्रिका में राज्यभर के शिक्षकों और विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्तियों को स्थान दिया गया है। नवसृजित प्राथमिक विद्यालय खुटौना यादव टोला, पताही, पूर्वी चंपारण के शिक्षक मृत्युंजय कुमार जो देश की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी 'टीचर्स ऑफ बिहार' के प्रदेश मीडिया संयोजक भी हैं की स्वरचित काव्य रचनाएं 'स्कूल चले हम' एवं 'आओ खेलें खेल' को इस अंक में प्रकाशित किया गया है। निपुण बालमंच ई-पत्रिका शिक्षा विभाग की एक नवाचारी पहल है जिसका उद्देश्य बच्चों और शिक्षकों में रचनात्मकता, लेखन व अभिव्यक्ति के कौशल को प्रोत्साहन देना है। पत्रिका के संपादकीय संदेश में बच्चों से कहा गया है– 'प्यारे बच्चों! कल्पना की दुनिया में खो जाइए! बालमंच का तीसरा अंक आपके सामने है जिसमें मजेदार कहानियां, कविताएं और गतिविधियों का खजाना है। आपकी लिखी कहानियां, आपकी पेंटिंग्स और भी बहुत कुछ... तो पढ़िए, सीखिए और आनंद लीजिए। इस अवसर पर शिक्षक मृत्युंजय कुमार ने कहा शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही 'निपुण बालमंच' जैसी पहल शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों के लिए प्रेरणादायी है। मेरी कविताओं को इसमें स्थान मिलना न केवल व्यक्तिगत सम्मान है, बल्कि यह सभी शिक्षकों के लिए एक संदेश है कि हम अपने शब्दों और विचारों से बच्चों के मन में सृजनात्मक ऊर्जा भर सकते हैं।

# गांधी, शास्त्री और पटेल को समर्पित बी.डी. कॉलेज में प्रेरक सांस्कृतिक कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बी.डी. कॉलेज के इतिहास विभाग द्वारा गुरूवार को महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री और सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 'गांधी की करुणा, शास्त्री की सादगी, पटेल की दृढ़ताः प्रेरणा के तीन दीप' विषय पर एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ जिसमें तीनों महापुरुषों के जीवन मूल्यों और राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम की




शुरुआत गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेणे कहिए जे की भावपूर्ण प्रस्तुति से हुई, जिसने पूरे सभागार में करुणा और आत्मचिंतन का वातावरण बना दिया। इसके बाद लाल बहादुर शास्त्री के ऐतिहासिक भाषण के अंशों का वाचन किया गया, जिससे उनकी सादगी, ईमानदारी और नेतृत्व की भावना झलकी। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सरदार पटेल के जीवन पर आधारित लघु नाटिका रही जिसे विद्यार्थियों ने मंचित किया। इस नाटिका ने पटेल की दृढ़ता और राष्ट्रीय एकता के संदेश को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने अपने संबोधन में कहा 'गांधी की करुणा हमें संवेदनशील बनाती है, शास्त्री की सादगी हमें विनम्रता सिखाती है और पटेल की दृढ़ता हमें राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव देती है। यदि हमारी युवा पीढ़ी इन मूल्यों को आत्मसात कर सके, तो यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. दिव्या कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनीता कुमारी यादव ने प्रस्तुत किया। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित कुमार ने बताया कि यह आयोजन न केवल ऐतिहासिक स्मृतियों को पुनर्जीवित करने का माध्यम बना, बल्कि विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व और एकता के मूल्यों का भी संचार किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। आयोजन का वातावरण उत्साहपूर्ण और भावनात्मक दोनों रहा, जिसने सभी को तीनों महापुरुषों की प्रेरक जीवन गाथाओं से जोड़ने का कार्य किया।

# समाचारों के प्रसारण में आकाशवाणी की विश्वसनीयता सर्वोत्तम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना में आकाशवाणी समाचार द्वारा जिला संवाददाताओं के लिए एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विधानसभा चुनाव के दौरान निष्पक्ष, तथ्यपूर्ण और सटीक रिपोर्टिंग सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन आकाशवाणी पटना के केंद्राध्यक्ष हेमंत डी. सिहाग ने किया। उन्होंने कहा कि चुनावी रिपोर्टिंग पत्रकारिता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है जिसमें सटीकता, तटस्थता और संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला के प्रमुख वक्ताओं में दूरदर्शन समाचार पटना के प्रादेशिक प्रमुख सलमान हैदर, आकाशवाणी समाचार पटना के प्रादेशिक प्रमुख अजय कुमार, समाचार संपादक धर्मेंद्र कुमार और सबिता पारिक शामिल रहे। सभी वक्ताओं ने जिला संवाददाताओं को चुनाव आचार संहिता, समाचार




चयन और प्रसारण की नैतिकता पर मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने संवाददाताओं से कहा कि किसी भी प्रकार के वाद-विवाद या आरोप-प्रत्यारोप से जुड़े समाचारों से बचते हुए केवल प्रमाणित तथ्यों पर आधारित रिपोर्टिंग की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की गरिमा बनाए रखने के लिए पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कार्यशाला में अन्य वक्ताओं के रूप में आकाशवाणी संवाददाता कमल किशोर ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान बक्सर के संवाददाता शशांक शेखर और नवादा के संवाददाता अशोक प्रियदर्शी भी मौजूद रहे। कार्यशाला के दौरान जिला संवाददाताओं ने चुनाव कवरेज से जुड़ी चुनौतियों, क्षेत्रीय मुद्दों और निष्पक्ष पत्रकारिता के सिद्धांतों पर चर्चा की। कार्यक्रम का समापन आकाशवाणी समाचार के अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान करने के साथ हुआ।

# भारतीय जीवन बीमा निगम की नई जन सुरक्षा और बीमा लक्ष्मी योजना का शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जीवन बीमा निगम के सी.ई.ओ. एवं एम.डी., आर. दुरैस्वामि ने दो नई योजनाएं, एलआईसी की जन सुरक्षा और एलआईसी की बीमा लक्ष्मी शुरू कीं। ये नई अगली पीढ़ी जी.एस.टी. व्यवस्था में एलआइसी द्वारा पेश किए गए पहले दो उत्पाद हैं। वर्तमान परिवेश में जब ब्याज दरें अत्यधिक अस्थिर हैं, ये दोनों योजनाएं पॉलिसी अवधि के दौरान गारंटीड ॲडीशन्स प्रदान करती हैं। दोनों योजनाओं के तहत तीन वर्षों के प्रीमियम का भुगतान करने के बाद ऑटो कवर सुविधा उपलब्ध है।

**एलआईसी की जन सुरक्षा - योजना (880)**

एलआईसी की जन सुरक्षा एक जीवन सूक्ष्म बीमा योजना है। इस योजना का उद्देश्य कम आय वर्ग के लोगों की जरूरतों को पूरा करना है। इसमें ऑटो कवर सुविधा और गारंटीड ॲडीशन्स शामिल हैं। ये गारंटीड ॲडीशन्स, पॉलिसी अवधि के दौरान प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में वार्षिक प्रीमियम के 4% की दर से अर्जित होते हैं। यह योजना पॉलिसी अवधि के दौरान पॉलिसीधारक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की स्थिति में परिवार को वित्तीय सहायता प्रदान करती है और परिपक्वता के समय जीवित पॉलिसीधारक को एकमुश्त राशि प्रदान करती है। यह योजना बिना किसी चिकित्सीय जांच के केवल सामान्य स्वस्थ जीवन के लिए उपलब्ध है।

# प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा की जा रही वायु गुणवत्ता एवं ध्वनि स्तर की जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा दीपावली पर्व के दौरान पटना शहर में परिवेशीय वायु गुणवत्ता का अनुश्रवण कार्य 13 अक्टूबर से 27 अक्टूबर, 2025 तक जिसमें 7 दिन दीपावली के पूर्व 20.10.2025 को दीपावली के दिन तथा 7 दिन दीपावली के बाद चलाया जा रहा है। साथ ही ध्वनि स्तर का अनुश्रवण दीपावली के पूर्व 14.10.2025 को एवं दीपावली के दिन संध्या 06:00 बजे से मध्यरात्रि 12:00 बजे तक कराया जायेगा। पटना शहर के निम्नांकित स्थलों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता एवं ध्वनि स्तर की जांच की जा रही है- बोरिंग रोड चौराहा के पास, पटना, बेलट्रॉन भवन परिसर, शास्त्रीनगर, पटना, परिवेश भवन परिसर, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना, जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया का परिसर, कंकड़बाग, पटना। उपर्युक्त स्थलों से प्राप्त नमूनों का विश्लेषण राज्य पर्षद् की केन्द्रीय प्रयोगशाला में किया जायेगा। इसके अतिरिक्त राज्य पर्षद् द्वारा 14.10.2025 से 17.10.2025 तक निम्नांकित स्थलों पर परिवेशीय ध्वनि स्तर की जांच पटना नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न प्रमुख स्थलों पर की जा रही है। 14.10.2025 एवं 15.10.2025। कुर्जी मोड़ के पास, पटना, साई मंदिर, पाटलिपुत्र के पास, पटना, पाटलिपुत्र चौराहा के पास, पटना, अटल पथ (राजीव नगर-इन्द्रपुरी) ओवर ब्रिज के नीचे, पटना। 16.10.2025 एवं 17.10.2025 ए.एन कॉलेज के समीप, पानी टंकी के समीप, पटना, बोरिंग रोड चौराहा के समीप, पटना, पटना उच्च न्यायालय, पटना, सचिवालय चौराहा, पटना, डाक बंगला चौराहा, पटना, एक्जीबिशन रोड चौराहा, पटना, स्टेशन चौराहा, पटना, जी.पी.ओ. चौराहा, पटना, आर. ब्लॉक चौराहा, पटना। इन स्थलों पर ध्वनि स्तर अनुश्रवण कार्य में राजकीय कन्या महाविद्यालय, गर्दनीबाग की छात्राओं का सहयोग प्राप्त है।

# एचडीएफसी बैंक ने दी डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव की सलाह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एचडीएफसी बैंक ने नागरिकों से डिजिटल धोखाधड़ी की स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने की अपील की है। बैंक ने 'एलबीडब्ल्यू' नाम से तीन चरणों की सरल प्रक्रिया बताई है लॉ इन्फोरस्मेंट एजेंसी, बैंक और वाइप। ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वे 1930 हेल्पलाइन नंबर या साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करें, अपने बैंक को तुरंत अनधिकृत लेनदेन की सूचना दें और भुगतान माध्यम (कार्ड/यूपीआई/नेट बैंकिंग) को ब्लॉक करवाएं। साथ ही उपकरणों को वाइप कर सभी पासवर्ड रीसेट करें। एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने कहा डिजिटल लेन देन में सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। कुछ सरल कदम धन की वसूली की संभावना बढ़ाते हैं और भविष्य के जोखिमों से बचाते हैं। बैंक ने 'डिजिटल गिरफ्तारी', निवेश और एपीके जैसे घोटालों से सावधान रहने की चेतावनी दी है। एचडीएफसी बैंक देशभर में साइबर जागरूकता कार्यशालाओं के माध्यम से सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं को बढ़ावा दे रहा है।

# बिहार ने पकड़ी विकास की रफ्तार, जनता का भरोसा सिर्फ एनडीए सरकार : अनुराग सिंह ठाकुर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हिमाचल की हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पांचवी बार के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दृष्टिगत पटना के बांकीपुर से एनडीए प्रत्याशी नितिन नवीन व अररिया की सिकटी विधानसभा से प्रत्याशी विजय कुमार मंडल, सहरसा के नामांकन कार्यक्रम में भागीदारी कर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए के शासनकाल में बिहार विकास की रफ्तार पकड़ चुका है और इसलिए जनता इस विधानसभा चुनाव में फिर एक बार एनडीए सरकार अपना भरोसा जतायेगी और सुशासन व



सर्वकल्याण वाली एनडीए सरकार बनाएगी। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा बिहार की यह धरती बुद्ध, चाणक्य और जननायक जयप्रकाश नारायण की है। यह वही बिहार है जिसने देश को दिशा दी, लोकतंत्र को ताकत दी और आज एक बार फिर विकास की नई कहानी लिखने जा रहा है। बिहार में सुशासन की सरकार चल रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बिहार में लगातार विकास करने का काम किया है। बिहार आज विकास की एक प्रेरणादायक गाथा लिख रहा है। पिछले एक दशक में केंद्र सरकार द्वारा राज्य को दी गई अभूतपूर्व वित्तीय सहायता ने बिहार की समृद्धि की राह खोल दी है। मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के दौरान, 2004-14 की तुलना में बिहार को मिलने वाली आर्थिक सहायता तीन गुना से अधिक बढ़कर 2014-24 के दौरान 9.23 लाख करोड़ तक पहुंच गई। यह निवेश न केवल राज्य की सामाजिक और आर्थिक संरचना को बदल रहा है, बल्कि बिहार को पूर्वी भारत का प्रमुख आर्थिक हब बनाने में भी मददगार बन रहा है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा एनडीए सरकार ने बिहार के सर्वांगीण विकास में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। 2 नए एयरपोर्ट का निर्माण और 6 नए एयरपोर्ट की स्वीकृति, एयरपोर्ट का विस्तारीकरण, 5 एक्सप्रेस-वे, 2 एम्स, 2 सेंट्रल यूनिवर्सिटी, नए महासेतु, पटना में मेट्रो, मखाना बोर्ड की स्थापना, 1.5 करोड़ से अधिक शौचालय, उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1 करोड़ एलपीजी गैस कनेक्शन रेलवे ट्रैक विस्तार के मामले में बिहार ने 2014 के बाद एक अभूतपूर्व गति पकड़ी है। 2009 से 2014 के दौरान राज्य में औसतन केवल 63.6 किलोमीटर नए ट्रैक प्रतिवर्ष बने थे। लेकिन 2014 से 2025 तक यह औसत बढ़कर 172.6 किलोमीटर प्रतिवर्ष हो गया। बिहार में रेलवे का यह विस्तार सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि इससे रेल यात्रियों के लिए सुविधआएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। 2014 से अब तक 115 नई ट्रेनों की शुरुआत हुई है। बिहार के रेलवे बजट में पिछले एक दशक में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। 2009-2014 के बीच जहां वार्षिक औसत आवंटन केवल 1,132 करोड़ था, वहीं 2025-26 तक यह बढ़कर 10,066 करोड़ हो गया है। यह लगभग नौ गुना की बढ़ोतरी है। इस बजट से न केवल ट्रैक और स्टेशन का विकास हुआ है, बल्कि नई ट्रेनें, पुल, इलेक्ट्रिफिकेशन और यात्रियों की सुविधाएं भी बेहतर हुई हैं।

# प्रो डॉ रश्मि प्रियदर्शनी को मिला गोवर्द्धन प्रसाद सदय सम्मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो डॉ रश्मि प्रियदर्शनी को गया जी की प्रतिष्ठित संस्था साहित्य महापरिषद द्वारा गोवर्द्धन प्रसाद सदय सम्मान प्रदान किया गया। डॉ रश्मि को यह सम्मान साहित्यकार स्वर्गीय गोवर्द्धन प्रसाद सदय की शताब्दी जयंती समारोह के अवसर पर दिया गया। साहित्य महापरिषद तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामसिंहासन सिंह ने डॉ रश्मि को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। कवयित्री रानी मिश्रा ने माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। तत्पश्चात समारोह के उद्घाटनकर्ता प्रो. उपेन्द्रनाथ वर्मा, सदस्य, बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग, पटना, मुख्य अतिथि प्रो. रणजीत कुमार वर्मा, पूर्व कुलपति, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर, विशिष्ट अतिथि साहित्यकार डॉ शिरोमणि सिंह एवं डॉ रामसिंहासन सिंह ने डॉ रश्मि को गोवर्द्धन प्रसाद सदय सम्मान के तहत प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जिसमें यह वर्णित है कि डॉ रश्मि को यह सम्मान उनकी अनवरत साहित्य साधना, साहित्य सेवा, अध्ययनशीलता, विद्या वैभव को समृद्ध करते रहने की लगन, एकांत चिंतन-मनन करके समाज के हितार्थ लेखनी की सक्रियता के लिए प्रदान किया गया है। डॉ रश्मि की रचनाओं में व्यक्ति, जीव, प्रकृति, देश तथा समाज के हितार्थ गंभीर चिंतन-मनन निहित होता है। उनकी रचनाओं में सत्य का अन्वेषण और शिव का सौंदर्य रहता है। उन्हें यह सम्मान उनके समुज्ज्वल कृतित्व एवं सतत साहित्य साधना के लिए प्रदान किया गया है। गोवर्द्धन प्रसाद सदय सम्मान मिलने पर डॉ रश्मि को शब्दवीणा की राष्ट्रीय समिति व देश भर में गठित विभिन्न प्रदेश तथा जिला समितियों से लगातार शुभकामनाएं मिल रहीं हैं। उन्हें मिले इस सम्मान से समस्त शब्दवीणा परिवार गौरवान्वित है। शब्दवीणा साधक इसे पूरी संस्था के लिए हर्ष तथा गौरव का विषय बता रहे हैं। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल ने भी उन्हें हार्दिक बधाइयां तथा शुभकामनाएं दीं।

# एवीबीपी बोधगया के प्रतिनिधि मंडल ने वीसी को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बोधगया के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को मगध विश्वविद्यालय कुलपति को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर उपस्थित प्रांत सह मंत्री मंतोष सुमन ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय परिसर में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाए और एसएमएसजी कॉलेज, शेरघाटी में स्नातकोत्तर की पढ़ाई शीघ्र प्रारंभ की जाए। जिला सह संयोजक अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं में उत्साह, आत्मविश्वास और राष्ट्रभावना का संचार करता है। विश्वविद्यालय परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित होने से छात्रों को प्रेरणा मिलेगी।

# इवीएम/वीवीपैट स्क्रीनिंग कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने मघड़ा अवस्थित इवीएम वेयरहाउस में इवीएम/वीवीपैट स्क्रीनिंग कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इवीएम की सुरक्षा, रखरखाव एवं स्क्रीनिंग प्रक्रिया की बारीकी से देखने के उपरांत उन्होने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नोडल पदाधिकारी इवीएम कोषांग ने बताया कि विधानसभा वार सीयू, बीयू सेग्रीगेशन कार्य पूर्ण हो चुका है, वीवीपैट सेग्रीगेशन का कार्य प्रगति पर है, इसे जल्द ही ससमय पूर्ण कर लिया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं तकनीकी कर्मियों को निर्देशित किया कि इवीएम की स्क्रीनिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं उच्च स्तर की सावधानी बरती जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा वार स्क्रीनिंग इवीएम /वीवीपैट मशीनों को जीपीएस ट्रैकिंग कंटेनर युक्त वाहनों के माध्यम से ही पुलिस अभिरक्षा के साथ डिस्पैच सेंटर तक पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर नगर आयुक्त, नोडल पदाधिकारी इवीएम कोषांग,तकनीकी टीम, पुलिस पदाधिकारीगण तथा अन्य संबंधित कर्मी भी उपस्थित थे।

## पर्व त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक

**बिहारशरीफ**। दीपावली और छठ महापर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए हरनौत थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अमरदीप कुमार ने की। बैठक में सीओ पुजा कुमारी, उपमुख्य पार्षद सुरेश सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।सीओ पुजा कुमारी ने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन अनिवार्य है और सभी से शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने का आग्रह किया। बैठक में छठ घाटों जैसे सबनहुआ, बबन बिगहा, दैली और गरभूचक पर बैरिकेडिंग, गोताखोर और आपदा मित्र तैनात करने की व्यवस्था पर चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने पटाखा विक्रेताओं को लाइसेंस अनिवार्य करने की बात कही और बिना लाइसेंस बिक्री करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके अलावा बैठक में भीड़ नियंत्रण, विधि व्यवस्था, ध्वनि प्रदूषण रोकथाम और विद्युत सुरक्षा पर भी चर्चा की गई।

## दशहरा मेले से लापता युवती, पुलिस के हाथ अबतक खाली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय के समीप 99 मॉल के समीप से बीते 2 अक्टूबर को लापता हुई युवती का अबतक कुछ भी अतापता नहीं चल पाया है।पुलिस को सूचना देने के बाद भी उनके हाथ अबतक खाली है। मिली जानकारी के अनुसार सिरदला थाना क्षेत्र की एक नाबालिग युवती अपने परिजनों के साथ रजौली बाजार में दशहरा का मेला घूमने आई थी। इसी बीच युवती के लापता होने से परिजन काफी परेशान हैं। युवती के परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी की दो सहेलियों को मेरी बेटी के बारे में जानकारी भी है, किंतु वे लोग हमें कुछ नहीं बता रही है। परिजनों ने कहा कि घटना को लेकर रजौली थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी भी दर्ज करवाई है। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि लापता युवती को लेकर पीड़ित परिजन द्वारा दिए आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 543/25 में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले का अनुसंधान कर रही है। उन्होंने युवती के जल्द बरामदगी का आश्वासन भी दिया।

# नालंदा कॉलेज शिक्षक संघ ने किया नवनियुक्त प्रचार्या का स्वागत




प्राचार्या ने जताई विकास के प्रति प्रतिबद्धता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। स्थायी प्राचार्य के रूप में प्रो. सुनीता सिन्हा पिछले दिनों नालंदा कॉलेज में अपना योगदान दी। नालंदा कॉलेज शिक्षक संघ के तरफ से एक औपचारिक स्वागत समारोह आयोजित किया गया जिसमें कॉलेज के सभी शिक्षकों ने बुके, मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर प्राचार्य का स्वागत किया। शिक्षक संघ के सचिव डॉ रत्नेश अमन ने प्रो. सुनीता सिन्हा का स्वागत करते हुए उनके अकादमिक उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया एवं आशा व्यक्त किया कि इनके अनुभव का लाभ निश्चित रूप से कॉलेज को मिलेगा। नवनियुक्त प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कॉलेज के समग्र विकास करने में पूरे मेहनत से वह काम करेगी लेकिन उसमें सभी शिक्षकों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि कॉलेज बहुत बड़ा है एवं इसका एक गौरवशाली इतिहास रहा है इसलिए सभी पहलुओं पर ध्यान देते हुए आगे बढ़ेगी लेकिन परिसर में पठन पाठन का माहौल बेहतर हो यह उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सकारात्मक विमर्श एवं नवाचार के लिए वे हमेशा ही सभी का स्वागत करती हैं। शिक्षक संघ की अध्यक्ष डॉ मंजु कुमारी ने प्राचार्या का अभिनंदन करते हुए कहा कि कॉलेज के 155 सालों के इतिहास में वे केवल दूसरी महिला प्राचार्या हैं इसलिए सभी को उनसे ज्यादा उम्मीदें हैं। इस अवसर पर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो आर.पी. कच्छवे एवं डॉ राम कृष्ण परमहंस ने भी नवनियुक्त प्राचार्य को कॉलेज को आगे ले जाने के लिए शुभकामनाएं दी।

# गुरुवार को चार अभ्यर्थियों ने दाखिल किए पर्चे

## नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने हेतु स्थान निम्नलिखित हैं

*235-रजौली (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्र - निर्वाची पदाधिकारी स्वतंत्र कुमार सुमन, अनुमंडल पदाधिकारी, रजौली के कार्यालय कक्ष में।*
*236-हिसुआ विधानसभा क्षेत्र - निर्वाची पदाधिकारी डॉ. अनिल कुमार तिवारी, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, नवादा के कार्यालय कक्ष में।*
*237-नवादा विधानसभा क्षेत्र - निर्वाची पदाधिकारी अमित अनुराग, अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर के कार्यालय कक्ष में।*
*238-गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र - निर्वाची पदाधिकारी प्रियंका रानी, उप विकास आयुक्त, नवादा के कार्यालय कक्ष में।*
*239-वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र - निर्वाची पदाधिकारी गौरव शंकर, भूमि सुधार*



**डॉ. पंकज कुमार सिन्हा/नबिटा ब्यूरो**

**नवादा**। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नवादा जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के द्वितीय चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। इस चरण में मतदान 11 नवंबर 2025 को होना निर्धारित है। इसके तहत जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 13 अक्टूबर से नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने का कार्य शुरू हो चुका है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नामांकन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर, नामांकन पत्रों की संवीक्षा 21 अक्टूबर, तथा अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है। नामांकन पत्र दाखिल करने का समय प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक तय है। गुरुवार को जिले में चार अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया।

रजौली (अ.जा.) सीट पर विजय कामेश्वर पासवान ने एन.आर. दाखिल किया, किंतु नामांकन शून्य रहा।

हिसुआ से प्रवीण कुमार ने एन.आर. दाखिल किया, नामांकन नहीं हुआ।

नवादा सीट पर सरोज कुमार ने एन.आर. दाखिल किया जबकि निर्दलीय प्रत्याशी रवीश कुमार (पिता–नवल किशोर सिंह) ने नामांकन किया।

गोविंदपुर से सतीश कुमार और इंद्रदेव प्रसाद ने एन.आर. दाखिल किया, जबकि मो. मुकीम उद्दीन (पिता–मो. हाजी अब्दुल लतीफ) ने पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से नामांकन किया।

वारिसलीगंज सीट पर गनौरी पंडित ने एन.आर. दाखिल किया, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी नयन कुमार (पिता–रामाशीष सिंह) ने पर्चा दाखिल किया।

निर्वाचन आयोग की ओर से नामांकन स्थलों पर स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं पारदर्शी माहौल सुनिश्चित करने के लिए हेल्प डेस्क सेंटर, वेटिंग रूम, सीसीटीवी कैमरे, वीडियोग्राफी एवं सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। नवादा जिले में जैसे-जैसे नामांकन की तिथियां नजदीक आ रही हैं, चुनावी हलचल तेज होती दिख रही है और संभावित प्रत्याशियों की सक्रियता भी बढ़ गई है।

## मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को महंत रामधनपुरी इंटर विद्यालय बुधौली में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और युवाओं को मतदान के प्रति प्रेरित कर विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हाथों पर मेहंदी रचाकर मतदान के लिए लोगों को संदेश दिया। इस दौरान मेरा वोट–मेरा अधिकार तथा मतदान अवश्य करें जैसे संदेश दिए गए। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. दिनेश कुमार एवं प्लस टू शिक्षक डॉ. रंजन आर्य ने छात्राओं को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान का शपथ दिलाया।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार जख्मी, रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। थाना क्षेत्र के मंझला गांव के समीप एक बाइक सवार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को परिजनों के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रही महिला चिकित्सक डॉ. निवेदिता नंदिनी ने बताया कि घायल युवक की पहचान सिमरकोल गांव निवासी मुखरतेज यादव के पुत्र सुमन कुमार के रूप में हुई है। सड़क दुर्घटना में युवक के सिर गंभीर रूप से चोटिल था, जिसका प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। वहीं अस्पताल में मौजूद परिजनों ने बताया कि युवक सिमरकोल से मंझला गांव स्थित अपने नानीघर जा रहा था। इसी क्रम में गांव पहुंचने से पूर्व अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की स्थिति देख परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

### डॉ मुकेश को प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां प्रखण्ड की उत्तरी ग्राम पंचायत पकरीबरावां के प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू के प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा को लीप फॉर वर्ड के फाउंडर और सीइओ प्रानील नाइक के हस्ताक्षर से जारी प्रमाणपत्र दिया गया। उन्हें इंग्लिश लिटरेसी प्रोग्राम को अपने वर्गकक्ष में बच्चों को सिखाए जाने के कारण प्रमाणपत्र दिया गया। उनसे आशा की गई है कि भविष्य में भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर इंडिया इंग्लिश लिटरेट में अपना योगदान देंगे। डॉ. मुकेश को प्रमाणपत्र मिलने पर विद्यालय के वरीय शिक्षक मो. अख्तर, विद्यालय शिक्षा समिति की सचिव रूही आफरीन, शिक्षक मो. सोहराब कुरैशी, रेखा कुमारी, फरहत जहां, अजय कुमार विश्वकर्मा, अभिजीत कुमार, शिक्षा सेवक नुरैसा खातून आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है। डॉ. मुकेश ने कहा कि लीप फॉर वर्ड द्वारा चलाए जा रहे इंग्लिश लिटरेसी प्रोग्राम शिक्षक एवं बच्चों दोनों के लिए काफी लाभप्रद है। इससे बच्चों को काफी लाभ मिल रहा है।

# मीडिया प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के सफल, पारदर्शी एवं निष्पक्ष संचालन की दिशा में आज सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, नवादा के सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ. राजकुमार सिन्हा, नोडल पदाधिकारी (प्रशिक्षण कोषांग) एवं अमरनाथ कुमार, नोडल पदाधिकारी (मीडिया एवं एम.सी.एम.सी. कोषांग) सह सदस्य सचिव, एम.सी.एम.सी. की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य मीडिया प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराना तथा चुनाव अवधि में मीडिया की भूमिका को और अधिक पारदर्शी एवं जिम्मेदार बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किसी भी राजनीतिक दल, उम्मीदवार अथवा संस्था द्वारा टीवी, रेडियो, सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म आदि पर प्रसारित सभी विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण अनिवार्य है। उन्होंने यह भी बताया कि मतदान दिवस एवं उससे एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का भी प्रमाणीकरण आवश्यक होगा। इस प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रचार सामग्री भ्रामक, आपत्तिजनक या मतदाताओं को प्रभावित करने वाली न हो। मीडिया एवं एम.सी.एम.सी. कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि मीडिया मॉनिटरिंग समिति का एक प्रमुख कार्य "पेड न्यूज" की पहचान कर उसे संबंधित निर्वाची पदाधिकारी को रिपोर्ट करना है। उन्होंने पेड न्यूज की पहचान के लिए कुछ प्रमुख संकेतों का उल्लेख किया, जिनमें समाचार और विज्ञापन का समान प्रारूप या शैली में प्रकाशित होना, एक ही उम्मीदवार के पक्ष में विभिन्न समाचार पत्रों में समान सामग्री का प्रकाशित होना, किसी प्रत्याशी को असमान रूप से अधिक कवरेज देना तथा समाचार के रूप में प्रचारात्मक या अप्रमाणित दावे प्रस्तुत करना शामिल है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई समाचार "पेड न्यूज" के रूप में प्रमाणित होता है, तो उसकी लागत राशि संबंधित उम्मीदवार के चुनाव व्यय खाते में जोड़ी जाती है। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित राजनीतिक सामग्री की निरंतर

# दीपक के शतक से बिहार मजबूत स्थिति में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा**। बीसीसीआई द्वारा लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम गुजरात में आयोजित कर्नल सी के नायडू क्रिकेट टूर्नामेंट आज बिहार का मुकाबला अरुणाचल प्रदेश की टीम से शुरू हुआ जिसमें बिहार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नवादा के दीपक यादव के शानदार शतक 120 रन (3 छक्के 13 चौका )एवं पृथ्वीराज के 92 प्रशांत के 77 एवं सूरज के 65 रनों की मदद से बिहार ने अपनी पहली पारी में 80 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 450 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। आज के दिन के समाप्ति तक अरुणाचल प्रदेश ने अपनी पहली पारी में11 रन बनाकर एक विकेट खो चुके थे अरुणाचल के बल्लेबाज तीजा को बादल कनौजिया ने आउट किया। अरुणाचल प्रदेश के गेंदबाज नभम अबू ने दो अमरजीत शर्मा ने दो एवं टी मुरी ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। दीपक के शानदार शतक पर बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के प्रबंधक मनीष कुमार आनंद जिला क्रिकेट संघ नवादा के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी सचिव राकेश कुमार, उपाध्यक्ष रंजन कुमार सिन्हा,संयुक्त सचिव सुरेश यादव, क्लब प्रतिनिधि अरुण यादव कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडे एवं खिलाड़ियों के प्रतिनिधि मनीष गोविंद, बबलू वर्मा, सुभाष प्रसाद सहित जिले के सभी पदाधिकारी एवं क्रिकेट प्रेमियों ने दीपक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



**Format C-7**
(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
(1) Name of Constituency : 118, छपरा
Name of the candidate : शत्रुघ्न यादव

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | चेक बाउंस |
| | b. | Case no. | (1) FIR No - 120/2019, थाना - रसूलपुर, जिला - सारण, 406 IPC एवं 138 NI Act (2) CS(Comm) 715/22, मा. उ. न्यायालय, नई दिल्ली |
| | c. | Name of the Court | (1) जु. म. जिला- सारण, ट्रांन- 1457/25 (2) मा. उ. न्यायालय, नई दिल्ली |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। अपने क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक हैं। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित


# रोटरी क्लब का महिलाओं के लिए हेअर व ब्यूटी प्रशिक्षण कार्यक्रम




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। रोटरी क्लब तथागत बिहार शरीफ की ओर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और कौशल विकसित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई। इसके तहत हेअर ड्रेसिंग और ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कुशवाहा कॉलोनी रामचंद्रपुर स्थित हनी हर्वल ब्यूटी एकेडमी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं और युवतियों को मास्टर ट्रेनर मोहम्मद अयाज़ अहमद ने बालों की विशेष देखभाल, वॉटॉक्स और नैनो प्लासटिया ट्रीटमेंट की तकनीकों के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया। वहीं, ब्यूटी एक्सपर्ट रोटेरियन मधु कंचन ने त्वचा और बालों की देखभाल, विभिन्न हेयरकट, स्टाइल और ब्यूटी ट्रीटमेंट से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रोजेक्ट चेयरपर्सन रोटेरियन कुमारी किरण के नेतृत्व में किया गया जिसका उद्देश्य महिलाओं को कौशल आधारित आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन परमेश्वर महतो ने कहा कि रोटरी क्लब तथागत समाज के सर्वांगीण विकास में निरंतर कार्य कर रहा है और महिलाओं को सशक्त बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

## चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**नवादा**। गुरुवार को हिसुआ विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता नवादा द्वारा सिंगल विंडो कोषांग के तहत दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की अनुमतियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रकार की अनुमतियाँ "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर दी जाएँ, ताकि निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को यह भी आदेश दिया कि अनुमति प्रदान करने की प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी या लापरवाही न हो। निर्वाची पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूरे किए जाएँ और किसी भी स्तर पर नियमों का उल्लंघन न हो। बैठक में सिंगल विंडो कोषांग से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## मूलभूत सुविधा कोषांग की बैठक आयोजित

**नवादा**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी को लेकर आज हिसुआ के निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता द्वारा मूलभूत सुविधा कोषांग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि हिसुआ विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। निर्वाची पदाधिकारी ने विशेष रूप से कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्रों पर शौचालय, पेयजल, पहुंच पथ, बिजली एवं व्हीलचेयर की सुविधा अविलंब पूरी की जाए ताकि मतदान दिवस पर मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर सहायक निर्वाची पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कनीय अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि निर्धारित समय सीमा में सभी कार्य पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

# चार दिनों में तीन लोगों ने कटवाया एनआर




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में रजौली विधानसभा सीट के लिए राजनीतिक पार्टियों द्वारा अब तक प्रत्याशियों को टिकट का आवंटन नहीं किया गया है। इसको लेकर क्षेत्र के दर्जनों प्रत्याशियों में संशय बरकरार है। चौक-चौराहों स्थित चाय दुकानों पर जहां राजनीतिक बातचीत के दौरान विभिन्न पार्टियों के समर्थक एक-दूसरे से बातचीत और तर्क-वितर्क करते नजर आ रहे थे, वे लोग भी अपनी जुबां पर चुप्पी साधे हुए हैं। विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश संभावित प्रत्याशी रजौली छोड़ पटना में पार्टी मुख्यालय के चक्कर काट रहे हैं। इसी कारणवश रजौली अनुमंडल कार्यालय परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं रजौली विधानसभा के आरओ सह एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन ने बताया कि नामांकन तिथि के पहले और दूसरे दिन किसी भी प्रत्याशी ने ना तो एनआर कटवाया और ना ही नामांकन करवाया था। वहीं तीसरे दिन दो संभावित प्रत्याशियों ने एनआर कटवाया, जिनमें सिरदला के कसियाडीह गांव निवासी रंजीत कुमार और मेसकर के ठोररा गांव निवासी गोरेलाल चौधरी शामिल है। वहीं गुरुवार को चौथे दिन मैसकौर के कौआवारा विजय कामेश्वर पासवान ने एकमात्र एनआर कटवाया है। वहीं नामांकन कक्ष के बाहर मजिस्ट्रेट के रूप में ऋषभ रंजन के साथ पुलिस बलों में एएसआई सुरेन्द्र राम व एएसआई जयप्रकाश चौधरी के साथ अर्धसैनिक बल और गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

## शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रजौली**। बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने बस पर सवार रहे एक युवक को पांच बोतल महंगे शराब के साथ गिरफ्तार किया है। झारखंड की ओर से आ रही जीवन ज्योति बस की जांच उत्पाद इंस्पेक्टर द्वारा किया गया।जांच के क्रम में बस में सवार एक युवक के पास रहे बैग से पांच बोतल 750 एमएल वाले रेड लेबल नामक स्कॉच को बरामद किया गया है। बरामद शराब की कुल मात्रा 3.750 लीटर है। साथ ही पटना जिले के बेलछी थाना क्षेत्र के चौधराइनचक गांव निवासी सुनील कुमार के पुत्र आदर्श राज को गिरफ्तार किया गया है।

# प्रेम कुमार को भारी बहुमत से विजयी बनाने का व्यवसायियों ने लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गयाजी।** गया के अजातशत्रु होटल में विभिन्न व्यावसायिक संगठनों की ओर से भव्य व्यवसायिक संगोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री अनिल जैन, जो प्रसिद्ध सर्जन और अपोलो अस्पताल के अध्यक्ष हैं का स्वागत और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में किए गए सुधारों की सराहना की। साथ ही गया नगर निगम द्वारा राजद शासनकाल में लगाए गए मनमाने कर को समाप्त कराने के लिए बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर व्यापारियों ने संकल्प लिया कि आगामी विधानसभा चुनाव में गया नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रेम कुमार को भारी बहुमत से विजयी बनाकर गया का गौरव बढ़ाएंगे। व्यापारियों ने कहा कि प्रेम कुमार एक सरल, ईमानदार और संघर्षशील जननेता हैं जो हर परिस्थिति में व्यवसायियों के साथ मजबूती से खड़े रहते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विपेंद्र अग्रवाल ने की जबकि संचालन भाजपा गया जिला के उपाध्यक्ष विकास कुमार ने किया। सभी अतिथियों का स्वागत होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष निशांत कुमार ने किया। चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने जीएसटी सुधारों पर विस्तार से जानकारी दी। वार्ड पार्षद धर्मेंद्र कुमार ने नगर निगम कर संशोधन पर व्यापारियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि गया नगर क्षेत्र के पथों के वर्गीकरण और कर निर्धारण में जो त्रुटियां थीं, उनमें मंत्री प्रेम कुमार के प्रयास से सुधार हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि तेजस्वी यादव की सरकार में संपत्ति कर बढ़ा दिया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री और मंत्री प्रेम कुमार के प्रयास से नगर विकास एवं आवास नियमावली 2013 के नियम 4 में संशोधन कर आवासीय संपत्ति कर में छूट दी गई है। उन्होंने बताया कि गया नगर क्षेत्र में अब सीसीटीवी कैमरे और ट्रैफिक लाइट लगाने की तैयारी भी चल रही है। ताकि सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में सुधार हो सके। यह पहल मंत्री प्रेम कुमार के साथ चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, व्यापार संघ और वार्ड पार्षदों के सामूहिक प्रयासों से संभव हो पाई है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन भाजपा गया जिला व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक ऋषि लोहानी ने किया। इस अवसर पर शहर के प्रमुख व्यवसायिक संगठनों और समाज प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इनमें चैंबर ऑफ कॉमर्स के विपेंद्र अग्रवाल, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, रौनियार समाज के बालमुकुंद गुप्ता, माहुरी समाज के अध्यक्ष संजय प्रसाद, जैन समाज के विनय जैन, व्यापार संघ के सचिव अमित लोहानी, तैलीक समाज के अध्यक्ष अजय साहू, गोपाल साव, गोलू गुप्ता, केसरवानी समाज के अध्यक्ष रामेश्वर केशरी और सतीश केशरी, अखिल भारतीय मधेशिया वैश्य समाज के निशांत कुमार, भाजपा गया जिला के उपाध्यक्ष विकास कुमार, व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक ऋषि लोहानी, अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, लहेरी समाज के शंकर लहरी, पटवा समाज के दुखन पटवा और स्वर्णकार समाज के बंटी वर्मा शामिल थे।

## डीएम-एसएसपी ने किया एसएसटी टीम द्वारा वाहनों की जांच का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर गया जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय और सतर्क है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम शशांक शुभंकर एवं एसएसपी आनंद कुमार द्वारा गुरुवार की रात्रि विभिन्न नाकों यथा सिकड़िया मोड़ के समीप एवं पॉलिटेक्निक बाईपास के समीप में पहुंच कर एसएसटी टीम (स्टैटिक सर्विलांस टीम) द्वारा वाहनों को किये जा रहे जांच का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने वहां मौजूद सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों एवं सीआरपीएफ के जवानों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में पूरी सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गया जिले के सभी प्रमुख स्थानों/ बार्डर एरिया इत्यादि क्षेत्र पर अवैध गतिविधियों, नकद, शराब या अन्य किसी भी प्रकार की प्रलोभन सामग्री की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखी जाए। डीएम ने टीम को विशेष रूप से वाहनों की सघन जांच, संदिग्ध वस्तुओं की जांच तथा सभी एंट्री को विधिवत रजिस्टर में अंकित करने का निर्देश दिया।

वहीं एसएसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने तथा बाजार एरिया/ सीमा क्षेत्र में चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में वहां स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का परीक्षण किया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि कैमरे सुचारु रूप से कार्यरत रहें। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग एवं तत्पर रहने का निर्देश दिया ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

## एनइपी प्रकोष्ठ का अभिनव प्रयास, कौशल आधारित शिक्षा पर नुक्कड़ नाटक ने बांधा समा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ (एनइपी सेल) और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी सेल) के संयुक्त तत्वावधान में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और कौशल शिक्षा' विषय पर एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह प्रस्तुति विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हुई जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में कौशल-आधारित शिक्षा, व्यावहारिक अधिगम और समग्र विकास की भावना को प्रोत्साहित करना था। नाटक में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों – अंग्रेजी, संस्कृत, शिक्षा, इतिहास, वनस्पति विज्ञान, राजनीति विज्ञान, फिजियोथैरेपी और हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य प्रतिभागियों में प्रिंस अमन, बादल कुमार, साहिल राज, सुमित कुमार, शुभम कुमार, सुरेंद्र कुमार, सुरुचि कुमारी, सृष्टि रंजन, शिल्पी कुमारी, रीतु कुमार रंजन, निकिता नंदनी, अभिषेक कुमार, चंदन कुमार, सुजीत कुमार, नितीश कुमार, मोहित कुमार अग्रवाल, आशीष शंकर, सौरभ कुमार, प्रिया सलोनी, अंकुश राज, कुंदन कुमार और खुशी शामिल रहे। प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट अभिनय, प्रभावशाली संवाद-अभिव्यक्ति और विषय की गहराई के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने न केवल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मूल उद्देश्य को जीवंत किया, बल्कि कौशल आधारित शिक्षा के महत्व को भी जनमानस तक प्रभावशाली ढंग से पहुंचाया। कार्यक्रम के दौरान एनईपी समन्वयक डॉ. प्रियंका सिंह, सारथी समन्वयक डॉ. एकता वर्मा, आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. मुकेश कुमार, कार्यक्रम की संयोजक और सारथी-मेंटर्स डॉ. ममता मेहरा, तथा सारथी टीम के मेंटर्स डॉ. कविता कुमारी, डॉ. वंदना, डॉ. दीपशिखा पांडे, डॉ. दिव्या मिश्रा और डॉ. संजय उपस्थित रहे। इन सभी शिक्षकों और मेंटर्स की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामयी बना दिया। साथ ही अन्य शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## स्थानीय शासन की जमीनी कार्यप्रणाली से रूबरू हुए विद्यार्थी

### राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग के छात्रों का फील्ड अध्ययन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के राजनीति विज्ञान विभाग एवं लोक प्रशासन विभाग द्वारा संचालित स्थानीय शासन एवं पंचायती राज संस्थाओं पर सर्टिफिकेट कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थियों को व्यवहारिक अनुभव प्रदान करने हेतु गुरूवार को एक फील्ड अध्ययन आयोजित किया गया। इस अध्ययन का उद्देश्य छात्रों को स्थानीय शासन की संरचना, कार्यप्रणाली, वित्तीय और कार्मिक व्यवस्था, नागरिक सेवाओं की स्थिति तथा नीतिगत निर्णय प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्रदान करना था। फील्ड वर्क के दौरान छात्रों ने जल आपूर्ति, स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, बुनियादी ढांचे के विकास, आर्थिक प्रगति और गरीबी उन्मूलन जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस संवादात्मक सत्र में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राजीव कुमार गुप्ता, वेस्ट मैनेजमेंट एवं सिटी सैनिटेशन नोडल अधिकारी दीप्ति और सिटी प्लानिंग नोडल अधिकारी रेशमा ने छात्रों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए स्थानीय प्रशासन की योजनाओं, उनकी चुनौतियों और नवाचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विभागाध्यक्ष अंजनी कुमार घोष, सहायक प्राध्यापक एवं कोर्स कोऑर्डिनेटर दिव्या मिश्रा, प्रियंका सिंह और शैलेन्द्र कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों के अनुभवों को साझा करने के लिए प्रेरित किया और इस प्रकार के फील्ड अध्ययन को अकादमिक प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।इस फील्ड अध्ययन ने विद्यार्थियों को स्थानीय शासन के वास्तविक स्वरूप और प्रशासनिक प्रक्रियाओं की गहराई से समझ विकसित करने में सहायता प्रदान की।

## समाज में न्याय, समानता और सत्य के प्रति जागरूकता फैलाना अधिवक्ता की जिम्मेदारी : ज्योति कुमारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** अधिवक्ता ज्योति कुमारी ने कहा कि अधिवक्ता समाज और न्याय के प्रति वचनबद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालय में केवल वकील के रूप में बहस करना ही अधिवक्ता का कर्तव्य नहीं है, बल्कि समाज में न्याय, समानता और सत्य के प्रति जागरूकता फैलाना भी उसकी जिम्मेदारी है। अधिवक्ता अपने ज्ञान, तर्क और नैतिकता के माध्यम से समाज को सही दिशा दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज के लिए केवल न्यायालय के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार के भी प्रेरक होते हैं। वे समाज के कमजोर और वंचित वर्ग के अधिकारों की रक्षा करते हैं तथा न्याय की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। अधिवक्ता अपनी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से समाज में एक अलग पहचान बनाते हैं। ज्योति कुमारी ने कहा कि अधिवक्ता ही वह वर्ग है जो कानून की मर्यादा और संविधान के मूल्यों की रक्षा करते हुए समाज को न्याय की राह पर अग्रसर करता है। आज आवश्यकता है कि प्रत्येक अधिवक्ता अपने पेशे को सेवा और राष्ट्र निर्माण के रूप में देखे।

## राजद उम्मीदवार विनय कुमार यादव ने किया नामांकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** गुरुवार को गुरुआ विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के समर्थित राजद उम्मीदवार निवर्तमान विधायक विनय कुमार यादव ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। श्री कुमार ने निर्वाची पदाधिकारी सह डीसीएलआर समेत विक्रम बैनामी के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन के दौरान पूर्व मंत्री अवधेश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे। नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत में महागठबंधन प्रत्याशी विनय कुमार ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना पहली प्राथमिकता होगी। अपने पांच वर्षों के कार्यकाल की गिनती कराते हुए कहा कि पांच वर्षों में उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों तक विकास योजनाएं पहुंचाई हैं। इस बार भी जीत मिलने पर वे छूटे हुए कार्यों को पूरा करेंगे। उन्होंने गांव और कस्बों के विकास के लिए नई सड़कें, विद्यालय भवन, अस्पताल भवन और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया।

## प्रमुख दलों के प्रत्याशी का नहीं हुआ चयन, कार्यकर्ताओं में संशय की स्थिति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण के नामांकन की प्रक्रिया जारी है, लेकिन अब तक शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र (226) से एनडीए, इंडिया गठबंधन और जन सुराज पार्टी की ओर से किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। इस कारण दोनों गठबंधनों के कार्यकर्ताओं में संशय और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि उम्मीदवार चयन को लेकर शीर्ष नेतृत्व में मंथन जारी है। एनडीए और इंडिया गठबंधन के समर्थक लगातार अपने-अपने दलों के कार्यालयों में बैठकों के माध्यम से उम्मीदवार की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। वहीं जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ता भी यह उम्मीद लगाए बैठे हैं कि पार्टी अंतिम दिन तक किसी मजबूत प्रत्याशी को मैदान में उतारेगी। इस बीच निर्दलीय और छोटे दलों के प्रत्याशी सक्रिय हो गए हैं और जनता के बीच पहुंच बनाकर समर्थन जुटाने में लगे हैं। शेरघाटी अनुमंडल क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो चुकी हैं, लेकिन प्रमुख दलों के उम्मीदवार न होने से मतदाताओं के बीच भी उत्सुकता बनी हुई है कि आखिर कौन बड़ा नाम मैदान में उतरेगा। स्थानीय जानकारों का कहना है कि यदि प्रमुख दलों ने जल्द प्रत्याशी घोषित नहीं किया तो इसका असर चुनावी समीकरणों पर सीधे तौर पर पड़ सकता है।

## बोधगया से लोजपा (आर) का टिकट पाने में सफल रहे पूर्व विधायक डॉ श्यामदेव पासवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गयाजी।** जिले के बोधगया सुरक्षित विधानसभा सीट से लोजपा आर का टिकट पाने में पूर्व विधायक डॉ श्यामदेव पासवान अंततः सफल रहे। लगातार अटकलों के बीच गुरूवार को दिल्ली में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने डॉ श्यामदेव पासवान को चुनाव चिन्ह आवंटित किया है। इस सीट पर गया जी के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शोभा सिन्हा की दावेदारी काफी मजबूत थी। इसी के साथ मिथलेश कुमार नामक एक कार्यकर्ता भी टिकट पाने का मजबूती लाइन में खड़ा था, लेकिन अंततः डॉ श्यामदेव पासवान सफल रहे। बोधगया से ही चुनाव लड़ने के उद्देश्य को लेकर इसी वर्ष डॉ श्यामदेव पासवान भाजपा छोड़कर लोजपा आर का दामन थामे थे। पूर्व के चुनाव में फतेहपुर विधानसभा अब बोधगया से दो बार आरजेडी और भाजपा के सीट से विधायक चुने गए थे। वर्ष 2000 में आरजेडी से जीत हासिल की थी। 2005 में आरजेडी से टिकट नहीं मिलने पर लोजपा से चुनाव लड़े, लेकिन दूसरे स्थान पर रहे। 2010 में भाजपा से टिकट लेकर जीत हासिल किया। 2015 में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

## पतेज में डूबने से लड़की की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के आमस थाना क्षेत्र के पतेज गांव में एक 14 वर्षीय लड़की की छठ घाट पर डूबने से मौत हो गई। यह घटना रामपुर पंचायत के अंतर्गत हुई। किशोरी की पहचान सुप्रिया कुमारी के रूप में हुई है। सुप्रिया अपनी फुआ सुरभि कुमारी के साथ दीपावली पर्व के लिए घर की सफाई के संबंध में कपड़े धोने छठ घाट पर गई थी। कपड़े धोते समय स्नान करने के दौरान सुप्रिया गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। उसे बचाने के प्रयास में सुरभि भी डूबने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने शोर सुनकर दोनों को पानी से बाहर निकाला।

# मगध विश्वविद्यालय में पत्रिका 'काविश' के दूसरे अंक का विमोचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर उर्दू विभाग में 16 अक्तूबर को सर सैयद अहमद खान की जयंती की पूर्व संध्या पर दीवार पत्रिका काविश के दूसरे अंक का विमोचन किया गया। यह कार्यक्रम विभाग की शिक्षिका शकीला निगार के निर्देशन में संपन्न हुआ। शकीला निगार ने कहा कि सर सैयद अहमद खान बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने बताया कि इस दीवार पत्रिका के माध्यम से सर सैयद के व्यक्तित्व और उनके विचारों के विविध आयामों को प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने 'सर सैयद अहमद खानः जीवन तथा कार्य', 'सर सैयद और उनका काल', 'सर सैयद का शैक्षणिक दृष्टिकोण', 'धार्मिक दृष्टिकोण', 'धर्मनिरपेक्षता', 'एक समाज सुधारक के रूप में सर सैयद' तथा 'उर्दू साहित्य पर सर सैयद आंदोलन के प्रभाव' जैसे विषयों पर अपने लेख प्रस्तुत किए। लेख लिखने वालों में नाजिश हाशमी, रोकैया, अस्मत दरख्शां, शगूफा परवीन, हिना परवीन, नफीसा खातून, कैफ हबीबुल्लाह, खिज्र अहमद, दानिश गयावी, चंद्रभूषण कुमार, महताब आलम, नौशाद नादां और तौकीर रजा शामिल थे। दीवार पत्रिका काविश पर अपने विचार व्यक्त करते हुए शोधार्थी नाजिश हाशमी ने कहा कि उर्दू विभाग ने इस पत्रिका की शुरुआत कर सराहनीय पहल की है जिससे छात्रों में लेखन और अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ी है। नौशाद नादां ने कहा कि शकीला निगार द्वारा दीवार पत्रिका जारी करना छात्रों को पढ़ाई से जोड़ने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। कैफ हबीबुल्लाह ने काविश को 'एक खामोश इंकलाब' बताया, वहीं खिज्र अहमद ने कहा कि यह प्रयास छात्रों की लेखन क्षमता को निखारने का एक सशक्त माध्यम है। विमोचन समारोह में विभागाध्यक्ष अबुल लैस शम्सी, तरन्नुम जहां, जिया उल्लाह अनवर, सिम्मी इकबाल सहित शिक्षकेत्तर कर्मी, शोधार्थी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ जिसमें सर सैयद अहमद खान के विचारों और योगदान को याद करते हुए उनके सामाजिक, शैक्षणिक और साहित्यिक दृष्टिकोण पर चर्चा की गई।


ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
EASTERN COALFIELDS LIMITED
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)
(A Subsidiary of Coal India Limited)
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
(A Govt of India Undertaking)

ECL Eastern Coalfields Limited

To
Name: Santosh Kumar Singh
Designation: General Mazdoor
UM No: 110641
Unit: Shyamsundarpur Colliery
Area: Bankola Area

Home Address
Village/Post- Bhirivam
Dist-Rohtash
Bihar-821311

Sir
You have been issued charge sheet No Shyam/PD CS/2019/1230 Dated 06.06.2020, under Certified Standing Orders for your unauthorised absence from duty with effect from 08.02.2020. Domestic Enquiry was held in which you have not participated. After receiving the report from Enquiry Officer, Disciplinary Authority after independent application of his mind, issued a Second Show Cause notice to you in your home address along with the enquiry reports and other documents vide letter No. BA/PD/Absenteeism/24/758 Dated 04.04.2025. The same has been returned undelivered.
As such, you are advised to submit your representation over the report submitted by Enquiry Officer, wherein he has declared the charges as 'proved' before the Disciplinary Authority within 10 Days from the date of publication of notice in newspaper as to why appropriate penalty under Certified Standing Order of the company should not be imposed on you which may include 'dismissal from service'
Please note that, if you fail to submit your defence, the matter will be dealt ex-parte by Disciplinary Authority and you may be awarded punishment, as deemed fit.

-Sd-
Disciplinary Authority
General Manager Bankola Area

cbc 04106/12/0045/2526


## सड़क निर्माण के नाम पर हरे-भरे पेड़ों की कटाई, किसानों में रोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** एक ओर सरकार पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित बनाने के उद्देश्य से मनरेगा सहित कई योजनाओं के तहत वृक्षारोपण अभियान चला रही है वहीं दूसरी ओर कुछ ठेकेदारों द्वारा बेपरवाही से हरे-भरे पेड़ों को काटकर पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को ठेंगा दिखाया जा रहा है। ऐसा ही मामला प्रखंड के कोराप पंचायत अंतर्गत डीहुरी गांव में गुरुवार के सुबह 11 बजे सामने आया है जहां एक कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सड़क निर्माण कार्य के दौरान मनमाने ढंग से सफाई के नाम पर दर्जनों वृक्षों को जेसीबी मशीन से गिरा दिया गया। ग्रामीण किसानों ने बताया कि जिन पेड़ों को उन्होंने वर्षों की मेहनत से लगाया और सींचा, उन्हें बिना किसी आदेश या अनुमति के एक झटके में उजाड़ दिया गया। किसानों का कहना है कि बड़े ठेकेदारों के दबाव में वे विरोध भी नहीं कर पा रहे हैं और न ही प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में सड़क एसडीओ प्रणीत कुमार ने बताया कि पेड़ गिराए जाने की सूचना मिलने के बाद कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक से बात हुई है। कंपनी की ओर से कहा गया है कि जितने पेड़ काटे गए हैं, उनकी तुलना में 10 गुना अधिक पेड़ लगाए जाएंगे। हालांकि सवाल यह उठता है कि क्या एक के बदले दस पेड़ लगाने से उस पर्यावरणीय क्षति की भरपाई हो पाएगी जो वर्षों की किसानों की मेहनत से लगे वृक्षों के उजड़ने से हुई है। किसानों की मेहनत और पर्यावरणीय संतुलन दोनों की रक्षा के लिए प्रशासनिक निगरानी की सख्त जरूरत है।

## शिक्षिका से छेड़छाड़ मामले में मकान मालिक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के गुरारू प्रखण्ड में एक शिक्षिका से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। बुधवार सुबह हुई इस घटना में पुलिस ने शिक्षिका के मकान मालिक मुकेश कुमार (32) को गिरफ्तार कर लिया है। शिक्षिका गुरारू प्रखंड मुख्यालय स्थित एक किराए के कमरे में रहती हैं। उन्होंने गुरारू थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार मकान मालिक मुकेश कुमार ने उनके साथ जबरन छेड़छाड़ का प्रयास किया। घटना के बाद शिक्षिका ने शोर मचाया जिससे आसपास के लोग जमा हो गए। मामले की जानकारी मिलते ही गुरारू थाना प्रभारी अखिलेश कुमार सिंह ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी मुकेश कुमार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच जारी है।


GOVT. OF BIHAR
BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD
I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.
Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in
POST GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING [PGMAC (Ayush)]-2025 for MD (Homeo) / MD/MS (Ayurveda) / MD (Unani)
Advt. No.- BCECEB [PGMAC(Ayush)]-2025/11 Dated : 16.10.2025

1st Round Counselling से Free Exit एवं 2nd round Counselling से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या- BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/01 , 2025/03 एवं 2025/05 दिनांक 26.09.2025 तथा 2025/07 , 2025/08 एवं 2025/09 दिनांक 09.10.2025 के क्रम में PGMAC(Ayush)-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों / संस्थानों / सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि PGMAC(Ayush)-2025 [for MD (Homeo) / MD/MS (Ayurveda) / MD (Unani)] की **Round-1 Counselling उपरांत Free Exit एवं Round-2 Online Counselling से सम्बन्धित विवरणी / प्रक्रिया/ कार्यक्रम विज्ञापन संख्या-BCECEB[PGMAC(Ayush)-2025/10 दिनांक 16.10.2025 पर्षद के website : bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दिया गया है।**

2. पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या-BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/01 , 2025/03 एवं 2025/05 दिनांक 26.09.2025 की अन्य शर्तें / नियम यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक

संपादकीय

# मुश्किल में सैनी सरकार

दलित एडीजीपी पूरन कुमार द्वारा जातिगत प्रताड़ना से त्रस्त होकर आत्महत्या किए जाने के मामले में हरियाणा सरकार की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। एक तरफ पूरन कुमार का परितवार उनके द्वारा छोड़े सुसाइड नोट में नामित आईपीएस अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर पूरन कुमार का पोस्टमार्ट्म न होने देने पर अड़ा है, वहीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इसे राजनीतिक रंग दे दिया है। हरियाणा सरकार की मुश्किल यह है कि अगर वो इस मामले में कड़ी कार्रवाई नहीं करती है तो समूचे दलित समाज में विपरीत संदेश जाएगा और इतने आला अफसरों पर कार्रवाई करती है तो पुलिस महकमे में गलत संदेश जाएगा। हालांकि स्व. पूरन कुमार की आईएएस पत्नी अमनीत की मांग पर सरकार ने राज्य के डीपीजी शत्रुजीत कपूर को छुट्टी पर भेज कर नए डीजीपी की नियुक्ति कर दी है, लेकिन पूरन कुमार के परिजन इतने से ही संतुष्ट नहीं हैं। इस बीच मंगलवार को राहुल गांधी चंडीगढ़ स्थित पूरन कुमार के निवास पहुंचे और कहा कि यह संवेदनशील मामला है। जिन अफसरों की प्रताड़ना की वजह से पूरन कुमार को जान देनी पड़ी, उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए। गौरतलब है कि आईपीएस वाई पूरन कुमार का शव पिछले हफ्ते चंडीगढ़ के सेक्टर 11 स्थित उनके आवास पर मिला था। पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद इसे आत्महत्या का मामला बताया। हालांकि लोजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान भी पूरन कुमार की पत्नी अमनीत कौर से मिलने उनके घर पहुंचे। उधर पूरन कुमार की पत्नी अमनीत ने राज्य मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लिखे एक पत्र में गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि उनके दिवंगत पति द्वारा छोड़े गए 8 पन्नों के विस्तृत सुसाइड नोट और औपचारिक लिखित शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं की। चंडीगढ़ पुलिस ने उनके पति के 'उत्पीड़न, अपमान और मानसिक यातना' में शामिल वरिष्ठ अधिकारियों के सभी विवरणों को नजरअंदाज कर दिया है, भले ही उनकी मृत्यु को कई दिन बीत चुके हैं। पहले तो पुलिस ने जो एफआईआर लिखी, उसमें आरोपियों का कॉलम ही खाली छोड़ा गया था। हालांकि बाद में करीब आधा दर्जन आला पुलिस अफसरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पूरन कुमार का मामला बेहद गंभीर इसलिए भी है कि अगर आईपीएस जैसी प्रतिष्ठित सेवाओं में भी जातीय भेदभाव इस कदर है कि किसी अफसर को खुदकुशी करनी पड़ जाए तो यह अत्यंत चिंताजनक और अस्वीकार्य बात है। पूरन कुमार वो मानसिक रूप से इतने ज्यादा परेशान हो गए थे कि उन्हें मुक्ति का मार्ग केवल आत्महत्या में ही दिखा। अपने सुसाइड नोट में उन्होंने अगड़े और पिछड़े वर्ग के आला अफसरों पर जातिगत भेदभाव, सार्वजनिक अपमान, टारगेटेड 'मानसिक उत्पीड़न और अत्याचार' का आरोप लगाते हुए हरियाणा पुलिस के कई आईपीएस अधिकारियों, एक रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी और तीन रिटायर्ड आईएएस अधिकारियों का नाम लिया है। हालांकि पूरन कुमार आत्महत्या के बजाए नौकरी से इस्तीफा भी दे सकते थे और इस अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ सकते थे। लेकिन शायद उन्हें भरोसा नहीं था कि जीते जी उन्हें न्याय मिल पाएगा। अब सैनी सरकार पर दलित संगठनों और विपक्ष का दबाव बढ़ता जा रहा है कि वो आरोपी अफसरों को गिरफ्तार करे और उनके खिलाफ एक वरिष्ठ अफसर को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज करे। लेकिन यह इतना आसान नहीं है। गिरफ्तारियां हो भी गईं तो अदालत में आरोप सिद्ध करना मुश्किल है। दूसरे, दिवंगत पूरन कुमार की भावनाएं अपनी जगह हैं, लेकिन बहुत बड़े पैमाने पर पुलिस अफसरों पर कार्रवाई महकमे में गलत संदेश दे सकती है। इस मामले में गहराई से जांच होनी चाहिए और सरकार को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# कितने समावेशी, सुगम, सांस लेने लायक हैं 'स्मार्ट सिटीज़'

**जब 2015 में 'स्मार्ट सिटीज़ मिशन' शुरू हुआ, तो इसका वादा था कि शहरी भारत को उच्च तकनीक और नागरिक-हितैषी स्थानों के नेटवर्क में बदल देगा। यह नवाचार, सतत विकास और आधुनिक प्रशासन की भाषा के साथ आया, जिसमें 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' और क्षेत्र-आधारित विकास को प्रमुख बनाया गया। कागज़ पर यह भविष्य की ओर एक दूरदर्शी छलांग लगती थी, लेकिन एक दशक बाद, उसकी चमक फीकी पड़ गई है। 'कमांड सेंटर्स,' 'डिजिटल कियोस्क' और 'सेंसर' से भरे खंभों के नीचे विस्थापन, पर्यावरणीय क्षरण और साझा शहरी संसाधनों की बर्बादी की एक गहरी कहानी छुपी है।**

टिकेंदर सिंह पंवार

'स्मार्ट सिटी' का विचार समावेशी योजना से नहीं, बल्कि पूंजी-प्रधान बुनियादी ढांचे के जुनून से जुड़ गया–ऐसा ढांचा जिसे अक्सर लोगों के जीवन अनुभवों की अनदेखी कर तैयार किया गया। इसका आधार न तो पारिस्थितिक समझ थी और न ही समुदाय की भागीदारी, बल्कि एक सीमित तकनीकी सोच थी। शहर-दर-शहर फुटपाथ, पार्क, झीलें और खेल-मैदान–वे स्थान जो कभी शहरी जीवन में रोजमर्रा के हिस्से थे–स्मार्ट पुनर्विकास के नाम पर या तो हड़प लिए गए, उपेक्षित किए गए या नष्ट कर दिए गए।

'स्मार्ट सिटीज़ मिशन' के प्रमुख शहरों में से एक बेंगलुरु को ही लें। इस योजना के तहत यहां तेजी से फ्लाईओवर और सिग्नल-फ्री कॉरिडोर बनाए गए। इन परियोजनाओं ने वाहनों की आवाजाही आसान करने का दावा तो किया, लेकिन चुपचाप फुटपाथों को निगल लिया। 'मिलर्स रोड' जैसे इलाकों में, नए बनाए गए पैदल रास्ते जल्दी ही निर्माण के मलबे से ढक गए। यहां तक कि शहर के ऐतिहासिक हरित क्षेत्र 'क्यूब्बन पार्क' तक को नहीं बख्शा गया। पार्क के भीतर एक 'सेंसरी पार्क' बनाने का प्रस्ताव संवेदनशील क्षेत्रों के लिए खतरा बन गया।



यह कोई अकेला मामला नहीं था। भोपाल, जो एक और स्मार्ट सिटी है, में पैदल-पथ टूटे, अस्थायी दुकानों से घिरे या फिर पूरी तरह गायब थे। यही कहानी रांची में भी दिखी, जहां फुटपाथों पर रोजाना मोटरसाइकिलें और कारें खड़ी कर दी जाती थीं, जिससे पैदल चलने वालों को मजबूरी में व्यस्त सड़कों पर उतरना पड़ता था। 'वॉकिंग फ्रेंडली' शहरों के वादों के बावजूद, जमीनी हकीकत पैदल यात्रियों के लिए लगातार असुरक्षित बनी रही।

साझा संसाधनों पर यह हमला सिर्फ फुटपाथों तक सीमित नहीं था। झीलें, आर्द्रभूमियां और शहरी पार्क–जो लंबे समय से पारिस्थितिक और सामाजिक धरोहर रहे हैं–हाई-प्रोफाइल पुनर्विकास की दौड़ में नुकसान झेलते रहे। कोयंबटूर में सात ऐतिहासिक झीलों का 'स्मार्ट सिटी' बजट से सौंदर्यीकरण किया गया–वहां वॉकवे, फव्वारे और 'व्यूइंग डेक' बनाए गए, लेकिन एक साल के भीतर ही, इनमें से कई झीलें कचरे से पटीं और मच्छरों से भरी बदहाल जगहों में बदल गईं। जो झीलें कभी सामुदायिक स्थान हुआ करती थीं, वे अब घेराबंदी वाले, अर्ध-निजीकृत इलाके बन गईं–जहां मुख्य जोर सामाजिक उपयोगिता पर नहीं, बल्कि दिखावे पर था।

कोलकाता में यह कहानी और भी खतरनाक रूप ले चुकी थी। स्मार्ट सैटेलाइट सिटी के रूप में प्रचारित 'राजारहाट' या 'न्यूटाउन' के विकास ने क्षेत्र की पारिस्थितिकी को आकार देने वाली आर्द्रभूमियों और तालाबों को योजनाबद्ध तरीके से मिटा दिया। जलाशयों को पाटा गया और उनके ऊपर लक्जरी हाउसिंग और 'टेक-पार्क' बना दिए गए। इसे जलवायु-संवेदन टाउनशिप के रूप में बेचा गया था, लेकिन वह पारिस्थितिक भूल का एक क्लासिक उदाहरण बनकर रह गया। इसी तरह गुवाहाटी में भी 'सोलाबील' जैसी छोटी आर्द्रभूमियों पर अतिक्रमण हुआ, जिससे सिर्फ जल-प्रणालियां ही नहीं, बल्कि उन पर आश्रित गरीब समुदायों का भी विस्थापन हुआ।

इसी बीच, बुनियादी ढांचे के उपेक्षित स्थल–फ्लाईओवर और ओवरब्रिज के नीचे की जगहें–या तो नजरअंदाज होती रहीं या व्यावसायिक क्षेत्रों में बदल दी गईं। अहमदाबाद में इन स्थानों को शुरुआत में जीवंत सार्वजनिक स्थलों के रूप में विकसित करने की योजना थी, जहां पुस्तकालय, बाजार और छायादार जगहें होतीं, लेकिन क्रियान्वयन में देरी हुई और कई स्थान कचरे के ढेर या अनौपचारिक पार्किंग स्थलों में बदल गए। बेंगलुरु में भी यही प्रवृत्ति देखी गई, जब तक कि 'द अग्ली इंडियन' जैसे नागरिक समूह आगे नहीं आए और रंग, सफाई और सामुदायिक भागीदारी से इन मृत पड़े इलाकों को फिर से जीवंत नहीं किया।

'स्मार्ट सिटी' परियोजनाओं के तहत झुग्गी पुनर्विकास भी गरीबों के विस्थापन का आसान जरिया बन गया। अहमदाबाद में 'रमो टेकरी' जैसी झुग्गी बस्तियों को 'स्मार्ट सिटी' पुनर्विकास के लिए बिना समुचित सर्वेक्षण या समुदाय की भागीदारी के चिह्नित कर दिया गया। पुणे और भुवनेश्वर जैसे शहरों में, स्मार्ट सिटी योजनाओं के तहत बनाए गए किफायती आवासों ने पुरानी बस्तियों को कठोर ऊंची इमारतों से बदल दिया, जिससे वर्षों में विकसित सामाजिक और पारिस्थितिक तंत्र टूट गया। इन तमाम उदाहरणों में एक पैटर्न उभरता है–पारिस्थितिकी की सुनियोजित अनदेखी। 'स्मार्ट सिटीज़ मिशन' ने पर्यावरणीय स्थायित्व की बजाय ठोस बुनियादी ढांचे–कांक्रीट की सड़कें, 'कमांड सेंटर्स,' निगरानी कैमरे–को तरजीह दी। शहरी झीलों का संरक्षण नहीं, सिर्फ सौंदर्यीकरण हुआ। पार्कों में 'वाई-फाई' और 'एलईडी बोर्ड' तो लगाए गए, लेकिन छांव और सफाई की कोई व्यवस्था नहीं हुई। तकनीकी चमक ने इस खोखलेपन को ढक दिया। स्मार्ट सड़कों का निर्माण बिना जल-निकासी योजना के हुआ। फुटपाथ बिछाए गए, मगर उनके जुड़ाव या सुगमता की परवाह नहीं की गई। नदी किनारे के तटबंध बनाए गए, जबकि ऊपरी हिस्सों की आर्द्रभूमियों को पाटा गया।

हालांकि नागरिक सिर्फ मूक दर्शक नहीं बने रहे। कई शहरों में साझा संसाधनों के दुरुपयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए। बेंगलुरु में निवासियों ने 'हेब्बल झील' के निजीकरण के खिलाफ अभियान चलाया। जयपुर में, जब स्थानीय प्रशासन 'स्मार्ट सिटी' की मान्यता पाने की कोशिश कर रहा था, तब सुप्रीमकोर्ट ने 'जलमहल झील' को प्रदूषित करने पर फटकार लगाई। नवी-मुंबई में पर्यावरण समूहों ने तब चेतावनी दी जब 'डीपीएस झील' को आसपास के निर्माण के चलते जल-अवरोधों का सामना करना पड़ा। भोपाल में भी आम लोगों के विरोध के चलते शहर के फेंफड़े माने जाने वाले खुले इलाकों से प्रस्तावित 'स्मार्ट सिटी' को हटाया गया।

इससे भी ज्यादा चिंताजनक था, तकनीक पर आंख मूंदकर भरोसा करना। शहरों ने करोड़ों रुपये 'इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर्स,' 'ट्रैफिक सेंसर' और 'निगरानी नेटवर्क' पर खर्च किए। इसके बावजूद साफ हवा, प्रभावी जल-निकासी और सुरक्षित पैदल यातायात जैसी बुनियादी समस्याएं जस-की-तस रहीं। एक समीक्षक ने ठीक ही कहा, 'आपके पास यह बताने वाला ऐप तो हो सकता है कि अगली बस कब आएगी, लेकिन उसका क्या फायदा अगर बस-स्टॉप या वहां तक पहुंचने के लिए फुटपाथ ही नहीं है?'

'स्मार्ट सिटी मिशन' अपने मौजूदा स्वरूप में भारतीय शहरी विकास की एक गहरी बीमारी को उजागर करता है–बिना सामाजिक और पारिस्थितिक जटिलताओं को समझे आधुनिक दिखने की चाह। साझा संसाधन–वे अव्यवस्थित, जीवंत और साझा स्थान–जो बाजारीकरण का विरोध करते हैं, 'स्मार्ट सिटी' की कल्पना के लिए हमेशा असुविधाजनक रहे। उनका आसानी से व्यवसायीकरण या मानकीकरण नहीं किया जा सकता था, इसलिए उन्हें मिटा दिया गया, घेर दिया गया या इस हद तक पुनर्परिभाषित कर दिया गया कि उनका मूल स्वरूप ही खो गया।

फिर भी, भविष्य मिटाने की इस प्रक्रिया का विस्तार नहीं होना चाहिए। जब शहर जलवायु परिवर्तन, सामाजिक असमानता और सार्वजनिक विश्वास के संकट से जूझ रहे हैं, तो यह एहसास बढ़ रहा है कि स्मार्टनेस को नए सिरे से परिभाषित किया जाना चाहिए – सेंसर की संख्या या स्मार्ट सड़कों के वर्ग मीटर से नहीं, बल्कि इस बात से कि कोई शहर कितना समावेशी, सुगम, सांस लेने लायक और लोकतांत्रिक है। तब शहरी भारत स्मार्ट नहीं, बल्कि बुद्धिमान भी बन सकेगा। (सप्रेस)

अध्यात्म

## जो पद का घमंड करते हैं, उन्हें नहीं मिलता सम्मान



जो लोग अपने पद का घमंड करते हैं, उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

एक राजा सभी की मदद करता था और अपनी प्रजा की अच्छी तरह देखभाल करता था। प्रजा के हाल जानने के लिए एक दिन राजा वेश बदलकर अपने नगर में घूम रहा था।

राजा ने मार्ग में देखा कि एक मजदूर बड़ा पत्थर हटाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन वहां कोई भी व्यक्ति उसकी मदद के लिए नहीं रुक रहा था। एक अन्य व्यक्ति पत्थर को नहीं हटा पाने की वजह से मजदूर को डांट रहा था। ये देखकर राजा ने उस व्यक्ति से कहा कि अगर तुम भी इस मजदूर की मदद करोगे तो ये पत्थर जल्दी हट जाएगा।

उस व्यक्ति ने कहा कि मैं इसका ठेकेदार हूं और मेरा काम पत्थर हटाने का नहीं है। ये बात सुनकर राजा खुद उस मजदूर के पास गए और पत्थर हटाने के लिए उसकी मदद करने लगे। कुछ ही देर में वह पत्थर रास्ते हट गया। गरीब मजदूर ने मदद करने वाले अनजाने व्यक्ति को धन्यवाद कहा। पत्थर हटने के बाद राजा ने मजदूर के ठेकेदार से कहा कि भाई भविष्य में कभी भी तुम्हें एक मजदूर की जरूरत हो तो राजमहल आ जाना। ये बात सुनकर ठेकेदार हैरान हो गया। उसने ध्यान से देखा तो उसे समझ आया कि उसके सामने राजा हैं। राजा को पहचानते ही ठेकेदार क्षमा याचना करने लगा। राजा ने उससे कहा कि दूसरों की मदद करना ही मानवता है। अगर हम अपने पद का घमंड करेंगे तो हमें कभी भी मान-सम्मान नहीं मिलेगा। ये बातों ठेकेदार को समझ आ गई और उसने भविष्य में दूसरों की मदद करने का संकल्प लिया। इस कथा की सीख यही है कि हमें जरूरतमंद लोगों की अपने सामर्थ्य के अनुसार मदद जरूर करनी चाहिए। दूसरों की मदद करने वाले लोगों को घर-परिवार और समाज में मान-सम्मान मिलता है।

# अदृश्य किसान : महिलाओं का अदृश्य श्रम और मान्यता की लड़ाई

**भारत की खेती की छवि में अक्सर पुरुष किसान को ही केंद्र में रखा जाता है – हल की कमान थामे, मंडी में उपज बेचते, और कृषि नीति के दस्तावेज़ों में प्रमुख भूमिका निभाते हुए। पर असल खेतों में जो दिन-रात मेहनत करता है, जो बीज चुनता, रोपाई करता, कटाई के बाद अनाज को घर की रसोई तक पहुँचाता है – वह अधिकतर बार एक महिला होती है। फिर भी नीतिगत दृष्टि और सार्वजनिक धारणा दोनों में वह लगभग गायब है। यही वह गहरी असमानता है जो भारतीय कृषि की रीढ़ को अदृश्य बनाती है।**

निलेश देसाई

गांवों की कहानियाँ और स्थानीय अनुभव साफ बताते हैं कि कृषि कार्य का बहुत बड़ा हिस्सा महिलाओं के कंधों पर टिका है। रोपाई, निराई-गुड़ाई, बीज संरक्षण, कटाई, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण – इन सबमें उनकी भूमिका निर्णायक है। इसके बावजूद, भूमि स्वामित्व, कृषि ऋण, बीमा या सरकारी योजनाओं में उनका प्रतिनिधित्व अत्यंत सीमित है। यह असमानता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक पहचान, निर्णय-शक्ति और अधिकारिता से भी जुड़ी हुई है।

इस अदृश्यता की जड़ें गहरी सामाजिक संरचनाओं में हैं। ग्रामीण इलाकों में भूमि का स्वामित्व अब भी प्रायः पुरुषों के नाम दर्ज होता है – पितृसत्तात्मक विरासत, विवाह व्यवस्था और सामाजिक मान्यताओं के कारण। नतीजतन महिलाएं भूमि की वास्तविक उत्पादक होते हुए भी कानूनी रूप से 'किसान' नहीं मानी जातीं। कृषि नीति और बैंकिंग प्रणाली भूमि स्वामित्व के आधार पर चलती हैं, जबकि खेती का अधिकांश काम और निर्णय महिलाएं करती हैं। वे खेतों की जीवंतता बनाए रखती हैं, पर नीति की नज़र में 'सहयोगी' बनी रहती हैं। मीडिया, शिक्षण सामग्री और विज्ञापन में भी किसान की छवि पुरुष की ही होती है – यही प्रतीक समाज की सामूहिक धारणा को दिशा देता है।

जनगणना और कृषि सर्वेक्षणों में भी महिलाओं की भूमिका अक्सर अस्पष्ट रहती है। अधिकांश प्रश्नावली भूमि स्वामी या 'मुख्य किसान' पर केंद्रित होती है, जिससे महिलाओं का योगदान दर्ज़ ही नहीं होता। यह डेटा-अंधापन नीतिगत अंधेपन में बदल जाता है। जब श्रम दिखाई नहीं देता, तो नीति भी उस पर केंद्रित नहीं होती। इस अदृश्य श्रम के परिणाम गहरे हैं। भूमि या ऋण तक पहुँच न होने से महिलाएं आर्थिक निर्णयों में भाग नहीं ले पातीं। उनकी आय, बचत और पूँजी संचय की क्षमता सीमित रहती है। जब समाज उनके श्रम को पहचान नहीं देता, तो इसका सीधा असर उनकी आत्मनिर्भरता और सामाजिक भागीदारी पर पड़ता है। सरकारी योजनाएँ भी तब तक प्रभावी नहीं हो सकतीं, जब तक वे महिलाओं की वास्तविक भूमिकाओं को ध्यान में रखकर न बनाई जाएँ। उदाहरण के लिए, यदि बीज बैंक, पशुपालन या खाद कार्यक्रम केवल पुरुष मुखिया के माध्यम से संचालित हों, तो वास्तविक उपयोगकर्ता यानी महिलाएं उनसे जुड़ नहीं पातीं। आपदा या जलवायु संकट की स्थिति में जब मुआवजा और बीमा का अधिकार पुरुषों के नाम पर होता है, तो परिवार की आजीविका और पोषण सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है।

झाबुआ जैसे आदिवासी इलाकों में यह स्थिति और गहराई से महसूस होती है। संपर्क संस्था के लंबे अनुभव बताते हैं कि महिलाएं खेती की हर प्रक्रिया में केंद्रीय भूमिका निभाती हैं। वे ही बीजों का चयन और संरक्षण करती हैं, पौधों की रोपाई, निराई-गुड़ाई, जैविक खाद की तैयारी, फसल कटाई और पशुपालन तक हर काम संभालती हैं। इन कार्यों में उनका पारंपरिक ज्ञान, मौसमी समझ और बारीकी से जुड़ी मेहनत ही स्थानीय खेती को टिकाऊ बनाए



रखती है। विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के परिवारों में महिलाएं खेत और घर के बीच पुल की तरह हैं – एक ओर वे उत्पादन में लगी हैं, दूसरी ओर घर की खाद्य सुरक्षा और पोषण की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर है। संपर्क संस्था द्वारा संचालित कई गांवों में जब 'महिला खेत पाठशालाएं' शुरू की गईं, तो यह पहली बार सामने आया कि महिलाएं कितनी गहरी कृषि समझ रखती हैं। मिट्टी परीक्षण, देसी बीजों की पहचान, गोमूत्र और नीम से जैविक घोल तैयार करने की विधियां – ये सब वे सहज रूप से जानती थीं। परंतु जब प्रशिक्षण या योजना की बात आती थी, तो सरकारी अभिलेखों में किसान के रूप में केवल पुरुष का नाम दर्ज होता था। परिणामस्वरूप महिलाएं कृषि ऋण, फसल बीमा, या किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधाओं से वंचित रह जाती थीं।

झाबुआ में कई बार यह भी देखा गया कि जब सूखा या बेमौसमी वर्षा ने फसल को नुकसान पहुंचाया, तो महिलाओं ने ही वैकल्पिक आजीविका के उपाय खोजे – सब्जी बाड़ी, बकरी पालन, या देसी बीजों का आदान-प्रदान। संपर्क संस्था द्वारा संचालित 'पशु सखी' कार्यक्रम में दर्जनों महिलाएं प्रशिक्षित होकर न केवल अपने गांव में पशु स्वास्थ्य की सेवा दे रही हैं, बल्कि अतिरिक्त आमदनी भी अर्जित कर रही हैं। इससे यह सिद्ध हुआ कि जब महिलाओं को निर्णय का अधिकार और तकनीकी सहयोग मिलता है, तो वे न केवल उत्पादन बढ़ाती हैं बल्कि पूरे समुदाय की आर्थिक स्थिरता को भी मजबूत करती हैं।

जलवायु परिवर्तन के दौर में यह भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। जब वर्षा चक्र अनिश्चित हो रहे हैं, जलस्रोत सूख रहे हैं, और मिट्टी की उर्वरता घट रही है, तब महिलाएं अपने अनुभव और पारंपरिक ज्ञान से अनुकूलन के नए रास्ते खोज रही हैं। झाबुआ के कुछ गांवों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से देसी बीज बैंक बनाए हैं, स्थानीय फसलों की मिश्रित खेती शुरू की है और खेतों में जल संरक्षण के लिए छोटे-छोटे गड्ढे और बोरी बंधान तैयार किए हैं। यह कार्य संपर्क संस्था के मार्गदर्शन में हुआ है, पर असली नेतृत्व गांव की महिलाओं ने ही निभाया है। उनके अनुसार 'जल और बीज दोनों को बचाना ही आने वाले समय में खेती को बचाना है।'

कृषि नीति के स्तर पर देखें तो महिला किसानों की पहचान अभी भी अधूरी है। भूमि का स्वामित्व प्रायः पुरुषों के नाम पर होता है, जिससे महिलाएं 'सहायक' के रूप में देखी जाती हैं, 'निर्णयकर्ता' के रूप में नहीं। संपर्क के अनुभव बताते हैं कि जहां-जहां भूमि का संयुक्त स्वामित्व पति-पत्नी के नाम पर हुआ, वहां महिलाओं की भागीदारी निर्णयों में स्पष्ट रूप से बढ़ी है। वे न केवल तकनीकी सलाह लेती हैं, बल्कि बाजार से सौदे भी खुद तय करने लगी हैं। यह आत्मविश्वास केवल अधिकार से आता है।

नीतियों में भी अब यह मान्यता दी जानी चाहिए कि किसान केवल वह नहीं जो हल चलाता है, बल्कि वह भी जो मिट्टी की नमी, बीज की पहचान, पशु की सेहत और घर की थाली – सबके बीच संतुलन बनाए रखता है। किसान एक प्रक्रिया है, और इस प्रक्रिया का आधा हिस्सा महिलाएं निभा रही हैं। यदि हम टिकाऊ और न्यायपूर्ण कृषि की दिशा में बढ़ना चाहते हैं, तो महिला किसानों को नीति, योजना और संसाधनों में बराबर की हिस्सेदारी देना अनिवार्य है।

झाबुआ के अनुभव यह भी बताते हैं कि जब महिलाएं संगठित होती हैं, तो केवल खेत ही नहीं, पूरा समुदाय बदलता है। महिला किसान समूहों ने न केवल अपनी खेती सुधारी, बल्कि गांवों में बच्चों की शिक्षा, पोषण और स्वच्छता के मुद्दों पर भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने सिद्ध किया कि 'कृषि' केवल उत्पादन नहीं, बल्कि जीवन जीने की सामूहिक प्रक्रिया है। भारत के खेतों में हर उगती फसल, हर बोया बीज किसी न किसी महिला के हाथों से जुड़ा है। फिर भी जब नीतियां बनती हैं, तो उनका नाम सूचियों में नहीं होता। अब समय है कि यह अदृश्यता समाप्त हो। खेत की आधी आबादी को नीति में आधी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। जब महिलाएं किसान के रूप में पहचानी जाएंगी, तभी भारतीय कृषि सचमुच 'समानता, स्थायित्व और सम्मान' की दिशा में आगे बढ़ेगी।

## आज का कार्टून




# राशिफल

**मेष**

धर्म–कर्म के प्रति विश्वास बनाये रखें। व्यापार में उन्नति के अवसर मिलेंगे। अपनी भावी योजनाओं को लेकर थोड़े कन्फ्यूज हो सकते हैं।

**वृषभ**

आज परिजनों के साथ घूमने के लिये जा सकते हैं। गले में संक्रमण की शिकायत हो सकती है। आज अपने व्यक्तिगत कार्यों को अत्यधिक महत्व देंगे।

**मिथुन**

वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका दायरा मजबूत होगा। व्यवसाय को लेकर कुछ परेशान रहेंगे।

**कर्क**

आप पर अत्यधिक जिम्मेदारियाँ रहेंगी। वैवाहिक जीवन में थोड़ी उथल–पुथल होने की सम्भावना है। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है।

**सिंह**

दिन आपके लिये काफी अच्छा रहेगा। सम्पत्ति के क्रय–विक्रय से बेहतरीन लाभ मिलेगा। आज आपके ऊपर पुराने ऋण को चुकाने का दबाव हो सकता है।

**कन्या**

कारोबार में आपको बड़ा लाभ हो सकता है। प्रबन्धन से जुड़े लोगों का काम आज बढ़ने वाला है। बच्चों की परवरिश में आज काफी समय देंगे।

**तुला**

महिलाओं का स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। उच्च अधिकारियों से आपको बड़ा लाभ हो सकता है। प्रेम सम्बन्धों का भरपूर आनन्द लेंगे।

**वृश्चिक**

आज आपको कुछ कार्य ऐसे करने पड़ सकते हैं जिनकी आपको अपेक्षा भी नहीं थी। कार्यक्षेत्र की राजनीति के कारण आपको समस्या होगी।

**धनु**

नयी नौकरी ढूँढ रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। नजदीकी व्यक्तियों के साथ किसी गम्भीर विषय पर चर्चा करेंगे। शाम को आपके कुछ काम बिगड़ सकते हैं।

**मकर**

विपरीत परिस्थितियों में फँसे लोगों की सहायता कर सकते हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। लोन से जुड़े हुये अटके काम आज शुरू हो सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना उत्तम रहेगा।

**कुंभ**

बेरोजगार लोगों को अपनी जॉब की चिन्ता हो सकती है। उच्च पदासीन लोगों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। विवादों का समाधान निकल सकता है।

**मीन**

आज अपनी जीवनशैली को सुधारने के लिये धन खर्च करेंगे। साहित्य और लेखन की दिशा में आपकी रुचि बढ़ सकती है। प्रेमीजन को आज कोई महँगा गिफ्ट दे सकते हैं।

# 52 किलो से अधिक गांजे के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

## अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जब्त गांजे की करोड़ो में कीमत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** नगर थाना पुलिस ने मादक पदार्थ के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है । इस बाबत सदर एसडीपीओ अभिजीत कुमार सिंह ने गुरूवार को नगर थाना प्रांगण मे एक प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी है।

उन्होने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को 52 किलो 435 ग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रुपए है।?एसडीपीओ अभिजीत कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने बरमसिया थाना मनसाही जिला कटिहार के रहने वाले ललन साह (36) पिता राजेन्द्र साह तथा संतोष कुमार ठाकुर पिता- सीताराम ठाकुर साकिन कालिबासी थाना सौरबाजार जिला सहरसा



को गिरफ्तार किया है।?पुलिस को सूचना मिली थी कि दोनों तस्कर भारी मात्रा में गांजा लेकर जा रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इन दोनों के पास से 52.435 किलोग्राम गांजा, एक मोबाइल और कुछ नगदी बरामद की है। ?इस संबंध में नगर थाना में कांड संख्या दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है ।साथ ही अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। सदर एसडीपीओ अभिजीत कुमार सिंह ने बताया कि नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

# फर्जी पुलिस वर्दी में ठग गिरफ्तार, जानकीनगर पुलिस ने किया पदार्फाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** जानकीनगर पुलिस इन दिनों लगातार मादक पदार्थ तस्करों और अपराधियों के खिलाफ सख़्त अभियान चला रही है। इसी क्रम में बीती रात रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस ने एक फर्जी पुलिसकर्मी का भंडाफोड़ किया।

जानकारी के अनुसार, चकमका के पास गश्ती कर रही पुलिस टीम ने एक संदिग्ध कार को रोककर जांच की तो उसमें एक युवक पुलिस की वर्दी में संदिग्ध हालात में पाया गया। जब पुलिस अधिकारियों ने उससे पूछताछ की, तो वह एक भी सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इससे पुलिस का शक और गहरा गया। थानाध्यक्ष परीक्षित पासवान ने बताया कि संदिग्ध युवक को थाने लाकर गहन पूछताछ की गई।



पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह असली पुलिस नहीं, बल्कि फर्जी पुलिस है। उसने कबूल किया कि वह पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को ठगने और रास्ते में वाहनों से अवैध वसूली करता था। पुलिस ने फर्जी पुलिसकर्मी की पहचान राजेश कुमार (उम्र 21 वर्ष), पिता स्व. चंदेश्वरी यादव, निवासी- कासिपुर वार्ड नं- 01, थाना मुरलीगंज, जिला मधेपुरा के रूप में की है। तलाशी के दौरान पुलिस को उसके पास से एक फर्जी आईडी कार्ड, पुलिस वर्दी, मारुति कार और 1500 नगद बरामद हुए। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। छापेमारी दल में पु.नि. सह थानाध्यक्ष परीक्षित पासवान, पु.अ.नि. अर्चना कुमारी, पु.अ.नि. विवेक कुमार, सिपाही सूरज कुमार ठाकुर, सिपाही उमेश कुमार, और सिपाही संतोष कुमार शामिल थे।

# तीन दिन से लापता किशोर का शव बहियार में मिला, हत्या की आशंका से इलाके में मचा हड़कंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**■ रूपेश्वरी ओपी पुलिस ने शुरू की जांच, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका**

**बड़हरा कोठी/पूर्णिया।** बड़हरा कोठी प्रखंड के दिबराधानी पंचायत स्थित बहियार में उस वक्त सनसनी फैल गई जब तीन दिन से लापता 16 वर्षीय किशोर का शव झाड़ियों में बरामद हुआ। मृतक की पहचान हल्दीबाड़ी वार्ड संख्या एक निवासी मो. मजहर आलम के पुत्र मो. उमर फारूख उर्फ मो. बाबुल के रूप में की गई है। शव बरामद होते ही पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय ग्रामीणों ने शव को पहचानते ही इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और रोते-बिलखते हुए रूपेश्वरी ओपी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। परिजनों के अनुसार, मो. उमर फारूख 13 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े छह बजे अपने पड़ोसी मो. आलम के पुत्र मो. सरफराज के साथ घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने लगातार खोजबीन की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार सुबह गांव में इस मामले को लेकर पंचायत बुलाई गई थी, जिसमें पंचों ने मो. सरफराज से पूछताछ की, लेकिन उसने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। इसी दौरान मृतक के पिता मो. मजहर आलम ने रूपेश्वरी थाना में आवेदन देकर मो. सरफराज समेत गांव के चार लोगों पर अपहरण का आरोप लगाया था।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान, गांव में छाया मातम

**के नगर/बनमनखी/पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरसी थाना क्षेत्र के कुरवा टोल बिन टोली में बुधवार की रात्रि एक 35 वर्षीय युवक ने अपने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे गांव में मातम का माहौल पसर गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक विनोद महतो (35 वर्ष), पिता रामचंद्र महतो, का विवाह करीब दस वर्ष पूर्व कुरवा टोल बिन टोली में हुआ था। विवाह के बाद से ही वह अपने ससुराल में रहकर मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। बताया जा रहा है कि पारिवारिक कलह से तंग आकर उसने यह कदम उठाया। घटना की जानकारी मिलते ही सुबह गांव में अफरा-तफरी मच गई और मृतक को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

इस संबंध में सरसी थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि कुरवा टोल बिन टोली में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है, वहीं मृतक के परिजनों की ओर से अब तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी

# चाय बनाने के दौरान गैस लीक से लगी आग में तीन घर जलकर राख, दस लाख की संपत्ति खाक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमौर /पूर्णिया।** अमौर थाना क्षेत्र के भवानीपुर पंचायत के वार्ड संख्या 11 में और गुरुवार की सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब चाय बनाने के दौरान गैस लीक होने से अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग की लपटों ने तीन परिवारों के घरों को अपनी चपेट में ले लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह लगभग सात बजे हुई इस घटना में आग इतनी विकराल थी कि घरों में रखे सामानों को निकालने तक का मौका नहीं मिल सका। स्थानीय ग्रामीणों की तत्परता और दमकल कर्मियों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सब कुछ राख में तब्दील हो चुका था। अग्निपीड़ित परिवारों में सुरेश ठाकुर, नरेश ठाकुर और शंकर ठाकुर, तीनों पिता रामदेव ठाकुर, शामिल हैं। पीड़ितों ने बताया कि आग में उनके कपड़े,



जेवरात, नकद रुपये तथा एक ग्लैमर मोटरसाइकिल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। अनुमान है कि करीब 10 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना अमौर थाना एवं अंचल प्रशासन को दे दी गई है। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से राहत सामग्री और मुआवजे की मांग की है।

# विधानसभावार ईवीएम-वीवपैट मशीनों का विखंडीकरण जारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया ।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के तहत पूर्णिया जिले में विधानसभावार EVM और VVPAT मशीनों के विखंडीकरण का कार्य जारी है। गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार ने जिले के वेयरहाउस पहुंचकर पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, अनुशासन और मशीनों की सुव्यवस्थित रख-रखाव की समीक्षा की। निरीक्षण के उपरांत डीएम ने बताया कि इव (बैलेट यूनिट) का विखंडीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि उव (कंट्रोल यूनिट) का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि सभी इव मशीनों को विधानसभावार उनके सीरियल नंबर के अनुसार सुरक्षित ढंग से रखा गया है, ताकि ट्रैकिंग और सुरक्षा में कोई कठिनाई न हो।



### निर्देश और अनुशासन पर जोर

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि वेयरहाउस परिसर में साफ-सफाई और अनुशासन सुनिश्चित रखा जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक कर्मी को पहचान पत्र के साथ उपस्थिति दर्ज करनी होगी और परिसर में मोबाइल फोन लाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

उन्होंने कहा कि 'विखंडीकरण के हर चरण में सतर्क निगरानी आवश्यक है। किसी भी असामान्यता की तत्काल सूचना संबंधित अधिकारी को दी जानी चाहिए। मशीनों की सीरियल नंबरिंग और रख-रखाव में कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए।'

### नोडल पदाधिकारी ने दी जानकारी

एश्ट नोडल पदाधिकारी एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों की कुल 3061 इव मशीनों का विखंडीकरण पूरा कर लिया गया है। अब उव मशीनों का कार्य सुरक्षा और अनुशासन के साथ जारी है। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी निगरानी में की जा रही है ताकि हर गतिविधि का रिकार्ड सुरक्षित रहे।

### पारदर्शिता और भरोसे का संदेश

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभावार विखंडीकरण लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता को मजबूत करता है। उन्होंने कहा, चुनाव की हर तैयारी में अनुशासन और पारदर्शिता जरूरी है। यही मतदाताओं के विश्वास को बनाए रखने की सबसे बड़ी गारंटी है। पूर्णिया जिला प्रशासन के अनुसार यह पूरी प्रक्रिया तय समयसीमा के भीतर, पूरी सुरक्षा और पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाएगी।

# ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज ने आदित्य विजन के साथ की साझेदारी

## ऐज गो सीरीज ने पहली बार बिहार में संगठित रीटेल स्टोर के माध्यम से शुरूआत की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारत के अग्रणी ऊर्जा समाधान प्रदाताओं में से एक ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज ने उत्तरी एवं पूर्वी भारत की सबसे बड़ी कन्ज्यूमर इलेक्ट्रोनिक्स रीटेल चेन्स में से एक आदित्य विजन (तारामंडल स्टोर) के साथ साझेदारी में पहली बार संगठित रीटेल के माध्यम से अपने नए इनोवेशन- द ऐज गो सीरीज- का लॉन्च किया है।




नीलिमा बुर्रा, चीफ स्ट्रैटेजी ट्रांसफोर्मेशन और मार्केटिंग ऑफिसर एवं बिजनेस हैड- ओमनीचैनल रीटेल, ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज ने कहा। उन्होंने आगे कहा आज के उपभोक्ता ऐसे एनर्जी समाधानों की उम्मीद रखते हैं जो सिर्फ फंक्शनल ही न हों; बल्कि उन्हें ऐसे प्रोडक्ट्स चाहिए जो उत्कृष्ट अनुभव भी प्रदान करें। ऐज के साथ हमने एक ऐसी पीढ़ी के लिए पोर्टेबल पावर को नया आयाम दिया है जो कनेक्टेड जीवनशैली अपनाना और ऊर्जा की दृष्टि से आजाद रहना पसंद करते हैं। मजबूत सर्विस नेटवर्क और उद्योग जगत की अग्रणी वारंटी से युक्त हमारे प्रोडक्ट्स भरोसे, परफोर्मेन्स एवं इनोवेशन का बेहतरीन संयोजन हैं, और लोगों को जब चाहे काम करने, अपनी इच्छानुसार जीने और सहजता से सृजन करने में सक्षम बनाते हैं। बिहार हमारे लिए महत्वपूर्ण एवं लाभकारी बाजार है। आदित्य विजन के साथ यह साझेदारी हमें अपने इनोवेशन, आधुनिक तकनीक वाले इन्वर्टर एवं बैटरियों को ऐसे तरीके से दशार्ने का मौका देती है, जो उन्हें सीधे फिजिटली कनेक्टेड उपभोक्ताओं के साथ जोड़ते हैं। आकर्ष सिंह, डायरेक्टर, आदित्य विजन लिमिटेड ने कहा, आदित्य विजन में हम हमेशा से उपभोक्ताओं को सबसे आधुनिक एवं उच्च गुणवत्ता की टेक्नोलॉजी उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहे हैं। ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज के साथ साझेदारी इसी दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है। हमें गर्व है कि हम बिहार, झारखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के उपभोक्ताओं के लिए ऐज गो सीरीज पेश करने वाली पहली संगठित रीटेल चेन हैं- और देश के दूर-दराज वाले इलाकों में भी इनोवेशन एवं सुविधा को सुलभ बना रहे हैं। यह साझेदारी ऊर्जा के स्मार्ट समाधानों को बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की ल्यूमिनस की यात्रा में बड़ी उपलब्धि है, जो एफएमईजी (फास्ट मुविंग एनर्जी गुड्स) ब्राण्ड के रूप में इसके रूपान्तरण को गति प्रदान करेगी। बिहार से शुरूआत करने के बाद यह रोलआउट आदित्य विजन के सशक्त रीटेल नेटवर्क के जरिए बिहार, झारण्ड एवं उत्तर प्रदेश में 180 से अधिक स्टोर्स तक विस्तारित होगा। ऐज गो 1500 को ऐसी पीढ़ी के लिए तैयार किया गया है, जो अपनी इच्छानुसार जीना चाहती है, जब चाहे काम करना और क्रिएट करना चाहती है। ऐज गो 1500 उच्च क्षमता की पावर और एंटरटेनमेन्ट का बेहतरीन संयोजन है। 1200 वॉट आउटपुट और 90 मिनट की रैपिड चार्जिंग के साथ यह 90 से अधिक गैजेट्स को मल्टी-डिवाइस सपोर्ट देती है। इस तरह यह रिमोट वर्कस्टेशन, क्रिएटर्स, उद्यमियों एवं ऑफ-ग्रिड लिविंग के लिए सहज ऊर्जा प्रदान करती है। ऐज भारत का पहला स्मार्ट ऑडियो पोर्टेबल पावर स्टेशन लेकर आए हैं, जो 90 वॉट बिल्ट-इन स्पीकर, दो वायरलैस माइक्रोफोन्स, एक गिटार पोर्ट और ब्लूटुथ कनेक्टिविटी के साथ कभी भी, कहीं भी एनर्जी एवं एंटरटेनमेन्ट को आसान बना देता है। ऐज के सभी प्रोडक्ट्स को अपनी श्रेणी में भारत के सबसे बड़े सर्विस इकोसिस्टम का समर्थन प्राप्त है- 350 से अधिक सर्विस सेंटर, 24 घण्टे में रिस्पॉन्स का वादा, 5 साल की रिप्लेसेबल वारंटी के साथ कभी भी कहीं भी सर्विस- ये सभी पहलु उपभोक्ताओं के अनुभव को कई गुना बेहतर बना देते हैं। सभी प्रोडक्ट्स बीआईएस-सर्टिफाइड और सोलर रैडी है, जो पूर्ण विश्वसनीयता के साथ मंन की संपूर्ण शांति भी देते हैं।

# सडक हादसेमे युवक की दर्दनाक मौत

**मनिहारी/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कटिहार फोरलेन सडक पर अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से युवक की दर्दनाक मौत का मामला प्रकाश मे आया है। गुरुवार को दोपहर अपनी पत्नी के साथ मोटर साईकिल से मनिहारी अपने घर की ओर आ रहा युवक को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी। घटना हादसे में युवक मनिहारी निवासी पंकज यादव (45) पिता शिव नारायण यादव की मौत हो गयी. जबकि गंभीर हालत में उनकी पत्नी सोनी देवी को ग्रामीणों ने ईलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल मे भर्ती कराया. उनकी गंभीर अवस्था को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज हेतु रेफर कर दिया है।युवक की दर्दनाक आकस्मिक मौत से परिजनों में चीख पुकार मची है. गांव में मातमी सन्नाटा है।

# जनता की उम्मीदों पर नई जिम्मेदारी, रानीपतरा की बेटी को जन सुराज ने दिया मौका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**■ खगड़िया विधानसभा से जयंती पटेल प्रत्याशी घोषित, मायके में खुशी तो उम्मीदों का बोझ भी**

**पूर्णिया।** संघर्ष, सेवा और सामाजिक सरोकार के लंबे सफर के बाद रानीपतरा की बेटी जयंती पटेल अब राजनीति के मैदान में उतरने जा रही हैं। जन सुराज पार्टी ने उन्हें खगड़िया विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाकर जनता की उम्मीदों की नई कहानी लिखने का अवसर दिया है। यह खबर जैसे ही उनके मायके रानीपतरा पहुँची, रानीपतरा में हर्ष का माहौल बन गया।

ग्रामीणों ने मिठाई बाँटकर बधाई दी और कहा कि यह न सिर्फ. एक बेटी की उपलब्धि है बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा है। हालांकि, लोगों ने यह भी स्वीकार किया कि अब जयंती पटेल के सामने असली चुनौती जनता का भरोसा जीतने की है— क्योंकि घोषणा तो सफलता की पहली शुरूआत है, जीत की मंज़िल अभी शेष है। रानीपतरा निवासी संजय कुमार चौधरी का कहना है कि जयंती पटेल ने समाजसेवा, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में लगातार काम किया है। उनकी सादगी, जनसरोकार से जुड़ी सोच और वर्षों का संघर्ष उन्हें आम लोगों के करीब लाया। यही कारण है कि पार्टी ने उन पर भरोसा जताया है। स्थानीय निवासी, वकील यादव, दुर्गेश सोनी, अनिल ठाकुर, भगवान पोद्दार, और गजेंद्र ठाकुर ने संयुक्त रूप से कहा कि यह अवसर उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। इस मौके पर उपस्थित रानी पतरा निवासी सुदीप सरकार ने कहा कि ‟जनता की अपेक्षाएँ अब जयंती पटेल से और बढ़ गई हैं। उम्मीद है कि वे इन्हें पूरा करने की दिशा में ईमानदारी से काम करेंगी और खगड़िया विधानसभा क्षेत्र से अपनी जीत दर्ज कर पार्टी के सिर्फ नेतृत्व और आम जनता के भावनाओं की मान रखेगी। जन सुराज पार्टी के इस निर्णय ने स्पष्ट किया है कि राजनीति में अब जनता से जुड़े लोगों को ही आगे लाया जा रहा है।

# निर्दलीय प्रत्याशी राजकिशोर यादव ने किया नामांकन

**कटिहार नगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के दौरान गुरूवार को बरारी विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी राजकिशोर यादव ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद उन्होंने दावा किया कि क्षेत्र की जनता मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य से असंतुष्ट है और बदलाव चाहती है।उन्होने पत्रकारो से बात करते हुए कहाकि मैंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया है, क्योंकि मुझे स्थानीय जनता का पूरा समर्थन प्राप्त है। क्षेत्र की जनता अब परिवर्तन के मूड में है और वह पारंपरिक पार्टियों से हटकर एक नया विकल्प तलाश रही है। मेरा उद्देश्य बरारी क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देना और आम लोगों की समस्याओं का समाधान करना है।

# प्रमंडलस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में उमवि बिजैली की टीम विजेता

## खो खो में उपविजेता बनकर किया संतोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा/कटिहार।** स्कूली बच्चों के लिए आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिजैली की टीम कबड्डी में विजेता रहकर विद्यालय हीं नहीं प्रखंड और जिला को भी गौरवान्वित किया है। तो वहीं खो खो में उपविजेता रहकर हीं संतोष करना पड़ा।टीम अब राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

किशनगंज में आयोजित इस प्रतियोगिता में सहायक शिक्षक अरुण राय, किशोर कुमार झा एवं शारीरिक शिक्षक अमरदीप साह साथ रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहे। विद्यालय सूत्रों से मिली जानकारी के



अनुसार 14 कम आयु वर्ग के बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम जिलास्तर पर अव्वल रह कर प्रमंडलस्तरीय प्रतियोगिता में कटिहार जिला का प्रतिनिधित्व किया। फाइनल मुकाबले में टीम ने कुल 48 अंक अर्जित कर अररिया को 30 अंक से पराजित करते हुए विजेता कप पर कब्जा कर लिया। वहीं खोखो में भी जिला टॉपर स्कूल की टीम उपविजेता रही।बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय प्रधानाध्यापक हीरेन राय,खेल शिक्षक सहित अन्य खेल प्रेमी शिक्षकों को दिया है। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश,स्थानीय मुखिया आलोक कुमार ,पंचायत समिति सदस्य बरुण कुमार राय,पूर्व प्रमुख सूरज साह,भोला दास सहित दर्जनों लोगों ने बच्चों की उपलब्धि पर बधाई देते हुए राज्यस्तर पर अव्वल होने की कामना की है। खो खो में कटिहार टीम उत्क्रमित रनर रहा।

# दीपावली, काली पूजा व छठ को लेकर अमौर थाना में शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमौर /पूर्णिया।** आगामी दीपावली, काली पूजा एवं छठ पर्व को लेकर अमौर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अंचल निरीक्षक अमजद अली ने की। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, मुखिया, प्रतिनिधि व प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक में थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने कहा कि इस बार दीपावली पर पटाखों की बिक्री केवल अनुमंडल पदाधिकारी से अनुमति प्राप्त दुकानों में ही की जाएगी। बिना अनुमति के पटाखों की खरीद-बिक्री करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कम आवाज वाले पटाखे केवल रात 8 से



10 बजे तक छोड़े जा सकेंगे। वहीं, पुलिस अंचल निरीक्षक अमजद अली ने कहा कि दीपावली, काली पूजा और छठ जैसे महापर्वों पर असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने बताया कि सभी छठ घाटों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए घाटों पर बैरिकेडिंग, गोताखोरों की व्यवस्था तथा पर्याप्त प्रकाश (लाइटिंग) की भी सुनिश्चितता की जाएगी। उन्होंने सभी पूजा समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पर्वो के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या अशांति फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। शांति समिति की बैठक में प्रमुख रूप से दलमालपुर पंचायत के मुखिया नियाज अहमद, बंगरा मेहंदीपुर पंचायत के मुखिया मो. कुद्दुस, पूर्व मुखिया अब्दुर्रज्जाक, मुखिया प्रतिनिधि विवेकानंद झा उर्फ छोटकू झा सहित कई गणमान्य नागरिक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी की बाइक के साथ दो नेपाली बाइक चोर गिरफ्तार

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चुनाव को लेकर सीमावर्ती झरौखर थाना बोर्डर के निकट वाहन चेकिंग को और तेज कर दिया गया है.इसी कड़ी में चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो नेपाली बाइक चोर को चोरी की स्प्लेंडर बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया.दोनों की पहचान नेपाल के रौतहट जिला के बंकुल थाना क्षेत्र के सरमुजवा गांव निवासी विजय दास तथा कृष्णा राम के रूप में किया गया है.पुअनि दीपक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों हीरो स्प्लेंडर बाइक से घोड़ासहन से नेपाल की ओर जा रहे थे, तभी पुलिस ने बाइक को रोक चेकिंग किया और सत्यापन करने पर बाइक पर लगे नंबर प्लेट जाली निकला.पुलिस ने दोनों को लगे हाथ गिरफ्तार कर लिया तथा आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया.चेकिंग में मुख्य रूप से पुअनि अनिल कुमार चौबे तथा सीएपीएफ के जवान शामिल रहें।

### स्वास्थ्य जांच कैम्प में संभावित टीबी मरीजों की पहचान की गई



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखण्ड के लक्ष्मीपुर पोखरिया पंचायत के विशुनपुरवा गाँव में गुरुवार को यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हेल्थ कैम्प का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत यह कैम्प लगाया गया है जहाँ फ्री स्वास्थ्य जाँच किया गया जिसमें अल्ट्रा पोर्टेबल ऐक्स रे यूनिट मशीन से यक्ष्मा रोगी की पहचान की गई एवं टीबी रोगियों के परिवार के सदस्यों को भी जाँच के लिए कहा गया एवं इस दौरान पंचायत के अधिक से अधिक लोगों को जाँच कराने की अपील की गई वहीं कैम्प में चिन्हित दस मरीजों का बलगम एकत्रित किया गया एवं जाँच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहाँ टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर टीबी का दवा वितरण कर इलाज शुरू की जाएगी साथ ही कैंप में बीपी जाँच,ब्लड शुगर,एचआईवी,हीमोग्लोबिन,हाइट,वजन का परीक्षण की गई एवं आवश्यक सभी दवा का वितरण किया गया कैम्प में कुल 118 महिला एवं पुरुष का चेस्ट का एक्स रे कर टीबी का स्क्रीनिंग किया गया इस दौरान सीएचओ रिंकू कुमारी,एएनएम नीलम सिंह,हेमलता कुमारी,वरीय उपचार पर्यवेक्षक पप्पू कुमार राय,एसटीएलएस मनोज राम,एलटी सुनील महतो,वर्ल्ड विजन से अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार,जिला समन्वयक रंजन कुमार,मिथलेश कुमार,एक्स-रे टेक्निशियन मोहम्मद सैफ,आशा फैसिलिटेटर रीता देवी,आशा कार्यकर्ता सीमा देवी,लालती देवी,मीरा देवी,प्रतिमा देवी वंदना देवी,आभा देवी समेत अन्य महिला एवं पुरुष ग्रामीण कैम्प में मौजूद थे।

### नेपाली करेंसी के साथ दो नेपाली नागरिक गिरफ्तार



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधान सभा चुनाव को देखते हुए सभी बॉर्डर को कड़ी निगरानी रखा जा रहा है. उसी कड़ी मे गुरुवार की अहले सुबह अठमोहन एसएसबी और झरौखर पुलिस की संयुक्त करवाई मे आठमोहन गिरीघाट बॉर्डर के पास से नेपाल के रास्ते से भारत मे प्रवेश करने के कर्म मे 6 लाख 77हजार नेपाली रुपए के साथ दो नेपाली नागरिक को दबोच लिया गया उक्त नेपाली नागरिक की पहचान बारा जिला के स्तुही गाँव निवासी मोनाफ मियां, शाबिर हुसैन के रूप मे किया गया जिसे कागजी प्रकिया पूरा कर झरौखर पुलिस को सौफ दिया गया.वही झरौखर थाना अध्यक्ष ने बताया की जांच पड़ताल के बाद मालूम हुआ की वह रुपया अठमोहन किसी रिस्तेदार को जमीन रजिस्ट्री कराया था उसी को देने जा रहा था।

### नेपाली गांजा तस्कर को दस वर्ष की सजा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गांजा तस्करी के एक मामले की सुनवाई पूरी करते हुए एनडीपीएस एक्ट के अनन्य विशेष न्यायाधीश आनंद विश्वासधर दुबे ने कांड के नामजद अभियुक्त नेपाली नागरिक डंबर श्रेष्ठ को दोषी पाते हुए उसे 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वही उसके ऊपर दो लाख रुपया जुमार्ना भी लगाया है। जमाने की राशि का भुगतान नहीं करने पर उसे अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। सजायाफता नेपाल के परसा जिला के विजय बस्ती का निवासी है ।एनडीपीएस एक्ट के विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि इस कांड के सूचक पुलिस अवर निरीक्षक नवीन कुमार हैं ।सूचक पुलिस बल के साथ रात्रि में गश्ती पर निकले थे। इसी दौरान पचरुखी और चापरया टोला के बीच बरदहा पुल के पास एक व्यक्ति को पीठ पर बोरा लाद कर ले जाते देखा। वह व्यक्ति पुलिस को देखकर बोरा फेंक कर भागने लगा। जिसे पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। उसके बाद बोरे की तलाशी ली गई ।जिसमें से 22 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ करने पर पकड़ाए व्यक्ति की पहचान नेपाल के डंबर श्रेष्ठ के रूप में हुई। इसी मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने यह फैसला सुनाया है।

### अलग अलग मामले में तीन गिरफ्तार, जेल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने अलग अलग मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगो मे दो वारंटी व एक बाइक चोरी का आरोपित शामिल हैं। गिरफ्तार लोगों की पहचान मुरली गांव निवासी पप्पू कुमार एवं संदीप कुमार शामिल हैं। वही तीसरा जो बाइक चोरी मामले में गिरफ्तार हुआ है वह लौरिया थाना क्षेत्र के राजन कुमार है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि राजन को बाइक चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वहीं संदीप कुमार और पप्पू कुमार के विरूद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था। न्यायालय के आदेश के आलोक में दोनों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों को जेल भेज दिया गया है।

### प्रत्येक बूथ पर लगेंगे दो दो सीसीटीवी कैमरे

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से इस बार के चुनाव में सभी मतदान केंद्रों को सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। प्रत्येक बूथ पर दो-दो सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। सभी कैमरे इंटरनेट एक्सेस से लैस होगा। मतदान केंद्रों पर कैमरा लगाने वाली एजेंसी इसकी तैयारी में लग गयी है। एजेंसी के अनुसार बूथों पर छह सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरा प्रयोग में लाया जाएगा। मतदान तिथि से पूर्व ही सभी जगहों पर कैमरे लगा दिए जाएंगे। वहीं मतदान के दिन व्यवस्था सुचारू रखने को लेकर सभी जगहों पर तकनीकी सहायक मौजूद रहेंगे। सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि मतदान के दिन सभी बूथ पर वेबकास्टिंग की जाएगी। बता दे कि नरकटियागंज विधानसभा अंतर्गत 326 बूथ है। जहां पर कैमरे लगाने का निर्देश दिया गया है।

### आरओ ने बज्रगृह की तैयारियों का लिया जायजा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी अंतिम चरण में है। इसको लेकर गुरूवार को निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने कृषि बाजार प्रांगण में



नरकटियागंज के लिए बनाए गए बज्रगृह गोदाम संख्या चार (ए) और सिकटा विधानसभा के लिए गोदाम संख्या चार (बी) ब्रज गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरओ ने ब्रज गृह में बूथवार मार्किंग के कार्यो, साफ सफाई व अन्य तैयारियों का जायजा लिया और उसे जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इसके बाद आरओ श्री गुप्ता ने मतदान कर्मियों के ठहरने और उन्हें चुनाव संबंधित ब्रीफिंग स्थल का जायजा लिया। आरओ सह एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि नौ नवंबर को करीब दो हजार मतदान कर्मी योगदान करेंगे। उनके लिए गोदाम संख्या सात में व्यवस्था की जा रही है।

### शराब के साथ एक घराया

मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भंगहा पुलिस ने 25 लीटर शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि पकड़ा गया युवक इनरवा थाना के शाहपुर परसौनी गांव के भोला माझी बताया जाता है। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### दहेज के लिए महिला के साथ मारपीट,केस दर्ज

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मानपुर थाना के लौकर गांव में दहेज में बाइक की मांग पूरी नहीं हुई तो महिला के साथ मारपीट व प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर महिला ने थाने में आवेदन देकर केस दर्ज कराया है। पीड़ित महिला ने पुलिस को आवेदन देकर पति अशोक साह जेठानी चंदा देवी देवर परतोष कुमार एंव सास के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# हथियारों के जखीरों के साथ चार कुख्यात अपराधी गिरफ्तार



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुप्त सूचना के आधार पर चिरैया थाना की पुलिस ने एक कुख्यात अपराधी व उसके तीन साथियों को हथियारों के जखीरों के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी को लेकर गुरुवार को चिरैया थाना में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सिकरहना एसडीपीओ उदय शंकर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष व भयमुक्त कराने के उद्देश्य से बुधवार देर शाम चिरैया थाना के समीप वाहन जांच की जा रही थी। इसी क्रम में सूचना मिली कि कुख्यात अपराधी व आर्म्स कारोबारी अजय सिंह उर्फ बघवा दो साथियों के साथ मोतिहारी से चिरैया होते हुए अपने घर कुंडवा चैनपुर टाटा सफारी स्ट्रॉम गाड़ी से जानेवाला है। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 05 पीए 4607 है।यू सूचना सत्यापन के उपरांत चिरैया पुलिस ने थाना के मुख्य गेट के सामने एवं मिश्रौलिया चौक इन दोनों जगहो पर नाकाबंदी करते हुये उक्त वाहन को रोका गया। पुलिस द्वारा नाम पता पूछने पर उसने बताया कि वह जिले के कुंडवा चैनपुर थाना अंतर्गत बरवा खुर्द गांव निवासी स्व० योगेन्द्र सिंह का पुत्र अजय सिंह उर्फ बघवा (58 वर्ष) है। वही उसके पीछे बैठे दो व्यक्ति की पहचान मुन्ना कुमार (21 वर्ष), पिता लक्ष्मण प्रसाद तथा गुड्डू कुमार (20 वर्ष), पिता भरोष साह, जिले के घोड़ासहन थाना अंतर्गत बालापुर गांव का निवासी बताया। जिसके बाद वाहन की तलाशी की गई। जिसमें तीनो के पास से चार आर्म्स, छह मैगजीन, 77 कारतूस व चार मोबाइल एवं 8870 रुपए नगद बरामद करते हुये तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधी अजय सिंह उर्फ बघवा के स्वीकारोक्ति बयान एवं इनके निशानदेही पर कुंडवा चैनपुर थानान्तर्गत बरवा खुर्द गांव स्थित उक्त अभियुक्त के घर से एक पिस्टल एवं एक कट्टा, सहित कुल 62 जिंदा कारतूस बरामद किया गया तथा नगर थाना अंतर्गत एम० एस० कॉलेज परिसर स्थित क्वाटर नंबर 2 में छापामारी करते हुये जिले के घोड़ासहन थाना अंतर्गत श्रीपुर कवैया गांव निवासी स्व० देवेन्द्र सिंह के पुत्र अभियुक्त विवेक सिंह के पास से दो देशी कट्टा, पिस्टल का दो मैंगजीन, तीन जिंदा कारतूस एवं हथियार बनाने वाले समान के साथ उसे गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार पकड़े गये कुख्यात अपराधी व आर्म्स कारोबारी अजय सिंह उर्फ बघवा का पूर्व से भी अपराधिक इतिहास रहा है। वह कुछ वर्ष पहले घोड़ासहन स्थित एक पेट्रोल पंप के मैनेजर की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट कर जेल से बाहर निकला है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिकरहना उदय शंकर, साईबर डीएसपी मोतिहारी अभिनव परासर, चिरैया थानाध्यक्ष सब इंस्पेक्टर महेश कुमार, सब इंस्पेक्टर गौतम कुमार, खगेश नाथ झा, संजीवन पासवान, उत्तम, बृजभार राम, पीटीसी सिपाही धर्मेन्द्र कुमार सहित चिरैया थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

### चौथे दिन भी नहीं हुआ एक भी नामांकन

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रक्सौल और नरकटीया दोनों विधान सभाओं में चुनाव को लेकर तो हलचल बढ़ गई है पर नामांकन करने को लेकर अभी सभी प्रत्यासी उदासीन बने हुए हैं। आज नामांकन करने की तारीख निकलने के चौथे दिन भी दोनों विधान सभाओं से किसी भी प्रत्यासी ने अपना नामांकन दाखिल नही किया है। अभी सिर्फ ग्यारह संभावित प्रत्यसियों ने निर्वाचनी रजिस्टर ( ठफ) कटवाया है। इन संभावित प्रत्यसियो ने कटवाया एनआर रक्सौल एसडीओ मनीष कुमार ने बताया कि रक्सौल विधान सभा से अभी कुल पांच प्रत्यसियो ने और नरकटीया विधान सभा से कुल छः प्रत्यसियो ने ठफकटवाया है। रक्सौल विधान सभा से जिन पांच संभावित प्रत्यसियो ने ठफकटवाया है वे हैं कपिलदेव प्रसाद उर्फ भुवन पटेल, निवर्तमान विधायक प्रमोद सिन्हा, धुरेंद्र कुमार, मो. कलीम और श्याम बिहारी प्रसाद हैं। वहीं नरकटीया विधान सभा से ठफकटवाने वाले संभावित प्रत्यासियो के नाम हैं, भरोस सिंह, लालबाबू प्रसाद, शमशूल हक, मंजर नसीम, विशाल शाह और अभी के निवर्तमान विधायक शमीम अहमद हैं।

## लायंस क्लब, लियो क्लब ने दीपोत्सव कार्यक्रम किया आयोजित

### विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईस्ट चंपारण लायंस क्लब तथा लियो क्लब के द्वारा बुधवार को अमर रिजॉर्ट के सभागार में दीप जलाते हुए विभिन्न प्रतियोगिता तथा



मनोरंजन के साथ दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महिलाओं तथा बच्चों के द्वारा सभागार के मुख्य द्वार पर सैकड़ो दीप जलाते हुए सभी का सभागार में प्रवेश किया । इसके पहले कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिलापाल विजय अग्रवाल, अध्यक्ष अशोक जायसवाल, सचिव सच्चिदानंद पटेल, कोषाध्यक्ष सुधांशु रंजन, रीजन चेयरपर्सन अमित सेन,जोन चेयरपर्सन विनय देवकुलियार, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर मनोज जायसवाल, अमरनाथ साहू, सुजीत कुमार सिंह, लियो अध्यक्ष आदित्य रंजन ने संयुक्त रूप से किया । कार्यक्रम का संचालन लियो क्लब के सचिव अंकित प्रकाश ने किया।प्रतियोगिता में बच्चों के द्वारा फैंसी ड्रेस के साथ पैदल मार्च किया गया। जिसमें रैंकिंग के साथ विजेता को पुरस्कृत किया गया। दूसरी प्रतियोगिता में उपस्थित सभी कपल के द्वारा अपने-अपने भाव प्रदर्शित करते हुए पैदल मार्च किया गया । जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले कई कपल को पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त क्विज प्रतियोगिता, बच्चों एवं महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर, लकी ड्रा के साथ-साथ अनेक प्रतियोगिता हुई जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# मतदाता जागरूकता साईकिल रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मताधिकार का सर्वाधिक महत्व है। बिहार विधानसभा निर्वाचन के लिए पूर्वी चंपारण जिला में 11 नवंबर को मतदान की तिथि निर्धारित है उस दिन सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसको लेकर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत समाहरणालय मोतिहारी के कैंपस से मतदाता जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई जिसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण के द्वारा हरी झंडी दिखाई गई। इस अवसर पर सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। साइकिल रैली में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया । रैली में जिला साइकिल एसोसिएशन ने भी भरपूर सहयोग किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पूर्वी चंपारण जिला के सभी मतदाताओं से 11 नवंबर को अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने की अपील की। जागरूकता रैली में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों से भी जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी लोग मतदाता जागरूकता एंबेसेडर की तरह कार्य करेंगे और अपना मतदान करते हुए अन्य सभी मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करेंगे ताकि जिला में सत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौरभ सुमन, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा, एडीएम शैलेंद्र कुमार भारती, उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार, सहायक समाहर्ता सुश्री प्रिया रानी, उप निर्वाचन पदाधिकारी सरफराज अहमद, वरीय कोषागार पदाधिकारी विजय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, महाप्रबंधक उद्योग शुभम कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह, डीआईओ रविकेश कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा प्रहलाद कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी डीपीओ आईसीडीएस, शिक्षा विभाग के शकील अहमद सहित सभी पदाधिकारी, समाहरणालय संवर्ग के कर्मी गण एवं जिला साइकिल एसोसिएशन के अध्यक्ष/सचिव सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे। समाहरणालय से निकलकर साइकिल रैली राजा बाजार ओवरफ्लाई होते हुए चरखा पार्क( मोतिहारी) तक गई जहां रैली का समापन हुआ इस दौरान लोगों से 11 नवंबर को मतदान करने की अपील की गई।

### नामांकन के चौथे दिन नरकटियागंज शून्य, सिकटा में दो नामांकन

## समर्थकों की भीड़ के साथ नामांकन करने पहुंचे वीरेंद्र गुप्ता और खुर्शीद उर्फ फिरोज अहमद





**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन के चौथे दिन गुरुवार को अनुमंडल में सिकटा विधानसभा से दो अभ्यर्थियो ने अपना नामांकन दाखिल किया। इंडिया गठबंधन के भाकपा माले अभ्यर्थी वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता तथा पूर्व मंत्री खुर्शीद उर्फ फिरोज अहमद ने निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर चंद्रशेखर कुमारन के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पहले बनाये गए हेल्प डेस्क पर अभ्यर्थियो के नामांकन से संबंधित कागजातों की जांच की गई। वहीं 03 नरकटियागंज विधानसभा के लिए चौथे दिन भी नामांकन शून्य रहा। हालांकि सिकटा विधानसभा में नामांकन करने पहुचे अभ्यर्थी के साथ समर्थकों की भारी भीड़ मुख्य द्वार पर जुटी रही। हालांकि अंदर केवल अभ्यर्थी समेत पांच लोगों को हीं प्रवेश दिया गया। सिकटा विधानसभा के आरओ सह डीसीएलआर चंद्रशेखर कुमारन ने बताया कि नामांकन के चौथे दिन दो अभ्यर्थियों का नामांकन दाखिल हुआ है। जबकि आरओ सह एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि नरकटियागंज के लिए चौथे दिन भी नामांकन शून्य रहा। वही 03 नरकटियागंज विधानसभा के लिए अबतक कुल छह एनआर कटाए गए है। वही 09 सिकटा विधानसभा के लिए अबतकक आठ एनआर कटाए गए है।

### दुष्कर्म मामले एक को उम्रकैद व 25 हजार रुपया जुर्माना

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एक दलित युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित करने एवं उसके साथ शादी करने से इनकार कर देने के एक मामले की सुनवाई पूरी करते हुए प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह एससी एसटी एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रमोद कुमार यादव ने नामजद अभियुक्त को दोषी पाते हुए उसे उम्र कैद की सजा सुनाई है ,वही उसके ऊपर पच्चीस हजार रुपया अर्थ दंड भी लगाया है ।अर्थ दंड का भुगतान नहीं करने पर उसे अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। सजायाफ्ता विपुल राव शिकारपुरा थाने के रामपुर गांव का रहने वाला है। एससी एसटी एक्ट के प्रभारी विशेष लोक अभियोजक विजय बहादुर सिंह ने बताया कि घटना डेढ़ वर्ष पूर्व की है ।अभियुक्त विपुल राव एवं पीड़ित युवती के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। अभियुक्त पीड़िता को शादी का झांसा देकर 2 वर्षो तक उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित करता रहा ।इस दौरान पीड़िता गर्भवती हो गई, तब अभियुक्त ने दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया।

## चनपटिया से उमाकांत, वाल्मीकिनगर से दीर्घनारायण ने दाखिल किया नामांकन



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के चुनावी प्रक्रिया में नामजदगी का पर्चा दाखिल करने के चौथे दिन चनपटिया से एक, वाल्मीकिनगर से एक, नौतन से एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र संबंधित निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया। जबकि आज चौथे दिन भी लौरिया एवं बेतिया में खाता नही खुल सका। संभावना है कि शुक्रवार को बेतिया और लौरिया में भी खाता खुलेगा।गुरूवार को वाल्मीकिनगर से जनसुराज के घोषित प्रत्याशी दीर्घ नारायण प्रसाद ने वाल्मीकिनगर के निवार्ची पदाधिकारी सौरभ आलोक के समक्ष पहुंचकर अपना नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। वहीं दूसरी ओर चनपटिया के विधायक उमाकांत सिंह ने पुनः भाजपा प्रत्याशी के रुप में चनपटिया के निवार्ची पदाधिकारी सह डीडीसी सुमीत कुमार के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। श्री सिंह के साथ प.चंपारण के सांसद डा. संजय जायसवाल, सुबे की पशु संसाधन मंत्री रेणु देवी, गोपालगंज के विधानपार्षद भी साथ में मौजूद थे।

## स्पाइन की समस्या सर्वाइकल एवं लम्बर रेडिकुलोपैथी का युवाओं में अधिक प्रकोप : डॉ. गोपाल





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** महागठबंधन में शामिल राजद ने एक बार फिर एकमा विधानसभा से मौजूदा विधायक श्रीकांत यादव पर भरोसा जताया है। पार्टी ने उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव के लिए टिकट देकर मैदान में उतारा है। टिकट की घोषणा होते ही कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। पटना में राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से पार्टी का सिंबल प्राप्त करने के बाद गुरुवार की शाम जब श्रीकांत यादव एकमा पहुंचे, तो कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। विधानसभा क्षेत्र की सीमा क्षेत्र छपरा-सिवान नेशनल हाईवे 531 पर माने ढाला के समीप तथा एकमा बाजार में राजद समर्थकों ने ढोल-नगाड़े बजाकर विधायक का स्वागत किया। जगह-जगह फूलमालाओं से लादते हुए कार्यकताओं ने एकमा में एक बार फिर से श्रीकांत यादव को जिताने के नारों से वातावरण गूंजा दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकताओं व समर्थकों मिठाई खिलाकर विधायक श्रीकांत यादव का गर्म जोशी से स्वागत करते हुए आगामी चुनाव के लिए विजयश्री की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

# एकमा बीआरसी में समावेशी शिक्षा पर तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

### शिक्षकों को दी गई नई शिक्षण पद्धति की जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** बिहार शिक्षा परियोजना, सारण के तत्वावधान में समावेशी शिक्षा विषय पर शिक्षकों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर गुरुवार को एकमा स्थित बीआरसी सभागार में आरंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे बैच का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी योगेंद्र बैठा, प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह, मंजीत कुमार तिवारी, संदीप कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, संजय भारती, मास्टर ट्रेनर दयाशंकर पांडेय व चंद्र प्रकाश वर्मा आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी योगेंद्र बैठा ने मौजूद शिक्षकों को संबोधित करते हुए समावेशी शिक्षा की अवधारणा, उद्देश्य व इसके प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों से ध्यानपूर्वक नियमित प्रशिक्षण लेने की





अपील की। इस मौके पर बीआरसी कर्मी मनीष कुमार सिंह अजीत कुमार अरुण कुमार यादव सत्येंद्र राम, शिक्षक प्रशिक्षणार्थी आशुतोष तिवारी, राजू कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, राज मोहम्मद अंसारी, प्रकाश कुमार यादव, अभिषेक यादव, आशुतोष तिवारी, अनिता कुमारी, प्रीति कुमारी, सरिता कुमारी, पुष्पा वर्मा, ममता देवी, सुनील प्रसाद, गुप्तेश्वर चौधरी, राजेंद्र राम, नूर फातमा, प्रीति शर्मा, चंदेश्वर राम, सनी कुमार राम आदि मौजूद रहे। वहीं पहले दिन के प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनरों दयाशंकर पांडेय व चंद्र प्रकाश वर्मा ने विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षण मॉड्यूल के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के प्रति संवेदनशील व्यवहार, समावेशी शिक्षण पद्धतियों तथा कक्षा संचालन में उनके एकीकरण पर चर्चा करते हुए प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एकमा प्रखंड के लगभग 40 विद्यालयों के एक-एक नामित शिक्षक शामिल हुए।

**Affidavit**

I Amrita Kumari, W/O.-Sri Rakesh Kumar, Village+P.O-Darhis Asadhar, P.S.-Angarghat, District-Samastipur, 848134, do hereby solemnly affirm and declare as follows as per Affidavit No. 16 dated 15.10.2025 That RAUNIT KUMAR is my Son's. That in RAUNIT KUMAR 10th all educational certificate my name mistakely mentioned as AMRITA PANDEY. That in my Aadhar Card my name mentioned as AMRITA KUMARI. That I shall be known as AMRITA KUMARI for all purposes.

# खो-खो प्रतियोगिता में राम लखन सिंह यादव कॉलेज रहा चैंपियन

**कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अरुंजय कुमार सिंह एवं आयोजक प्राचार्य प्रो. डॉ. विजय रजक ने किया।**




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के तत्वावधान में अंतर-महाविद्यालय खो-खो (पुरुष) प्रतियोगिता 2025-26 का सफल आयोजन राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय, औरंगाबाद में किया गया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय क्षेत्र के विभिन्न महाविद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता लीग पद्धति पर आधारित थी। अंकों की तालिका में राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय ने 6 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, गया कॉलेज, गयाजी ने 4 अंकों के साथ द्वितीय स्थान, एसएन सिन्हा कॉलेज, जहानाबाद ने 2 अंकों के साथ तृतीय स्थान तथा अनुग्रह नारायण स्मारक कॉलेज नबीनगर ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान के लिए एसएन सिन्हा कॉलेज, जहानाबाद और एएनएस कॉलेज, नबीनगर के बीच हुए मुकाबले में जहानाबाद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और तीसरे स्थान पर रही। फाइनल मुकाबला राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय, औरंगाबाद और गया कॉलेज, गयाजी के बीच खेला गया, जिसमें राम लखन सिंह यादव कॉलेज ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एक पारी और 8 अंकों के अंतर से विजेता का खिताब अपने नाम किया। गया कॉलेज, गयाजी उपविजेता घोषित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अरुंजय कुमार सिंह, प्राचार्य, किशोरी सिन्हा महिला कॉलेज, औरंगाबाद तथा आयोजक महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. विजय रजक द्वारा नारियल फोड़कर एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रो. डॉ. विजय रजक ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, प्रेस प्रतिनिधियों, खेल प्रभारीगण, टीम प्रबंधक, कैमरा पर्सन तथा सभी सहयोगियों को मोमेंटो, अंगवस्त्र, विश्वविद्यालय फाइल एवं बुके देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ. अरुंजय कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को विकसित करते हैं। आयोजक प्राचार्य प्रो. डॉ. विजय रजक ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल हमारे व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता को मजबूत बनाते हैं। खेल प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक कुमार ने कहा कि यह प्रतियोगिता छात्रों के भीतर प्रतिस्पर्धात्मक भावना और खेल भावना को प्रोत्साहित करने का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. जुबैर आलम की शानदार शायरी और रवि रंजन त्रिपाठी की ऊर्जावान कॉमेंट्री ने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया। विजेता टीम (राम लखन सिंह यादव कॉलेज, औरंगाबाद) का नेतृत्व कप्तान हिमांशु सिंह ने किया। टीम में सुमन कुमार, मनीष, सोमू, अमन, सिद्धार्थ आर्य, गुलशाद, सोनू, जय किशन, रोहित, हर्ष, रौशन एवं राकेश जैसे खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सर्वश्रेष्ठ धावक का पुरस्कार राकेश कुमार (राम लखन सिंह यादव कॉलेज, औरंगाबाद) को मिला, जबकि सर्वश्रेष्ठ चेंजर का खिताब अंशु भारद्वाज (गया कॉलेज, गयाजी) ने जीता। मैच ऑफिशियल्स में अशोक कुमार प्रियदर्शी, चंदन कुमार, यादव पवन सिंह, हरिओम कुमार, ऋतिक कुमार, तथा अंजलि चटर्जी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के बरसर डॉ. विवेक कुमार, डॉ. नरेश कुमार सिंह, डॉ. तरुण माथुर, डॉ. रमेश यादव, डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. संजय कुमार रमन, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. विनिता साव, डॉ. जुबैर आलम, डॉ. एम.डी. इरशादुद्दौला, डॉ. बिपिन कुमार, डॉ. राजेश कुमार चौधरी, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. अर्चना कुमारी, डॉ. संगीता सिंह, डॉ. मतीउर रहमान, डॉ. सुगेन कुमार, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. सुनील कुमार, गया कॉलेज गया जी के खेल प्रभारी अंजनी कुमार, सहित अन्य संकाय सदस्य अर्चना सिंह, राजकुमार सिंह, मुकेश कुमार, सोनम कुमारी, अकाउंटेंट विवेक कुमार, सहायक मिथिलेश महतो, राजाउद्दीन खान, जितेंद्र कुमार, संतन कुमार, लक्ष्मी भूषण, डब्लू गिरी, आर्यन कुमार, गुड्डू कुमार, शत्रुघ्न यादव, अजय वर्मा आदि उपस्थित रहे और विजेता टीम को शुभकामनाएं दी।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जहानाबाद में शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में छात्रों के अंदर भारतीय संस्कृति की महान परंपरा को पुर्नजागृत करने के लिए रूट- टू- रूट कार्यक्रम कराया जा रहा है। इसके तहत जहानाबाद पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जहानाबाद में शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य श्री रविंद्र राम ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस क्रम में कार्यक्रम में शामिल भरतनाट्यम नृत्य की विशेषज्ञ गुरु सोम मंडल ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जहानाबाद में शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम की कार्यशाला का आयोजन करते हुए छात्रों को भरतनाट्यम नृत्य के बारे में न केवल बताया, बल्कि छात्र एवं छात्राओं को नृत्य करके सीखने की शैली के आधार पर उनका अभ्यास भी कराया। उन्होंने भरतनाट्यम नृत्य को साहित्य, इतिहास, भूगोल एवं विज्ञान से जोड़ते हुए बताया कि इस कला में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने इस बात पर बल देते हुए कहा कि किसी भी कला का कभी अंत नहीं होता। शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम की सूक्ष्म एवं गंभीर तत्वों पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने छात्रों को 35 ताल, 9 भाव, विष्णु के दशावतार एवं रागों के बारे में बताया। कार्यशाला के दौरान छात्रों ने भी पूरे मनोयोग से इसमें भाग लिया। इस दौरान संगीत शिक्षक श्री जय प्रकाश रविदास एवं अन्य वरिष्ठ शिक्षक भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। प्राचार्य रविंद्र राम ने छात्रों के लिए इस तरह के शैक्षणिक कार्यशाला के आयोजन पर बल दिया और छात्रों को ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

# सम्मान समारोह में वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन सम्मान समारोह 2025 के अवसर पर जहानाबाद के गांधी मैदान स्थित बुनियाद केंद्र में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई सह बुनियाद केंद्र, जहानाबाद के सौजन्य से किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों और बुजुर्ग व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा सभी सम्मानित अतिथियों को अंगवस्त्र और सम्मान पत्र देकर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान, संवेदना और जागरूकता का प्रसार करना था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके अनुभव और आशीर्वाद से ही समाज और आने वाली पीढ़ियाँ सही दिशा में आगे बढ़ती हैं। साथ ही, उपस्थित नागरिकों को मतदाता जागरूकता अभियान से भी अवगत कराया गया।अधिकारियों ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए विशेष मतदान व्यवस्था की गई है। उन्हें ब्लू पेपर के माध्यम से घर पर ही मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि उन्हें मतदान केंद्र तक आने की आवश्यकता न पड़े। बुनियाद केंद्र की टीम द्वारा ऐसे वरिष्ठ मतदाताओं की पहचान और सूचीबद्ध करने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा, दिव्यांग मतदाताओं के लिए भी प्रशासन द्वारा विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिनमें व्हीलचेयर, स्वयंसेवी सहयोग और परिवहन सुविधा शामिल हैं, ताकि हर मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग कर सके। इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा अधिकारी पूनम कुमारी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की प्रेरणा हैं। उनका अनुभव हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। चुनाव के दौरान उन्हें सुविधाजनक मतदान वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।कार्यक्रम का समापन सम्मान समारोह और सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जहाँ सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि मतदान हमारा अधिकार है, इसे गर्व से निभाएं।

## अलग-अलग मामलों में दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। विसुनगंज थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लोहगढ़ गांव में छापेमारी कर आर्म्स एक्ट के पुराने मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति लोहगढ़ गांव निवासी गुलशन कुमार बताया जाता है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस ने पूर्व में हथियार रखने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उसी मामले में पुलिस ने लोहगढ़ गांव से गुलशन कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति को पुलिस ने जेल भेज दिया है। वहीं मखदुमपुर थाने की पुलिस ने लड़ोआ मोड़ के समीप से कई मामले के फरार आरोपित को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लड़ोआ मोड़ के समीप से सागर कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक पर मारपीट, चोरी समेत कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार युवक को पुलिस ने मेडिकल जांच कराने के बाद जेल भेज दिया है।

# घोसी विधानसभा सीट से रामबली सिंह यादव ने किया नामांकन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनज़र राजनीतिक सरगर्मियां तेज़ हो गई हैं। इसी कड़ी में 217-घोसी विधानसभा क्षेत्र से रामबली सिंह यादव ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।नामांकन के दौरान अनुमंडल कार्यालय परिसर समर्थकों से खचाखच भरा रहा। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से अपने नेता का स्वागत किया और नारेबाजी के साथ पूरे क्षेत्र का माहौल चुनावी उत्साह में डूब गया। नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत में रामबली सिंह यादव ने कहा कि वह जनसेवा और विकास के मुद्दे को केंद्र में रखकर चुनावी मैदान में उतरे हैं। उन्होंने कहा कि मैं घोसी की जनता के आशीर्वाद और विश्वास के बल पर चुनाव लड़ रहा हूं। जनता ने जो प्यार और समर्थन अब तक दिया है, वही मेरी असली ताकत है। मेरा संकल्प है कि घोसी के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि यह चुनाव जनता बनाम भ्रष्ट व्यवस्था की लड़ाई है और अंततः जीत जनता की ही होगी। यादव ने अपने





कार्यकर्ताओं से शांतिपूर्ण और मर्यादित प्रचार-प्रसार करने की अपील की और कहा कि वे घर-घर जाकर विकास की बात करें, न कि किसी तरह की वैमनस्यता फैलाएं। नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए थे। पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। रामबली सिंह यादव के नामांकन के बाद घोसी विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक समीकरणों में नई हलचल देखी जा रही है। समर्थक इसे क्षेत्र में बदलाव की शुरुआत के रूप में देख रहे हैं और बड़ी संख्या में लोगों ने उनके समर्थन में उत्साह प्रकट किया।

## कैंडल लाइट जलाकर मतदाताओं को किया जागरूक

**जहानाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर जहानाबाद की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देश पर गुरुवार को 217 घोसी विधानसभा क्षेत्र की जीविका दीदियों के द्वारा स्वीप गतिविधि के तहत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु संध्या चौपाल तथा कैंडल मार्च का आयोजन काको प्रखंड में किया गया। जहानाबाद जिले के काको प्रखंड में जीविका दीदियों द्वारा स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया।इस दौरान दीदियों ने जनसमुदाय को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया और सभी से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। जीविका दीदियों ने 'पहले मतदान फिर जलपान' का नारा लगाते हुए लोगों को 11 नवंबर 2025 को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सभी को प्रेरित किया।

# सुलहनीय वादों के निपटारे पर जिला जज ने दिया जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। 13 दिसंबर को आयोजित होने वाले साल के अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव तान्या पटेल की उपस्थित थी। प्रधान जिला जज के द्वारा न्यायिक पदाधिकारियों से अपने-अपने न्यायालय से सुलहनीय वादों की सूची यथाशीघ्र जिला विधिक सेवा प्राधिकार को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्हें आज से ही लोक अदालत को लेकर प्रतिदिन जितने भी वाद सुलहनीय प्रकृति के न्यायालय के समक्ष है। उनमें पक्षकारों को काउंसलिंग करते हुए उनके वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु प्रक्रियाओं का पालन करें। इसके साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा पक्षकारों तक नोटिस की तामिला हो, इसका भी ध्यान रखें। जरूरत पड़े तो प्राधिकार से सहयोग प्राप्त कर पक्षकारों को काउंसलिंग करें। न्यायिक पदाधिकारियों ने यथाशीघ्र वादों को चिन्हित करने एवं निर्देशित तथ्यों को पूरी करने का आश्वासन दिया। वहीं



दूसरी बैठक प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने अपने प्रकोष्ठ में खनन पदाधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें आगामी आयोजित होने वाले लोक अदालत हेतु खनन से संबंधित सुलहनीय वाद को यथाशीघ्र चिन्हित कर उसकी सूची प्राधिकार को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त पदाधिकारियों को मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी लाल बिहारी पासवान ने निर्देशित किया कि विभाग अपने स्तर से भी उक्त मामलों में पक्षकारों तक अपनी पहुंच बनाये रखने और वाद को समाप्त कराने हेतु आवश्यक कदम उठाये। उनके द्वारा यह भी कहा गया कि विभाग जितनी जल्दी सूची प्राधिकार को उपलब्ध करायेगा, उतनी आसानी होगी पक्षकारों को काउंसलिंग एवं वाद निस्तारण आसानी से एवं सुलभ रूप से हो सके।

# 197 यात्री बिना टिकट पकड़े गए 55,265 का वसूला जुर्माना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। डीडीयू मंडल द्वारा बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाने के लिए लगातार विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को रफीगंज रेलवे स्टेशन पर किलेबंदी कर बड़े पैमाने पर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान टिकट जांच स्टाफ एवं सुरक्षा बलों की पर्याप्त तैनाती की गई थी। प्लेटफॉर्म, पैदल पुल, प्रवेश एवं निकास द्वारों के साथ-साथ आवागमन कर रही ट्रेनों में भी बारीकी से जांच की गई। यात्रियों को वैध टिकट लेकर यात्रा करने की अपील की गई और जागरूकता भी बढ़ाई गई। अभियान के दौरान कुल 197 यात्रियों को बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार यात्रा करते हुए पकड़ा गया। इनसे जुर्माने के रूप में कुल 55,265 का राजस्व रेलवे ने अर्जित किया। जांच अभियान की वजह से टिकट काउंटरों पर यात्रियों की भीड़ देखी गई। रेल अधिकारियों के अनुसार, इस सघन जांच अभियान का सकारात्मक प्रभाव टिकट बिक्री पर देखने को मिला, जहां पिछले दिन की तुलना में लगभग 100% की वृद्धि दर्ज की गई। यह यात्रियों में टिकट लेने की प्रवृत्ति में आए सुधार को दर्शाता है। रेल प्रशासन ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे सदैव वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें। टिकट अब काउंटर, वेबसाइट, मोबाइल ऐप और एटीवीएम मशीनों के माध्यम से आसानी से उपलब्ध हैं। बिना टिकट यात्रा करना रेलवे अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है।

# चुनाव को लेकर वाहन जांच अभियान शुरू, लाखों रुपये बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जहानाबाद जिला प्रशासन और पुलिस सतर्क मोड में आ गई है। चुनाव आयोग के निर्देश तथा पुलिस अधीक्षक और नगर थानाध्यक्ष के आदेश पर जिले के सभी प्रवेश द्वारों, सीमाओं और चौक-चौराहों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान वाहनों के कागजातों की जांच, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी, तथा वाहनों में रखी नकदी की सख्त जांच की जा रही है। बरामद बड़ी राशि के मामलों में संबंधित व्यक्तियों से उसका पूरा विवरण और वैध प्रमाण मांगा जा रहा है। वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने पर राशि को छोड़ दिया जाता है, जबकि संदिग्ध मामलों में पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है। वाहन जांच अभियान के दौरान अलगाना मोड़ पर एक दोपहिया वाहन से 2,58,000 नकद बरामद किए



गए। पुलिस ने राशि को जब्त कर संबंधित व्यक्ति से उसका विवरण मांगा है। वहीं घोसी मोड़ पर एक चारपहिया वाहन से 2,80,000 नकद बरामद हुए। वैध दस्तावेज दिखाए जाने के बाद इस राशि को छोड़ दिया गया। नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद जिले के सभी बैंक कर्मियों, व्यापारियों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को पहले ही निर्देशित किया गया था कि वे बिना प्रशासनिक जानकारी के बड़ी राशि का परिवहन या लेनदेन न करें।

# महादलित बस्तियों में डीडीसी ने वोटरों ने किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर**। मदनपुर प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 373 के अनुसूचित जाति की बस्ती में महादलित सामुदायिक की महिलाओं को वोट की महता की जानकारी निर्वाची पदाधिकारी 224 रफीगंज सह डीडीसी अनन्या सिंह ने दी और कहा कि वे अपने मतदान केन्द्र पर समय से अपने निर्भिक होकर वोट डालने जाएं। किसी से लोभ लालच और बिना किसी के दवाब में वोट निष्पक्षता से करें। वोट आप लोगों का अनमोल और बहुमूल्य है। मदनपुर प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 373 के अनुसूचित जाति की बस्ती में जाकर मतदाताओं के बीच स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। सभी मतदाताओं को मतदान के दिन निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि महिला पुरुष जिनका वोटर लिस्ट में नाम अंकित है। खास कर नये युवा वोटर्स जरुर वोट करने जाएं। चुनाव एक पर्व है। उत्साह और उमंग के साथ वोट करने जाएंगे। इस अवसर पर बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने लोगों से अपील किया कि मतदान अपने केन्द्र पर निर्धारित समय पर वोट डालने के लिए अवश्य पहुंचेंगे। अधिक से अधिक संख्या में जाएं। पहले वोट डाले फिर जलपान करें।

## 'हमहूं वोट देवे जैबो, तुहुं घरे न रहिह, 11 नवंबर के चलिह'

**जहानाबाद/नबिटा ब्यूरो**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, जहानाबाद के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत 218 मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 174, महादलित टोला पलेया में मतदाता जागरुकता अभियान आयोजित किया गया।कार्यक्रम में जीविका समूह की सक्रिय भागीदारी रही। जीविका दीदियों ने डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया और 11 नवंबर 2025 को अपने नामित मतदान केंद्र पर शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। इस अभियान में जिला स्वीप आइकॉन सह जिला परियोजना पदाधिकारी, नमामि गंगे, अमित कुमार एवं कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मखदुमपुर, अनु राय उपस्थिति रहे।




**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : **Rashtriya Janata Dal**
***Name of the Election** : **Bihar Legislative Assembly**
**Name of State/UT** : **Bihar**
**(1)** Name of Constituency : 93, Kudhani
Name of the candidate : Sunil Kumar Suman

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **1.** Alleged Criminal Offence<br>**2.** Alleged Criminal Office |
| | b. | Case no. | **1.** FIR No. 158/2001 dt. 19.09.2001, PS - Kudhani, Turki, U/s - 447, 341, 323, 353, 504/34 IPC **2.** Complaint Case No. 1330/2007, U/s - 323, 341, 447, 379, 504 IPC |
| | c. | Name of the Court | **1.** JM 1st Class West, Muzaffarpur<br>**2.** JM 1st Class East, Muzaffarpur |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | **(1)** No **(2)** No |
| | e. | Date of conviction, if any | **(1)** Not Applicable **(2)** Not Applicable |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | **(1)** Not Applicable **(2)** Not Applicable |
| | g. | Any other information required to be given | Not Applicable |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | He is very popular in his area and is very active in the social welfare work. He is Intermediate pass. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | His Probability of winning is hire than other candidates. |

**Published by Rashtriya Janta Dal (Bihar Pradesh)**

# नलकूप योजना में 17 लाख का घोटाला

## पतपुरा पंचायत के मुखिया व पूर्व पंचायत सचिव पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड के पतपुरा पंचायत के वर्तमान मुखिया व पूर्व पंचायत सचिव पर नल जल योजना के 17 लाख से अधिक रुपए की फर्जी निकासी को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी गई। मटियावा निवासी राणा प्रताप सिंह ने इसे लेकर डीएम के यहां परिवाद दायर किया था।

पुलिस के अनुसार डिहरी प्रखंड के पतपुरा पंचायत के वर्तमान पंचायत सचिव देववंश पाठक ने मुफ्फसिल थाना में दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि मुखिया कलावती देवी पति सरोज कुमार सिंह व तत्कालीन पंचायत सचिव रमेश कुमार सिंह निवासी समहुता रोहतास द्वारा करीब 17 लाख 21 हजार 847 रुपए का गबन किया गया है। तत्कालीन पंचायत सचिव रमेश कुमार सिंह वर्तमान में शिवसागर प्रखंड क्षेत्र में पदस्थापित हैं। बताया कि जिला पंचायती राज पदाधिकारी और प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा आदेशित पत्र के आलोक में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। बताया कि मुखिया व पंचायत सचिव द्वारा नलकूप योजना मद से वर्ष 2018-19 से 2024 तक 17 लाख 21 हजार 847 रुपए अतिरिक्त निकासी कर गबन किया गया है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## देशी शराब के साथ कारोबारी व वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** आयरकोठा पुलिस ने थाना क्षेत्र के गोही गांव के मुख्य सड़क से एक युवक को पांच लीटर देसी महुआ शराब के साथ पकड़ लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि जिले में दूसरे चरण में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो इसके लिए अवैध कारोबारियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। किसी भी कीमत पर उन्हें बख्सा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि बुधवार की रात गुप्त सूचना पर गोही मुख्य सड़क के समीप छापेमारी कर गोही गांव निवासी पवन पासवान के 45 वर्षीय पुत्र घनश्याम पासवान को पांच लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## गया जंक्शन पर मंडल रेल प्रबंधक ने यात्रियों से किया 'अमृत संवाद'

### विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत नागरिक सहभागिता की पहल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** गया जंक्शन पर मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा यात्रियों के साथ 'अमृत संवाद' किया गया। यह कार्यक्रम विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत यात्रियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करने की एक नागरिक-केंद्रित पहल है जिसका उद्देश्य रेलवे सेवाओं को जन अपेक्षाओं के अनुरूप और अधिक उत्तरदायी बनाना है। अमृत संवाद कार्यक्रम अमृत काल की भावना और पंच प्रण के सिद्धांतों पर आधारित है जिसमें यात्रियों को सेवा सुधार की प्रक्रिया में सहभागी बनाया जाता है। मंडल रेल प्रबंधक श्री मीना ने स्टेशन पर यात्रियों से बातचीत की, उनकी यात्रा से जुड़ी अनुभवों को जाना और सुझावों को गंभीरता से सुना। यात्रियों ने प्रतीक्षालय, प्रसाधन, टिकटिंग, सूचना प्रणाली, दिव्यांग अनुकूल सेवाओं और स्वच्छता सहित रेल सेवा व सुविधा से संबंधित अपने विचार साझा किए। यह संवाद औपचारिक शिकायत प्रणाली से अलग एक सहज और मानवीय संपर्क का माध्यम है जो यात्रियों को उनकी जिम्मेदारी का बोध कराते हुए रेल सेवा एवं सुविधाओं में उत्तरोत्तर सुधार में भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत ऐसे संवाद कार्यक्रम सभी प्रमुख स्टेशनों पर आयोजित किए जा रहे हैं जिससे रेल सेवाओं में पारदर्शिता, सहभागिता और जन विश्वास को सशक्त किया जा सके। अमृत संवाद के अलावा मंडल रेल प्रबंधक श्री मीना द्वारा गया जंक्शन पर यात्री सुविधा, साफ सफाई और कार्यों का निरीक्षण भी किया गया।

## एएसपी ने दो मिट्टी लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** डिहरी राजपुर पथ पर मुख्य बाजार के समीप बुधवार की शाम ट्रैक्टर पर मिट्टी लेकर जा रही दो ट्रैक्टर को एएसपी ने जब्त कर जुर्माना के लिए खनन विभाग के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम मुख्य बाजार से एएसपी गुजर रहे थे तभी देखा कि मिट्टी लदा दो ट्रैक्टर तेज गति से आ रही है। वहीं गाड़ी रोककर मिट्टी की कागजात दिखाने के लिए चालक से कहा। चालक के पास कोई कागजात नहीं होने पर दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर खनन विभाग को जुर्माना के लिए हवाले कर दिया। विदित हो कि एक माह पूर्व शबे बारात की जुलूस के दौरान एसडीएम व एएसपी ने मिट्टी लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया था। जब्त ट्रैक्टर के चालक के निशानदेही पर जब प्रशासनिक अधिकारी मिट्टी कटाई के जगह पर पहुंचे तो देखा कि सरकारी जमीन से दस फीट गहराई तक मिट्टी की कटाई किया गया है। मिट्टी की कटाई के रोक के बावजूद प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर अवैध रूप से मिट्टी की कटाई किया जा रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर को कार्रवाई के लिए खनन विभाग के हवाले किया गया है। मिट्टी कटाई की रोक के बावजूद धड़ल्ले से सरकारी जमीन से मिट्टी की जेसीबी से कटाई होती रहती है। मुख्य बाजार में रात को छोड़ दिन होते ही मिट्टी लदे ट्रैक्टर सड़क पर दौड़ते रहते हैं। पुलिस प्रशासन अधिकारी दिन भर वाहन से आते-जाते रहते हैं मगर अवैध रूप से मिट्टी की कटाई कर धड़ल्ले से चल रहे वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। तीन माह पूर्व चंदा बीघा गांव के समीप मिट्टी कटाई को लेकर ग्रामीण व ट्रैक्टर मालिकों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। मारपीट की घटना के बाद पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने कड़ी कार्रवाई की थी।

## जीविका दीदियों ने बभनडीह पंचायत में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के इमामगंज प्रखंड में प्रगति संकुल संघ अंतर्गत जीविका दीदियों ने गुरुवार को लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल की। बभनडीह पंचायत में दीदियों ने रैली निकालकर और शपथ ग्रहण कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने रैली में नारे लगाए वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है, छोड़ के घर के सरे काम, पहले करें मतदान। उनकी उत्साह से भरी आवाज गांव की गलियों में गूजती रही जिससे माहौल में लोकतंत्र के प्रति उत्साह और जागरूकता की लहर दौड़ गई। जीविका कर्मियों ने भी जोर- शोर से जागरूकता रैली में भाग लिया और लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई। क्षेत्रीय समन्वयक विनय ने अपनी जीविका सामुदायिक सेवा प्रदाताओं की टीम के साथ रैली में भाग ले लोगो को जागरूक किया एवं कई जगह बैठक का आयोजन करा दीदियों को मतदान करने की शपथ दिलाई। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करना और निष्पक्ष एवं सक्रिय मतदान के लिए प्रेरित करना है। जीविका स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दीदियां नियमित बैठकों में स्वयं मतदान करने की शपथ ले रही हैं और साथ ही अन्य ग्रामीणों को भी मतदान के लिए प्रेरित कर रही हैं। यह अभियान न सिर्फ मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में एक कदम है, बल्कि महिलाओं की सामाजिक भागीदारी बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

## स्वास्थ्य विभाग ने चलाया सदर अस्पताल में मतदाता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को सासाराम के सदर अस्पताल में सिविल सर्जन की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें जिला प्रशासन के स्वीप कोषांग के पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। मतदाता जागरूकता अभियान में बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतदाता जागरूकता केंद्र में रक्तदान शिविर मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा और लोगों को बताया गया कि स्वास्थ्य के प्रति आप जितना जागरूक रहते हैं उतना ही मतदान के प्रति भी जागरूक रहे। स्वास्थ्य हमारे जीवन के लिए जीतना जरूरी है। मतदान करना भी हमारे देश के लिए उतना ही जरूरी है इसलिए आप सभी लोग 11 नवंबर को ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने मत का प्रयोग करें। रक्तदान शिविर के अलावा सभी लोगों ने शपथ कार्यक्रम में भी शामिल होकर एक स्वर में सभी लोगों ने मिलकर शपथ लिया और यह विश्वास दिलाया कि हम अपने मतदान के प्रति सजग, सचेत और ईमानदार रहेंगे। पदाधिकारी ने यह भी अपील किया कि आप सभी ज्यादा से ज्यादा लोगों से जुड़ें और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें ताकि हमारा रोहतास जिला पिछले बार की तरह इस बार भी मत प्रतिशत में अव्वल रहे। जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक ने भी इस मतदाता जागरूकता अभियान में भाग लिया और उन्होंने लोगों से अपील की ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग करें और अपने भारत एवं बिहार का भविष्य उज्जवल बनाएं।

## बिहार-यूपी का रिश्ता अटूट : योगी आदित्यनाथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में चुनावी माहौल गर्म है और आज दानापुर विधानसभा में बड़ा राजनीतिक जमावड़ा देखने को मिला। भाजपा उम्मीदवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद दानापुर पहुंचे और रामकृपाल यादव के समर्थन में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। योगी ने दानापुर की ऐतिहासिक पहचान का जिक्र करते हुए कहा कि मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं उस धरती पर आया हूं जो आर्यभट्ट की जन्मभूमि है। उन्होंने अपने भाषण में सम्राट अशोक, महात्मा बुद्ध और चाणक्य (कौटिल्य) को भी याद किया और बिहार की महान विरासत को नमन किया।

## मतदाता जागरूकता अभियान में महिलाओं की बड़ी भागीदारी रही

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** बाल विकास परियोजना के अंतर्गत गुरुवार को सासाराम में मतदाता अभियान चलाया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से महिलाओं की बड़ी भागीदारी रही। सेविकाओं के द्वारा बड़े पैमाने पर मतदाता अभियान चलाया गया। इस अभियान में सेविकाओं ने रंगोली बनाकर मतदाताओं को मत देने के प्रति अपने अधिकार से अवगत कराया। वहीं दूसरी ओर महिला के द्वारा मतदाता गीत गाकर मतदाताओं को प्रोत्साहित किया गया जो यह मुख्य आकर्षण के रूप में दिखा। सभी मतदाताओं को मतदान की प्रति गंभीर होने के लिए सभी लोगों ने एक साथ शपथ कार्यक्रम में शामिल होकर शपथ लिए और शपथ के हरेक शब्द को मतदान के दिन कारगर तरीके से मत देकर इसे पूर्ण करने के लिए एक स्वर में एकजुटता दिखाई। महिलाओं की भागीदारी मतदाता जागरूकता अभियान में देखकर काफी उत्साहपूर्ण स्थिति बनी हुई है। यह कहीं न कहीं विश्वास दिख रहा है कि महिलाएं इस बार रिकॉर्ड तोड़ मतदान करेंगी।

## आर एस के पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दो खेलों में परचम लहराया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** आरएसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने सत्र (2025-26) के दौरान रोहतास जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 में भाग लिया जिसका आयोजन 12 अक्टूबर से 15 अक्टूबर के बीच सासाराम के फजलगंज स्टेडियम में किया गया। इस खेल प्रतियोगिता के दौरान जिले के 500 विद्यालयों के लगभग 8000 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सबसे खास बात यह रही कि आर एस के पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दो खेलों में अपनी सफलता का परचम लहराया। इस प्रतियोगिता के अलग-अलग विधाओं जैसे दौड़, कुश्ती, कबड्डी, वॉलीबॉल, शतरंज इत्यादि में विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया और बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतिभागी के रूप में फ्लोरिना सिंह, श्रेया भारती, पूजा कुमारी, सान्वी राव ने शतरंज प्रतियोगिता में भाग लिया तथा सभी चारों ने 18 अक्टूबर से पटना में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। कुश्ती में प्रियांशु कुमार, आदित्य कुमार, रेहाना परवीन, रीबा प्रवीण, गुड़िया कुमारी, सौम्या कुमारी तथा आकृति कुमारी ने भाग लिया तथा इन सभी सातों प्रतिभागियों ने भी पटना में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह के द्वारा आगामी राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए चयनित सभी प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए उनका मुंह मीठा कराया तथा माला और मेडल पहना कर उनका हौसला बढ़ाया। इन विद्यार्थियों की सफलता के लिए निदेशक ने खेल शिक्षक अरुण कुमार अरुण, बादल गुरु तथा अमित कुमार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय आगे भी खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए आर एस के स्पोर्ट्स अकादमी के द्वारा सभी मूलभूत संसाधनों को उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आर एन सिंह, प्रधानाचार्या प्रेमलता शर्मा, उप प्रधानाचार्य रवि शंकर श्रीवास्तव, पी आर ओ अखिलेश कुमार तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## 250 लीटर शराब बरामद

**सासाराम।** दरिगांव व सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाकर 250 लीटर अंग्रेजी व देशी शराब बरामद किया गया। बताया जाता है कि दरिगांव पुलिस ने विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर 150 लीटर से अधिक देशी शराब बरामद की है।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा आमंत्रण सूचना**
**ऑन लाईन (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी०पी०डब्लू०डी०, एम०ई०एस० अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से **ऑन–लाईन** (ई–निविदा) आमंत्रित करते हैं:–

**निविदा सूचना संख्या– डबलू–7/ ई–टेन्डर/19/ ओपेन/ दानापुर/ 2025–26, क्रम सं.–(1) कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** सीनियर डीईएन/2/ डीएनआर अनुभाग के तहत टीएसआर (पी)–57.718 टीकेएम, टीआरआर (पी)–14.052 टीकेएम, टीएफआर–17.099 टीकेएम, टीबीआर–7.404 टीकेएम। **(2) अनुमानित निविदा राशि :** रू० 7,58,33,844.84, **(3) बयाना की राशि :** रू० 5,29,200/- **क्रम सं.–(2) कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** वरीय मंडल अभियंता/2/दानापुर के अन्तर्गत बैंक का सेस रिपेयरिंग/मानकीकरण (कुल 58.00 टीकेएम)। (दो पकेट प्रणाली) **(2) अनुमानित निविदा राशि :** रू० 14,67,30,351.44, **(3) बयाना की राशि :** रू० 8,83,700/- **क्रम सं.–(3) कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** पुलों की जैकेटिंग के साथ आरसीसी/ पीएससी स्लैब द्वारा गर्डर का प्रतिस्थापन, पटना–गया खंड में पुल संख्या 30 (4x9.22 मीटर) और पुल संख्या 65 (3x9.14 मीटर) में 9.15 मीटर तक के स्पैन वाले 04 स्टील पुल और बख्तियारपुर – राजगीर खंड में पुल संख्या 53 (4x6.10 मीटर) और पुल संख्या 99 (3x6.10 मीटर)। **(2) अनुमानित निविदा राशि :** रू० 8,16,14,174.52, **(3) बयाना की राशि :** रू० 5,58,100/- **(4) बयाना की राशि :** निविदा ऑन लाइन **www.ireps.gov.in** पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित **तिथि 07.11.2025** को **12.00** बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि को **12.00** बजे के बाद निविदा खोली जायेगी। **वेबसाईट नाम एवं निविदा संबंधी सूचना :** 1. निविदा सूचना पात्रता मानदंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट CRIS **website : http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिर्वतन किया जाता है तो, इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा, बल्कि वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। 2. विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी गई सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा। संशोधनों के लिए वेब साइट देखने और तदनुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।

**मंडल रेल प्रबन्धक (इन्जी०) / दानापुर**
पीआर/1156/डीएनआर/ईएनजीजी/टी/25–26/68



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
**(1)** Name of Constituency : **232, बेलागंज**
Name of the candidate : **विश्वनाथ कुमार सिंह**

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले** |
| | b. | Case no. | बेलागंज थाना 607/2024, धारा-174, 223, 189 (3) |
| | c. | Name of the Court | ज्यूडिसियल मजिस्ट्रेट 1st क्लाश |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications. achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है, इनकी शैक्षणिक योग्यता एम.ए., पीएच.डी है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party
*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025
Name of State/UT: - Bihar
(1) Name of the Constituency:- 181 - Digha
Name of the Candidate:- Shri Sanjiv Chaurasia

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | 147/447/188 IPC | 147/149/188/291 / 342/504 IPC | 341, 323, 504, 506/34 IPC |
| | b | Case no. | Rajeev Nagar P.S. Case No.- 224/20 | Kotwali P.S. Kotwali, Patna Case No. 1133/19 | Kadamkuan PS Case No. 469/2015 |
| | c | Name of the Court | ACJM II, Patna | ACJM I, Patna | ACJM XII, Patna |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No | No | No |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | Nothing | Revision No. 541/2022 Pending in Cort of ADJ XXVII, Patna | Nothing |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | He is a well-known social worker having very good reputation in the society. He is also the sitting MLA on this seat. | | |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | In view of his selfless work for the society, the party has preferred him as its candidate | | |


Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

# जिले के सात विधान सभा क्षेत्रों में बनाये गये कुल 2537 मतदान केन्द्र

## दिव्यांग मतदाताओं के लिए रहेगी विशेष व्यवस्था, बनाए जाएंगे रैंप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजनों के लिए मतदान केंद्र को सुगम बनाने के लिए सभी मतदान केंद्र भूतल, सड़क प्रवेश स्तर पर बनाये गये है। दिव्यांग मतदाताओं और व्हीलचेयर वाले वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए उचित ढलान वाले रैंप बनाये गए है। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं और वरिष्ठ नागरिकों को मतदान केन्द्रों पर कतार में इंतजार किए बिना मतदान केंद्रों में प्रवेश के लिए प्राथमिकता दी जायेगी तथा निर्वाचन संचालन नियम 1961 के नियम 49एन के अनुसार दृष्टिबाधित व्यक्ति मतदान केन्द्र पर अपनी ओर से वोट डालने के लिए अपने साथ एक सहयोगी




को ले जा सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आयोग ने दृष्टिबाधित व्यक्तियों की सुविधा के लिए नियमित मतदाता सूचना पर्चियों (वीआईएस) के साथ-साथ ब्रेल लिपि सुविधाओं के साथ सुगम्य मतदाता सूचना पर्चियां जारी करने का निर्देश दिया है। सभी मतदान केंद्रों पर ब्रेल लिपि में डमी बैलेट शीट भी उपलब्ध कराई जाएंगी। कोई भी दृष्टिबाधित मतदाता बिना किसी सहयोगी की मदद के ईवीएम की बैलेट यूनिट पर ब्रेल लिपि सुविधा का उपयोग करके स्वयं इस शीट का उपयोग करके अपना वोट डाल सकता है।दिव्यांग मतदाता के दिव्यांग (सक्षम) मड्यूल पर पंजीकरण कराकर परिवहन और व्हीलचेयर सुविधा का अनुरोध भी कर सकते हैं।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी निर्वाची पदाधिकारी को मतदान के दिन मतदान केंद्र पर दिव्यांगजनों के लिए उचित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि जिले के सात विधान सभा में कुल 2537 मतदान केन्द्र बनाये गये है। जिसमें सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं में शौचालय, पीने का पानी, व्हील चेयर आदि के साथ साइनिज की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

## सभी डिस्पैच सेंटरों का डीएम ने किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा गुरुवार को जिला अंतर्गत विभिन्न डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक मनीष सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा जीडी कलेज में संचालित होने वाले 144 मटिहानी विधान सभा एवं 146 बेगूसराय विधान सभा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बज्रगृह हल, ईवीएम सीलिंग हल सहित




डिस्पैच हेतु मतदान कर्मियों के बैठने तथा गाड़ियों के पार्किंग की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने मतदान सामग्री के भंडारण, डिस्पैच की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, बिजली, पेयजल, स्वच्छता तथा यातायात व्यवस्था से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सुरक्षा बलों की तैनाती, परिवहन व्यवस्था तथा कर्मचारियों के आवागमन की तैयारी की भी जानकारी ली। उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व पूरी कर ली जाए ताकि डिस्पैच एवं सीलिंग के समय किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा 143 तेघड़ा विधान सभा के लिए बनाये गये डिस्पैच सेंटर एपीएसएम कलेज, बरौनी तथा 142 बछवाड़ा विधान सभा के लिए बनाये गये डिस्पैच सेंटर आरकेसी प्लस टू हाई स्कूल बरौनी का भी निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी के मद्देनजर जिला पदाधिकारी द्वारा लगातार सभी कोषांगों का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जा रहे है ताकि मतदान के लेकर मतगणना तक सभी कार्य सुगम तरीके से किया जा सकें।

## मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी के मार्गदर्शन में श्रीकृष्ण सिंह महिला महाविद्यालय में स्वीप कोषांग, बेगूसराय द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रश्मि कुमारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, श्याम कुमार, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी तथा संजीत कुमार, वित्तीय विशेषज्ञ, डीएचईडब्लू, बेगूसराय उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राओं एवं प्राचार्यों को मतदान की महत्ता से अवगत कराया गया। रश्मि कुमारी ने सभी छात्राओं को आगामी विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने मतदान की प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों का मतदान करना न केवल अधिकार है बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। इस अवसर पर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर बल देते हुए उन्होंने नारा दिया नारी नहीं अब कमजोर, मतदान में ले रही है जोर।कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया, जिसमें छात्राओं ने भी लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय भागीदारी का युवा शक्ति का नारा है। मतदान हमारा अधिकार है के नारे के साथ संकल्प लिया।

## जिलेभर में प्रत्याशियों ने किया नामांकन









नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** मटिहानी विधानसभा क्षेत्र से गुरुवार को महागठबंधन एवं एनडीए प्रत्याशियों ने नामांकन परचा दाखिल किया। जिसमे राजद प्रत्याशी नरेंद्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह ने नामांकन किया। वही एनडीए गठंबंधन से जदयू उम्मीदवार राजकुमार सिंह ने अपना नामांकन परचा जमा किया। इनके साथ केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने मटिहानी की जागरूक जनता, पार्टी नेतृत्व, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इधर बेगूसराय विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अमिता भूषण ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। कांग्रेस प्रत्याशी अमिता भूषण आज नामांकन के लिए हजारों समर्थकों के साथ रवाना हुए। इस दौरान पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सदर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी उम्मीदवार डा. मीरा सिंह ने भी अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इधर तेघरा अनुमंडल निर्वाचन कार्यालय में गुरुवार को सभी दल मिलकर 8 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। जिसमें तेघरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रजनीश कुमार, भाकपा उम्मीदवार राम रतन सिंह, निर्दलीय सह जनशक्ति पार्टी समर्थित उम्मीदवार चंद्र प्रकाश सिंह एवं जनसुराज पार्टी से डा. आर एन सिंह शामिल थे। वही बछवारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सुरेंद्र मेहता भाकपा उम्मीदवार अवधेश राय, कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार गरीबदास एवं निर्दलीय प्रत्याशी राजाराम ने अपना नामांकन दाखिल किया।

## जीविका ने आयोजित की मेहंदी प्रतियोगिता

### मतदान के लिए किया गया प्रेरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** राधिका महिला जीविका ग्राम संगठन समसा, शीतल महिला जीविका ग्राम संगठन रजाकपुर, परी महिला जीविका ग्राम संगठन पहसारा पश्चिमी, की जीविका दीदियों ने स्वीप कार्यक्रम के तहत मेंहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दीदियों ने मतदान संबंधित स्लोगन को अपनी हथेलियों पर रचकर मतदाताओं को जागरूक किया साथ ही अपने अपने पोषक क्षेत्र में छोड़ छाड़ कर अपने काम, पहले चलों करो मतदान, जो बांटे साड़ी, दारू मुर्गी और नोट, उसको हम कभी न देगें अपना वोट, जीविका दीदियों का एक आह्वान, सभी मिलकर करें मतदान आदि स्लोगन के साथ मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। सीएलएफ पर शपथग्रह्ला समारोह का भी आयोजन किया गया। लोकतंत्र में आस्था रखते हुए स्वयं तथा अपने आसपास के मतदाताओं से मतदान करने के लिए प्रेरित कर मतदान केंद्र पर मताधिकार का प्रयोग कराने की शपथ ली। मौके पर सामुदायिक समन्वयक विकास कुमार, रोहित कुमार, दुलारचंद राम, संगीता कुमारी, निर्मला कुमारी, काजल कुमारी, सुशीला कुमारी सहित कई जीविका दीदियों ने हिस्सा लिया।

## तथागत हर्षवर्धन ने जनसुराज पार्टी से किया नामांकन, किला मैदान में हुआ कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** जनसुराज पार्टी के प्रत्याशी तथागत हर्षवर्धन ने गुरुवार को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन से पूर्व शहर के ऐतिहासिक किला मैदान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी देखी गई। तथागत हर्षवर्धन, पूर्व केंद्रीय मंत्री के. के. तिवारी के पुत्र हैं, और राजनीतिक अनुभव के साथ-साथ युवा जोश के प्रतीक माने जा रहे हैं। नामांकन के बाद उन्होंने कहा कि मैं जनसुराज पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों से प्रभावित होकर राजनीति में सक्रिय हुआ हूं। मेरा लक्ष्य है पारदर्शिता, विकास और जनहित को प्राथमिकता देना। कार्यक्रम में कई स्थानीय नेता, बुद्धिजीवी और समाजसेवी भी शामिल हुए। जनसुराज पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने तथागत के समर्थन में सभा को संबोधित किया और उन्हें जनता का व्यापक समर्थन मिलने का विश्वास जताया। जनसुराज के वरिष्ठ नेता बजरंगी मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तथागत हर्षवर्धन जैसे शिक्षित और जनसमर्पित युवाओं की राजनीति में भागीदारी आज की जरूरत है।

## कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना तिवारी का स्वागत, जीत का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में गुरुवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बक्सर विधानसभा सीट से महागठबंधन के प्रत्याशी संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने की। उन्होंने मुन्ना तिवारी को फूल-मालाओं और अंगवस्त्र से सम्मानित किया। अपने संबोधन में डॉ. पांडे ने कहा कि पिछले दस वर्षों में विधायक मुन्ना तिवारी ने जो कार्य किए हैं, वे सराहनीय हैं और जनता में उनका मजबूत आधार है। उन्होंने विश्वास जताया कि विधानसभा चुनाव में मुन्ना तिवारी रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज कर बक्सर के अधूरे कार्यों को पूरा करेंगे। डॉ. पांडे ने आगे कहा कि महागठबंधन की तीसरी बार ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित है। सभी गठबंधन दल एकजुट होकर बिहार और विशेष रूप से बक्सर के विकास के लिए काम करेंगे। उन्होंने सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ कड़ा संदेश देते हुए कहा कि बक्सर की भगवान रूपी जनता बाहरी ताकतों को नकार रही है और अपने माटी के सपूत मुन्ना तिवारी को भारी समर्थन दे रही है।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल

***Name of the Election** : बिहार विधान सभा

**Name of State/UT** : बिहार

**(1)** Name of Constituency : 167, सूर्यगढ़ा

Name of the candidate : प्रेमसागर चौधरी

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | (1) वैध आदेश की अवज्ञा (1) आर्म एक्ट |
| | b. | Case no. | (1) कांड संख्या जीरो 1104/07ए 444/07 थाना लखीसराय राज्य बिहार, धारा-341, 323, 324, 504, 34 आईपीसी (2) कांड सं०-290/24, थाना-लखीसराय, जिला-लखीसराय राज्य बिहार, धारा-188/171एफ/508/34, आईपीसी 25(1-बी)/26/27/35 आर्म्स एक्ट |
| | c. | Name of the Court | (1) न्यायालय सीजेएम (2) न्यायालय सीजेएम |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications. achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है, इनकी शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित

**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल

***Name of the Election** : बिहार विधान सभा

**Name of State/UT** : बिहार

**(1)** Name of Constituency : 79, गौड़ा बौराम

Name of the candidate : अफजल अली खाँ

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | (1) आर्म्स एक्ट (2) स्वेच्छा से चोट पहुंचाना |
| | b. | Case no. | (1) जमालपुर थाना काण्ड सं०-61/10, धारा-147, 148, 341, 323, 504 भा.द.वि. आर्म्स एक्ट (2) जमालपुर थाना काण्ड सं०-84/19, धारा-341, 323, 504/34 भा.द.वि, |
| | c. | Name of the Court | (1) ACJM-I Bisaul (2) ACJM-II Bisaul |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications. achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है, इनकी शैक्षणिक योग्यता एमबीए है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित


## एक नजर

### नशे की हालत में उत्पात मचाते धराए

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के पहसारा से पुलिस ने उत्पात करते एक नशेड़ी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी गोपाल सिंह का पुत्र ऋतु रंजन कुमार है। वह नशे की हालत में पहसारा में उत्पात कर रहा था। इसकी सूचना ग्रामीण ने पुलिस अधिकारी को दी। गश्ती में लगे पुलिस अधिकारी सूचना स्थल पर पहुंच कर हिरासत में ले लिया। ब्रेथ एनालाइजर से जांच के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत सूचना दर्ज कर उसे न्यायालय में उपस्थापित किया गया। इस गिरफ्तारी में एस आई बिपिन कुमार ओझा तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### महेशवाड़ा में निकाला फ्लैग मार्च

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर एस आई रंजीत कुमार के नेतृत्व में पारा मिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया गया। थाने के महेशवाड़ा, पहसारा पंचायत के महेशवाड़ा, बभनगामा, रमौली,नौलखा, पहसारा आदि गांवों में फ्लैग मार्च कर मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की भी अपील की।मतदाताओं को डराने, धमकाने शरारत करने वाले तथा मतदान में खलल डालने वाले पर पैनी नजर रखी जा रही है। इन तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस क्रम में वांछित, वारंटी की गिरफ्तारी हेतु सघन छापेमारी भी की गई।

### सीओ से लगाई गुहार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** महेशवाड़ा पंचायत के बभनगामा के योगेन्द्र सहनी ने लिखित आवेदन सीओ सहित अन्य पदाधिकारी को देकर उजड़ने से बचाने की गुहार लगाई है। योगेन्द्र सहनी ने बताया कि बभनगामा मौजे के खाता संख्या 126 खेसरा संख्या 760 के तहत रामाशीष सिंह से 1 कठ्ठा 1 धूर साढ़े 11 धूर जमीन रजिस्ट्री संख्या 3523, 3524 के तहत 1993 में उसके पिता विष्णु देव सहनी ने रजिस्ट्री कराई। मैं भूमिहीन हूँ तथा उक्त जमीन पर पांच भाई अपना अपना घर निर्माण कर 32 वर्षो से शांतिपूर्ण तरीके से रह रहे हैं। उक्त खाता,खेसरा की जमीन गाँव के दबंगों के द्वारा 10 धूर जमीन रामाशीष सिंह के पुत्र कन्हैया कुमार से अक्टूबर 2025 में बिकी हुई जमीन का ही विषहरी मंदिर के नाम से दुबारा रजिस्ट्री करा लिया गया है। रजिस्ट्री के बाद केवालादारो द्वारा उन्हें बसे हुए स्थान से उजाड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने पदाधिकारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# भाजपा से रणविजय समेत सात उम्मीदवारों ने किया नामांकन

## आम जनता का विश्वास ही मेरी ताकत : डॉ. रणविजय शर्मा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/हसपुरा।** बिहार विधानसभा के दूसरे चरण में होने वाले चुनाव के लिए औरंगाबाद जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों से नामांकन प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को गोह विधानसभा से भाजपा के रणविजय सिंह, औरंगाबाद से अखिल हिंद फॉरवर्ड ब्लॉक क्रांतिकारी के विनय कुमार सिंह एवं राजपा से नेहा कुमारी सिंह ने नामांकन पर्चा भरा। वहीं नवीनगर से स्वराज पार्टी से अजय भुइयां ने नामांकन पर्चा भरा। वहीं आज 17 अक्टूबर को कई दलीय प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए जाने का कार्यक्रम है। हसपुरा संवाददाता के अनुसार नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन दाउदनगर अनुमंडल क्षेत्र के गोह विधानसभा से चार उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। गोह के निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन के समक्ष इन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा भरा। गोह से नामांकन करने वालों में भाजपा के डॉ. रणविजय शर्मा, बहुजन समाज पार्टी के संजय प्रसाद, जन सुराज पार्टी के सीताराम दुखारी और सोशलिस्ट पार्टी इंडिया के अरुण कुमार अमर शामिल हैं। इस प्रकार अब तक गोह विधानसभा क्षेत्र से कुल पांच उम्मीदवार नामांकन कर चुके हैं। वहीं ओबरा विधानसभा क्षेत्र से चौथे दिन भी किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। अनुमंडल कार्यालय परिसर में प्रत्याशियों के समर्थकों की काफी भीड़ देखी गई। नजारत शाखा से गुरुवार को छह संभावित उम्मीदवारों ने नामांकन हेतु एनआर कटवाया। इनमें गोह से दो सोनू कुमार और गुड्डू राजवंशी तथा ओबरा से चार शिवनाथ साव, संजय कुमार, हरिसंत कुमार और उदय नारायण राजभर शामिल हैं। अब तक गोह से 11 लोगों ने एनआर कटवाया है जिनमें से पांच उम्मीदवार नामांकन कर चुके हैं। नामांकन के बाद भाजपा प्रत्याशी डॉ. रणविजय शर्मा ने कहा कि वे गोह के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने दावा किया कि एनडीए गठबंधन को मगध क्षेत्र और औरंगाबाद जिले की सभी छह सीटों पर विजय मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। लंबे समय से जनसेवा की राजनीति से जुड़ा हूं। मेरी प्राथमिकता क्षेत्र के विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च मानना है। मैं राजनीति को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम मानता हूं। जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी सीताराम दुखारी ने कहा कि उन्होंने जीवनभर समाजसेवा को समर्पित किया है। गरीबों और वंचितों की सेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य रहा है। उन्होंने कहा, हमसे बड़ा दल कौन है, जनता ही हमारी ताकत है।



# नवीनगर में एनडीए के बाहरी प्रत्याशी को लेकर मचा घमासान

## कार्यकर्ताओं ने दी जमानत जब्त कराने की धमकी, कहा-हार तय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एनडीए द्वारा औरंगाबाद जिले की छह विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा के साथ जहां एक ओर सियासी तस्वीर साफ होती दिख रही है, वहीं नवीनगर सीट पर जदयू उम्मीदवार चेतन आनन्द को लेकर अंदरूनी विरोध खुलकर सामने आ गया है। स्थानीय कार्यकर्ताओं और मतदाताओं ने 'बाहरी प्रत्याशी' बताकर चेतन आनन्द के खिलाफ नाराज़गी जताई है और उनकी जमानत जब्त कराने की धमकी तक दे डाली है। जदयू ने इस बार नवीनगर से पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह का टिकट काटकर चेतन आनन्द को उम्मीदवार बनाया है। चेतन, पूर्व सांसद आनन्द मोहन और पूर्व विधायक लवली आनन्द के पुत्र हैं। पार्टी नेतृत्व ने उनके परिवार के सामाजिक प्रभाव और स्वजातीय समीकरणों को देखते हुए उन पर दांव लगाया है। उल्लेखनीय है कि चेतन की मां लवली आनन्द 1997 में नवीनगर से विधायक रह चुकी हैं। इस निर्णय से पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह के समर्थक गहरे असंतोष में हैं। वीरेंद्र सिंह न केवल इस क्षेत्र के पुराने और प्रभावशाली नेता हैं बल्कि वे 1996 में औरंगाबाद से सांसद रह चुके हैं और 1995, 2010 तथा 2015 में नवीनगर से जदयू के टिकट पर जीत भी दर्ज कर चुके हैं। उनके समर्थकों का कहना है कि पार्टी ने स्थानीय भावनाओं की अनदेखी कर बाहरी उम्मीदवार थोप दिया है। नवीनगर में कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया जबकि कुछ पंचायतों में बैठकें कर यह तय किया गया कि अगर पार्टी ने निर्णय वापस नहीं लिया तो चेतन आनन्द की जमानत जब्त कराई जाएगी। इसके पहले पटना में भी पार्टी कार्यालय और मुख्यमंत्री निवास के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया था। उधर, जदयू नेतृत्व ने इन नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने की कवायद शुरू कर दी है लेकिन स्थिति अभी नियंत्रण में नहीं आई है। स्थानीय राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि अगर बगावत की यह चिंगारी समय रहते नहीं बुझाई गई तो यह सीट एनडीए के लिए मुश्किल साबित हो सकती है। हालांकि नवीनगर में जारी अंदरूनी कलह से यह सवाल जरूर उठने लगा है कि क्या एनडीए अपने ही कार्यकर्ताओं की नाराजगी शांत कर पाएगा या यह विरोध चुनावी समीकरण बिगाड़ देगा।

# मेहंदी एवं रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आम निर्वाचन के अवसर पर दाउदनगर में आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा ग्रामीण जनता को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने हेतु मेहंदी और रंगोली कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह पहल स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत की गई। कार्यक्रम के दौरान सेविकाओं ने रंगोली और मेहंदी के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश फैलाया और ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे आगामी 11 नवंबर को मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। कार्यक्रम में जीविका दीदी द्वारा मेहंदी का डिजाइन तथा रंगोली बनाकर मतदान के प्रति महिलाओं को जागरूक किया गया। कहा कि प्रतिभागियों ने चुनावी भागीदारी, नागरिक कर्तव्य और लोकतांत्रिक सिद्धांतों का प्रतिनिधित्व करने वाले सिद्धांतों के साथ अपने मेहंदी डिजाइनों को शामिल किया है।

# लोकतंत्र के महापर्व में सभी की भागीदारी अनिवार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल, निष्पक्ष एवं शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिले में मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला दंडाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन जिले के सभी कोटि के महाविद्यालय एवं विद्यालयों में किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों तथा युवा समूहों के प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह एवं रचनात्मकता के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य अधिकाधिक मतदाताओं, विशेषकर प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं में मतदान के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना एवं उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना था। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगे पोस्टर, आकर्षक चित्रों एवं सशक्त नारों के माध्यम से मतदाता जागरूकता के विविध संदेश प्रस्तुत किए। मेरा वोट, मेरा अधिकार, पहले मतदान, फिर जलपान, लोकतंत्र का पर्व, सबका कर्तव्य, एक वोट, एक जिम्मेदारी जैसे संदेशों से पूरा परिसर गूंज उठा। प्रतिभागियों ने अपने सृजन से यह संदेश दिया कि प्रत्येक नागरिक का मत लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है और सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्वीप की नोडल पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताए न केवल युवाओं में मतदान के प्रति उत्साह बढ़ाती हैं बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक संदेश प्रसारित करती हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के प्रत्येक पंचायत, विद्यालय एवं समुदाय तक मतदाता जागरूकता की श्रृंखला को पहुंचाया जा रहा है ताकि 11 नवंबर 2025 को होने वाले मतदान में सभी पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। स्वीप कोषांग के सहायक नोडल पदाधिकारी अंतरा कुमारी ने प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे निर्भीक, निष्पक्ष एवं प्रलोभनमुक्त होकर मतदान करें ताकि एक सशक्त लोकतंत्र की स्थापना हो सके। जिला प्रशासन ने यह भी संदेश दिया कि हर मतदाता की सहभागिता, लोकतंत्र की मजबूती की गारंटी है और प्रत्येक मतदाता को यह संकल्प लेना चाहिए कि 11 नवंबर को वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करेंगे।




# अनियंत्रित बाइक से गिरकर युवक जख्मी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** फेसर थाना क्षेत्र के नौगढ़ के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरा धान की खेत में चला गया। इस घटना में बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान नवीनगर प्रखंड के पिपरा गांव निवासी मृत्युंजय कुमार सिंह के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्युंजय ने बताया कि वह अपने घर से बाइक पर सवार होकर फ़ेसर थाना क्षेत्र के नौगढ़ गांव ससुराल गया था। ससुराल में उसकी कुछ बातों को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद वह अपने ससुराल से बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह ससुराल से निकला तभी उसकी बाइक अनियंत्रित हो गयी और पेड़ से टकरा गया। इसके बाद वह धान के खेत में गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया।

# आंगनबाड़ी कर्मियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा ग्रामीण जनता को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह पहल स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत की गई। रैली में सेविकाओं ने लोकतंत्र, मतदान और नागरिक जिम्मेदारी के महत्व को समझाया और सभी उपस्थित ग्रामीणों को 11 नवंबर 2025 को मतदान केंद्र पहुंचकर वोट देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कर्मियों ने लोगों को मतदान के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने मौजूद लोगों को क्षेत्र में जाकर जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सेविकाओं एवं सहायिका द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीण जनता ने इस जागरूकता अभियान का उत्साहपूर्वक समर्थन किया और मतदान में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।



# मदाड़ नदी में डूबने से किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** स्नान के दौरान पानी में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के ओरडीहा के समीप मदाड़ नदी की है। मृतक की पहचान उसी गांव निवासी दिलीप मेहता के 12 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक किशोर बुधवार को करीब 11 बजे अपने कुछ साथियों के साथ गांव के पश्चिम मदाड़ नदी में स्नान के लिए गया था। इस दौरान गांव की कुछ महिलाएं व अन्य लोग स्नान करने के साथ कपड़ा भी साफ कर रहे थे। उन्होंने आकाश समेत अन्य बच्चों को स्नान करने से मना किया। इसके बाद सभी बच्चे अपने-अपने घर चले गए लेकिन आकाश वहीं बैठा रहा। आशंका है कि जब सभी लोग वहां से चले तो आकाश नदी में फिर से स्नान करने लगा होगा। बताया जाता है कि आकाश मिर्गी रोग से पीड़ित था। जब वह देर शाम तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसी क्रम में नदी से उसका शव बरामद किया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाना चाहा लेकिन परिजनों ने मना कर दिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि नदी में डूबने से किशोर के मौत की सूचना मिली है। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है।

# बच्चों ने रंगोली बनाकर किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** चुनाव के मद्देनजर मतदान के महत्व को समझाने और मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय बेल्हाड़िया में शिक्षकों के प्रयास से रंगोली कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों द्वारा विद्यालय परिसर में जागरूकता पर आधारित सुंदर रंगोली बनाई। इन रंगोलियों में 'प्राउड टू बी ए वोटर, रेडी टू वोट' जैसे संदेशों को रचनात्मक ढंग से उकेरा गया। बच्चों के इस प्रयास ने सभी उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षिका का ध्यान अपनी ओर खींचा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मिथलेश प्रसाद सिंह ने बच्चों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। उनकी रंगोली न केवल सुंदर है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि लोकतंत्र में हर नागरिक का मत कितना अनमोल है। रंगोली बनाने वाले बच्चों ने उत्साहपूर्वक बताया कि उनका उद्देश्य लोगों को यह याद दिलाना था कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और एक मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में भागीदार बनें। यह पहल आस-पास के लोगों के बीच मतदान के प्रति उत्साह और सकारात्मक चर्चा का विषय बन गई है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अरबिंद कुमार सिंह, नन्दन पाण्डेय, जीतेन्द्र कुमार यादव, रविंद्र प्रसाद पोली, रौनक फ़िरदौस एवं राकेश रौशन उपस्थित रहें।




# दो शराब भट्ठी ध्वस्त

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** सलैया थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र बरियावा स्थित चाल्हो पहाड़ पर शराब के खिलाफ छापेमारी की। थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा के नेतृत्व में सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने शराब निर्माण की सूचना पर छापेमारी की। इस क्रम में दो शराब भट्टी को ध्वस्त करते हुए 2000 लीटर जावा महुआ विनिष्ट किया गया। साथ ही मौके से 105 लीटर महुआ शराब जब्त की गयी। थानाध्यक्ष ने बताया कि विधानसभा चुनाव में शांति सौहार्द बनाये रखने के उद्देश्य से पुलिस का अभियान चल रहा है। शराब धंधेबाजों और शराबियों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि चाल्हो पहाड़ में शराब निर्माण की सूचना मिली थी जिसके बाद कार्रवाई की गयी।

# लोगों से शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील, डीजे पर रहेगा प्रतिबंध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** गुरुवार को ओबरा थाना परिसर में थानाध्यक्ष नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गयी। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, पूजा कमेटी के सदस्यों के साथ-साथ व्यवसायियों की भागीदारी रही। इस दौरान थानाध्यक्ष ने दीपावली, छठ पूजा, गोवर्धन पूजा सहित अन्य त्योहारों में आपसी भाईचारे को बनाये रखने की अपील की। साथ ही बारी-बारी से आम लोगों का मंतव्य लिया। कहा कि यदि किसी तरह की कोई समस्या उत्पन्न होती है, तो इसका निराकरण किया जायेगा। स्पष्ट तौर पर कहा कि पूजा में डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। विधानसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव आयोग से जारी निर्देशों का पालन सभी को करना है। अगर निर्देश की अवहेलना हुई तो कार्रवाई के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि पूजा कमेटी को लाइसेंस लेना अनिवार्य है। क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल तैनाती की गयी है। छठ पर्व पर विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। बैठक में अवर निरीक्षक हर बंधु गिरि, सामाजिक कार्यकर्ता वेद प्रकाश, चंदन कुमार सिंह, पुष्कर अग्रवाल, सहजानंद उर्फ डीकू, नौलेश मिश्रा, सरपंच रविकांत कुमार सिंह, मंटेश भारती, मो जावेद सिद्दीकी, मो नसीम अंसारी, संजय यादव, बैजनाथ सोनी आदि मौजूद थे।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# धीमी चाक पर दम तोड़ रहा कुम्हारों का हुनर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जलाओ दीये पर रहे ध्यान इतना, अंधेरा धरा पर कहीं रह न जाए। रोशनी के पर्व दीपावली से प्रेरित हो इस कविता को रचने वाले कवि को क्या पता था कि वे जिस दीये की बात कर रहे हैं, वह आधुनिक युग में लगभग बाजार से गायब ही हो जाएगा। कहना गलत नहीं होगा जिस मिट्टी के दीये यानी दीपक के बगैर रोशनी के पर्व दीपावली की कल्पना नहीं की जा सकती, बदलते वक्त में उसी के निर्माताओं यानी कुम्हारों के घर में छाया अंधेरा साल-दर-साल बढ़ता जा रहा है। बीते एक-डेढ़ दशक के दौरान ज्यों-ज्यों चीन से आयात होने वाले बिजली के बल्ब व लाइटों का बाजार बढ़ा है त्यों-त्यों दीपक की लौ से होनी वाली रोशनी मंद पड़ती गई है। चाहे वैज्ञानिक युग की मार कहें या फिर आधुनिक युग की चकाचौंध। बीते 10-15 वर्षों के दौरान चाक की धार जितनी कम हुई है, कुम्हारों की परेशानी उतनी ही बढ़ी हैं। लिहाजा कुम्हारों की नई पीढ़ी ने अपने पुश्तैनी कारोबार से करीब-करीब तौबा करने का मन बना लिया है। एक समय था जब लोग कुम्हार के हाथों से बने दीयों को भगवान के सामने जलाकर घरों को रोशन करते थे लेकिन अब आधुनिक सुविधाओं की वजह से लोग परंपराओं को भी भूल चुके हैं। इसका सबसे ज्यादा असर उनकी छजदगी पर पड़ा, जो इसी के जरिए रोजी-रोटी कमा रहे थे। हालात यह हैं आज कुम्हार गुमनामी की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। हाथ से बनाए सामान में उतनी फिनिसिंग नहीं आ पाती है जितनी मशीन से बनी चीजों में होती है। आजकल ग्राहकों को सिर्फ चमकदार सामान ही पसंद आता है। शहर में बचे मिट्टी के एकमात्र शिल्पकार उजागर बताते हैं अगर ऐसे ही हालात रहे तो वह वक्त ज्यादा दूर नहीं है जब कुम्हार की कला विलुप्त हो जाएगी। ऐसा नहीं है केवल मिट्टी की खरीदारी ही कुम्हारों को परेशान किए है। मिट्टी चाक पर चढ़ने के बाद एक रूप तो ले लेती पर उसको पक्का करने के लिए मिट्टी को पकाया जाता है। पहले तो मिट्टी को पकाने के लिए भट्ठी में ईंधन इतना महंगा नहीं था पर अब तो ईंधन ने भी कुम्हारों का दम निकाल दिया है। ईंधन के लिए शहरों में तो लकड़ी मिलना और भी मुश्किल हो जाती है।



# डीडीसी ने किया चेक पोस्ट का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न कराने की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। गुरुवार को डीडीसी अनन्या सिंह ने खिरियावां मोड़ पर स्थित चेक पोस्ट की विधि व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मदनपुर थाना क्षेत्र में स्थापित एसएसटी चेकिंग पॉइंट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चेक पोस्ट पर तैनात टीमों की कार्य प्रणाली को परखा और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य मौजूद थे।